सुप्रभात
रांची, सोमवार
22.01.2024

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

* नगर संस्करण । पेज : 12

khabarmantra.net | आश्विन, शुक्ल पक्ष, द्वादशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 190 | 06 | राम जीवन भी हैं, राम मुक्ति भी हैं

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

# युवा झारखण्ड के बढ़ते कदम...

# रोजगार मेला

## 2500 कौशल प्राप्त युवाओं का ऑफर लेटर वितरण कार्यक्रम



मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

दिनांक - 22 जनवरी 2024

समय - अपराह्न 2 बजे

स्थान - टाना भगत इंडोर स्टेडियम,
खेलगांव, रांची



कौशल प्राप्त युवाओं को रांची के ओरमांझी स्थित कुल्ही इंडस्ट्रियल एरिया में संचालित अरविंद टेक्सटाइल, किशोर एक्सपोर्ट, श्री गणपति क्रिएशन, अर्बन डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड, मैट्रिक्स क्लोथिंग, वेलेंसिया अपैरल्स एवं ओरिएंट क्राफ्ट टेक्सटाइल कंपनियों के लिए ऑफर लेटर सौंपा जायेगा।

### अन्य महत्वपूर्ण बातें

- स्थानीय युवाओं के लिए निजी क्षेत्र में 75 आरक्षण का हुआ प्रावधान।
- पूर्व में आयोजित रोजगार मेलों के अंतर्गत कुल 56 हजार युवाओं को दिया गया ऑफर लेटर।
- पलायन हुआ कम। राज्य में ही मिल रहा युवाओं को रोजगार।
- उद्योगों से विदेशों में प्रोडक्ट्स का हो रहा एक्सपोर्ट।
- वर्तमान में कुल्ही इंडस्ट्रियल एरिया में 10 हजार युवाओं को रोजगार का लाभ। यह संख्या 1 लाख तक ले जाने का संकल्प।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 316713 (IPRD) 23-24

## झामुमो का आरोप : माहौल बिगाड़ने के लिए 500 सीआरपीएफ जवान उतारे गए

# सीआरपीएफ उतार झारखंड में रची गयी थी राष्ट्रपति शासन की साजिश : झामुमो

### झामुमो ने कहा-केंद्र की साजिश को राज्य पुलिस प्रशासन ने किया विफल

### केंद्र सरकार ने 2 हजार पुलिस कर्मियों को सुरक्षा में उतारा

### सीआरपीएफ आइजी की भूमिका की जांच हो, नहीं तो होगा आंदोलन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झामुमो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इडी की पूछताछ के दौरान उतारे गए सीआरपीएफ के जवानों को लेकर हमला बोला है। झामुमो ने गंभीर अरोप लगाते हुए कहा कि एक सोची समझी रणनीति के तहत केंद्र ने तहत राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने साजिश रची थी। झामुमो ने राज्य सरकार से सीआरपीएफ आईजी की भूमिका की जांच की मांग की है, नहीं तो आंदोलन की चेतावनी भी दी है। यह बातें झामुमो केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य और विनोद कुमार पांडेय ने कही। उन्होंने कहा कि इडी के अनुरोध पर ही राज्य सरकार के निर्देश पर रांची जिला प्रशासन ने इडी के अधिकारियों की सुरक्षा, उनके कार्यालय की सुरक्षा, उनके परिवार की सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था संभालने के लिए करीब 2000 पुलिस एवं वरीय दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की थी। इस दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं के द्वारा केंद्र की जांच एजेसियों के पक्षपातपूर्ण कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। इसे देखते हुए पुनः जिला प्रशासन ने सीएम हाउस के 500 मीटर की दूरी पर धारा-144 लगा दी। मगर इसी बीच अचानक सीआरपीएफ के सैकड़ों जवानों को बस में भरकर बिना किसी अनुमति या सूचना के मुख्यमंत्री आवास में प्रवेश कराने का प्रयास किया गया।

**माहौल बिगाड़ने के लिए झामुमो कार्यकर्ताओं से उलझने लगे सीआरपीएफ जवान :** झामुमो नेताओं ने कहा कि एक तो बिना अनुमति या सूचना के सीआरपीएफ के जवानों को उतारा गया। बिना अनुमति या सूचना के सीएम हाउस में प्रवेश करने की कोशिश की गई। इतना ही नहीं सीआरपीएफ जवानों ने झामुमो कार्यकर्ताओं से उलझने का भी प्रयास किया, ताकि महौल को बिगाड़ा जा सके। झामुमो नेताओं ने कहा कि विधि-व्यवस्था के इतने संवेदनशील समय एवं स्थान पर जिला प्रशासन की अनुमति के बिना इतनी बड़ी संख्या में सीआरपीएफ बल का निषिद्ध क्षेत्र में प्रवेश करना गैर-कानूनी है। झामुमो कार्यकर्ताओं ने यदि संयम का परिचय नहीं दिया होता तो हिंसक परिस्थिति उत्पन्न हो सकती थी।

**केंद्र के इशारे पर संघीय ढांचे पर कायराना हमला**

सीआरपीएफ कभी भी जिला प्रशासन के अनुरोध अथवा अनुमति के बिना किसी भी प्रकार की विधि-व्यवस्था का कार्य नहीं कर सकती है। इससे स्पष्ट है कि सीआरपीएफ ने यह कार्रवाई साजिशन केंद्र सरकार के इशारे पर किया, जो राज्य सरकार को अस्थिर करने का प्रयास है तथा संघीय ढांचे पर एक कायराना हमला है।

**आरोप : सीआरपीएफ आइजी साजिश में रहे शामिल**

झामुमो नेताओं ने कहा कि सीआरपीएफ का यह काम एक सोची समझी साजिश के तहत था। जिसमें सीआरपीएफ के आईजी भी शामिल थे, वे चाहते थे कि सीआरपीएफ एवं प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट हो जाये और प्रदर्शनकारी उग्र होकर यदि सीआरपीएफ पर हमला कर दे तो राज्य सरकार पर संवैधानिक तंत्र की विफलता का आरोप लगाया जा सके।

**राज्य सरकार मामले की जांच कराए**

झामुमो ने राज्य सरकार से मांग की है कि सीआरपीएफ आईजी कमांडेट एवं उनके अन्य वरीय पदाधिकारियों पर इस असंवैधानिक कार्य के लिए सख्त कानूनी कारवाई करने और उच्च स्तरीय जांच कराकर साजिश का खुलासा किया जाये, अन्यथा झामुमो आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## सीआरपीएफ वाले बयान पर भाजपा का पलटवार

# हजारों झामुमो कार्यकर्ता तीर-धनुष और हथियार के साथ कैसे पहुंच गये: भाजपा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो के सीआरपीएफ वाले बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि बीते कल ऐसा लग रहा था कि झामुमो का शीर्ष नेतृत्व कार्यकर्ताओं से हिंसा तक करवा देंगे। उन्होंने कहा कि धारा 144 लगे होने के बावजूद मुख्यमंत्री के आह्वान पर झामुमो के 10,000 कार्यकर्ता तीर-धनुष और हथियार लेकर मुख्यमंत्री के घर के पास पहुंच गये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इन कार्यकर्ताओं के जरिए क्या देश की न्यायिक व्यवस्था, न्यायाधीशों, केंद्रीय एजेंसी या देश के संविधान को डराना चाह रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास के पास जब धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू थी, तो उसके बाद झामुमो के हजारों कार्यकर्ताओं को प्रशासन ने कैसे हथियार के साथ जाने की अनुमति दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास में विधायकों और मंत्रियों का भी बिना बात का जमावड़ा लगा रहा। उन्होंने कहा कि लगातार सारे टीवी चैनलों में झामुमो नेताओं और कार्यकर्ताओं का ईडी के अधिकारियों पर हमला और सेंदरा करने का आह्वान दिखता रहा। जब ईडी के अधिकारी जा रहे थे तो झामुमो के नेता और कार्यकर्ता भड़काऊ नारे लगाते दिखे। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि एक समय तो स्थिति इतनी तनाव पूर्ण हो गई थी कि मानों ईडी के अधिकारियों के साथ अप्रिय घटना हो सकती है। प्रतुल ने कहा कि कि पूछताछ के दौरान जिस तरीके से झामुमो कार्यकर्ताओं ने भड़काऊ नारे लगाए, धारा 144 का उल्लंघन किया।

# भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने प्रधानमंत्री मोदी से एचईसी को पुनर्जीवित करने की अपील की





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने प्रधानमंत्री को एचईसी रांची को को पुर्नजीवित करने का अनुरोध किया है। एचईसी कर्मियों के वेतन के भुगतान के संबंध में भी पत्र लिखा है। इस पत्र की प्रति रक्षा मंत्री, भारी उद्योग मंत्री, वित्त मंत्री, श्रम मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री (भारत सरकार) तथा मुख्यमंत्री (झारखंड) एवं झारखंड के राज्यपाल को भी भेजी है। पत्र में मोर्चा ने कहा है कि रांची में स्थापित भारी अभियंत्रण निगम (एचईसी) विश्व के सबसे बड़े कारखानों में से एक है। एचईसी के द्वारा निर्मित कई सार्वजनिक एवं निजी कारखाने आज भारत की अर्थव्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। एचईसी झारखण्ड ही नहीं, भारत का भी गौरव है। विगत वर्षों में इसने इसरो, रक्षा, कोयला एवं रेल मंत्रालय के कई महत्वपूर्ण उपकरणों का निर्माण किया है, जिसका अन्य किसी कारखानों में निर्माण नहीं हो सकता था। मोर्चा के मुताबिक वर्तमान में इसकी अनेक इकाईयां बंद पड़ी हुई है। 20 माह से वेतन नहीं मिलने के कारण विगत कई दिनों से कर्मियों की हड़ताल के कारण यह कारखाना बंद पड़ा है। इसके मुख्य द्वार के सामने ही कर्मी सपरिवार हड़ताल कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि एचईसी के पास वर्तमान में कायार्देश की कमी है। भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय एवं अन्य सार्वजनिक उपक्रमों एवं निजी संस्थानों का कार्यदेश एचईसी के पास है। परंतु कार्यशील पूंजी के अभाव में यह लंबित है। समय पर कायार्देश पूरा नहीं होने से एचईसी प्रबंधन, झारखण्ड राज्य एवं भारी उद्योग मंत्रालय के साख पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा।

पीएम से आग्रह करते भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने कहा है कि एचईसी को कार्यशील पूंजी हेतु 100 करोड़ अग्रिम राशि की व्यवस्था, एचईसी कर्मियों को अविलंब वेतनादि का भुगतान, उनके स्वास्थ्य बीमा को तुरंत लागू किये जाने हेतु संबंधित विभागों को यथाशीघ्र आदेश दिया जाय।

# मोदी सरकार की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण : बाबूलाल मरांडी

### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- प्रवक्ता की टीम मुद्दों को बनायें धारदार, नव नियुक्त मीडिया एवं प्रवक्ताओं की परिचयात्मक बैठक




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रवक्ता की टीम मुद्दों को धारदार बनाये। श्री मरांडी रविवार को नव नियुक्त मीडिया एवं प्रवक्ताओं की परिचयात्मक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की उपलब्धियों एवं हेमंत सरकार की नाकामियों को जन जन तक पहुंचाने में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रवक्ता पार्टी का प्रतिबिंब होता है। यह आइना भी होता है, जिसमे पार्टी का चेहरा दिखता है। उन्होंने कहा कि ऐसी जिम्मेवारी है जिसके माध्यम से पार्टी की उपलब्धियां और विपक्ष की नाकामियों को जन जन तक पहुंचाया जाता है। उन्होंने कहा कि आज मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं से देश के हर तबके की सेवा हुई है। जनता इसे नजदीक से महसूस कर रही है। वहीं, राज्य सरकार की नाकामियों से भी जनता त्रस्त है और हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश में है। इस अवसर पर मीडिया एवम प्रवक्ताओं की टीम को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मीडिया एवं प्रवक्ताओं की टीम पार्टी का एक महत्वपूर्ण अंग है। इस अंग की सक्रियता से पार्टी की सक्रियता दिखाई पड़ती है। उन्होंने कहा कि जनता आज भाषणों पर नहीं तथ्यों और आंकड़ों पर भरोसा करती है। अब सवाल जवाब थोथी दलीलों से नहीं साक्ष्यों और प्रमाणों से प्रभावी बनते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के पास मोदी सरकार की उपलब्धियों के आंकड़े है। साथ ही, हेमंत सरकार की नाकामियों के भी दस्तावेज हैं। इसमें प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाईक, प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, राफिया नाज, कुणाल षड़ंगी, रमाकांत महतो, डॉ अरुण उरांव, जेबी तुबिद, विनय कुमार सिंह, अविनेश कुमार सिंह उपस्थित थे। मंच संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने किया।

# सहायक शिक्षक की तर्ज पर झारखंड में जल्द बहाल किये जायेंगे उर्दू शिक्षक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में बहुत जल्द उर्दू शिक्षकों की बहाली होने जा रही है। अब झारखंड में भी कम वेतनमान में उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति होगी। इसे लेकर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने तैयारी भी शुरू कर दी है। उर्दू शिक्षकों के पद भी सहायक शिक्षक की तर्ज पर बनाया जाएंगे। मालूम हो कि राज्य सरकार ने प्राथमिक स्कूल में उर्दू टीचरों के वर्तमान में स्वीकृत कुल पदों में उन पदों को सहायक शिक्षक के वेतनमान में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है, जो फिलहाल खाली है। प्राथमिक स्कूल में कुल 4,401 पद उर्दू शिक्षकों के लिए स्वीकृत हैं। इसमें फिलहाल 730 सहायक शिक्षक वर्तमान में कार्यरत हैं। अब इंटर प्रशिक्षित उर्दू शिक्षकों के पदों को डाइंग पोस्ट घोषित करते हुए राज्य सरकार के द्वारा खाली स्थानों पर नियुक्ति नहीं करने का फैसला किया गया है। वहीं दूसरी ओर, अब जरूरत के हिसाब से सहायक शिक्षक के वेतनमान में उर्दू शिक्षकों के नए पद बनाये जाएंगे।

बताते चलें कि झारखंड के 510 उत्क्रमित प्लस टू हाई स्कूलों में 1,033 पद स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों के लिए बनाया जा रहे हैं। इनमें उर्दू स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों के लिए 92 पद हैं। इस पर प्रशासकीय पदवर्ग समिति की स्वीकृति लेने की कार्रवाई चल रही है। वहीं, उर्दू शिक्षकों के पद को समाप्त करने का जमकर विरोध किया जा रहा है। विरोध में कहा जा रहा है कि प्राथमिक स्कूल में 4,401 उर्दू शिक्षकों के पद है। लेकिन, सरकार के द्वारा इसे कभी भरा ही नहीं गया। इन पदों को अब खत्म करने की कोशिश की जा रही है, जबकि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को पद समाप्त होने के विरोध में कई ज्ञापन सौपे गए हैं।

### दिसंबर का मानदेय नहीं मिलने से बीआरपी-सीआरपी परेशान

**रांची।** झारखंड में बीआरपी-सीआरपी को दिसंबर माह का मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। इससे उनके सामने आर्थिक तंगी की स्थिति बन गयी है। बीआरपी सीआरपी से संघ के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद एवं मीडिया प्रभारी रविंद्र ठाकुर ने कहा है कि समय पर मानदेय नहीं मिलने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मानदेय को लेकर संघ की ओर से झारखंड शिक्षा परियोजना के पदाधिकारी को ध्यान आकृष्ट कराया गया है। इसके बाद भी मानदेय अभी तक नहीं मिला। पूर्व में भी समय पर मानदेय नहीं दिया जाता रहा है। इसके लिए बार-बार आग्रह किया जाता रहता है। बीआरपी सीआरपी18 वर्षो से अल्प मानदेय पर कार्य करते आ रहे है। बावजूद इसके अधिकारी उन्हें मानदेय को परेशान करते रहते हैं। उन्होंने एसपीडी जेईपीसी से अविलंब मानदेय भुगतान की मांग की है।

# 2023 बैच के ट्रेनी आइएएस ने सीएमपीडीआई का किया दौरा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2023 बैच के 18 प्रशिक्षुओं ने सीएमपीडीआई का दौरा किया। इस क्रम में कंपनी के भूविज्ञान संग्रहालय को देखा। रांची मुख्यालय में सीएमपीडीआई टीम के साथ बातचीत भी की। भारत दर्शन कार्यक्रम के प्रथम चरण के हिस्से के रूप में आईएएस के प्रशिक्षु यहां आए थे।

इंटरएक्टिव सत्र में भारतीय प्रशासनिक सेवा प्रशिक्षुओं ने राष्ट्र के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्ति करने में सीएमपीडीआई और कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जाना। सतत विकास, अनुसंधान एवं विकास, स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण, सीएसआर पहल आदि एवं कोयला खनन से जुड़ी विभिन्न प्रौद्योगिकियों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सीएमपीडीआई द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं से भी स्वयं को परिचित किया।

भूविज्ञान संग्रहालय के माध्यम से सभी भूवैज्ञानिक संरचनाओं, भू-आकृतियों आदि, आभासी वास्तविकता (वर्चुअल रियलिटी) और संवर्द्धित वास्तविकता (आगमेंटेड रियलिटी) का अनुभव, भूमिगत एवं खुली खदान खनन संचालन, होलोग्राम छवियों के विभिन्न नमूने और रानीगंज दुर्घटना में उपयोग में लाए गए मूल महाबीर कैप्सूल का अवलोकन कर व्यावहारिक ज्ञान से अवगत हुए।

इस मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी), महाप्रबंधक (टीएस/पीआर) संजय कुमार दुबे, संस्थान के महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष द्वारा प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा उठाए गए प्रश्नों के जवाब दिये।

# अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर झारखंड में अलर्ट जारी

### संवेदनशील इलाकों पर पैनी नजर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर झारखंड में अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों को मुस्तैद होने का निर्देश दिया है। हर तरफ सुरक्षा का कड़े प्रबंध किया गया है। भगवान राम के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर झारखंड अलर्ट मोड पर है। जगह-जगह पर पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। इधर रविवार को हजारीबाग, धनबाद समेत तीन जिलों में छिटपुट घटनाएं होने के बाद गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग और सचेत हो गया। डीजीपी अजय कुमार सिंह और गृह सचिव अविनाश कुमार रविवार शाम पांच बजे राज्य के सभी जिलों के डीसी और एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्य में घटित घटनाओं को लेकर और उसके निवारक उपायों या आगे की जाने वाली कार्रवाई पर चर्चा की। गृह सचिव ने पुलिस अधिकारियों को आदेश जारी किया है।

**डीसी-एसपी घटना की जानकारी तुरंत डीजीपी-गृह सचिव को दें:** गृह सचिव द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कुछ जिलों से छिटपुट घटनाओं की सूचना मिली है, जिनमें सांप्रदायिक रंग भी शामिल है। सभी को निर्देशित किया जाता है कि संयुक्त रूप से हर थाना क्षेत्र की स्थिति का जायजा लें और माहौल बिगड़ने पर किस तरह से उसे काबू करना है, इसपर विशेष ध्यान दें। गृह सचिव ने इस तरह की घटनाओं की सूचना तुरंत व्हाट्सएप या किसी अन्य माध्यम से मुख्यालय, डीजीपी, गृह सचिव और सीएस को देने को कहा है। अप्रिय घटनाएं होने पर सख्ती से निपटने को कहा गया है।

## त्रिपुरा, मेघालय एवं मणिपुर के राज्य स्थापना दिवस पर कहा- हम सब एक हैं और एक रहेंगे

# 2047 तक विकसित भारत बनाने में पूर्वोत्तर के लोग भी प्रतिबद्ध होकर दें योगदान : राज्यपाल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में हर किसी को प्रतिबद्धता के साथ प्रयास करने की अपील की है। रविवार को राज भवन, रांची में संयुक्त रूप से पोंगल, सोहराई एवं टुसु पर्व के साथ-साथ त्रिपुरा, मेघालय एवं मणिपुर के राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा देश विविधताओं से भरा है लेकिन विविधता में एकता है। हम सब एक हैं और एक रहेंगे। भारत के विभिन्न प्रदेशों में मनाए जाने वाले पर्व, त्योहार एवं उत्सव की अवधारणा एवं उद्देश्यों में भी समानता है। पोंगल पर्व फसल पैदावार वाले के लिए प्रकृति, किसान एवं पशु के प्रति आभार प्रकट करने का पर्व है। हमारे किसान बिना किसी लोभ-लालच के सूर्य की भांति नियत समय पर खेत की ओर निकाल जाते हैं। उन्होंने कहा कि सोहराई एवं टुसु पर्व के केंद्र बिंदु में भी प्रकृति, कृषि एवं पशु की पूजा ही हैं, जो हमारे जीवन के आधार हैं।

राज्यपाल ने कहा कि त्रिपुरा, मेघालय एवं मणिपुर प्रकृति के गोद में बसे हैं। इनका गौरवशाली इतिहास रहा है एवं गरिमामयी विरासत रही है। ये सांकृतिक विविधताओं से भरे पड़े हैं। प्रधानमंत्रीजी के एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत हम एक दूसरे के संस्कृति से अवगत हो रहे हैं। आपसी सौहार्द्र एवं समन्वय की भावना भी प्रगाढ़ हो रही है। राज्यपाल ने देश के विकास के लिए सभी से साथ मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि हम सब विकसित भारत@2047 में प्रतिबद्ध होकर अपना योगदान दें। मौके पर विभिन्न प्रदेशों के लोगों द्वारा लोक नृत्य एवं गीत की प्रस्तुति भी की गयी। राज्यपाल इस समारोह के पूर्व राज भवन के मूर्ति गार्डेन में आयोजित पोंगल उत्सव में सम्मिलित हुए एवं पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने सभी के सुख समृद्धि की कामना की।

# राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को राजनीतिक एजेंडा न बनाया जाए: माकपा

### माकपा सभी धर्मों के प्रति आदर और सम्मान की भावना का करती है पालन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अयोध्या में बन रहे मंदिर में राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूरी तरह धार्मिक अनुष्ठान है। इसे राजकीय आयोजन में तब्दील करना हमारे संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र और अनुच्छेद 25, 26 और 27 के खिलाफ है। माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि इसमें उल्लेखित है कि राज्य विभिन्न धर्मों को मानने वाले अपने नागरिकों को इजाजत देता है कि वे अपने-अपने धर्म का पालन करें, लेकिन राज्य का अपना कोई धर्म नहीं होगा। वह धर्म के प्रति निरपेक्ष होगा।

राज्य सचिव ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र और राज्य सरकारें इस धार्मिक आयोजन में कार्यपालिका का इस्तेमाल कर और प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग कर इसे आगामी संसदीय चुनाव का राजनीतिक एजेंडा बनाने की कोशिश कर रही है। इसलिए केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा 22 जनवरी को पूरे देश में बैंकों और बीमा क्षेत्र सहित सभी प्रतिष्ठानों में आधे दिन के अवकाश की घोषणा किए जाने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा है कि माकपा सभी धर्मों के प्रति आदर और सम्मान की भावना का पालन करती है। माकपा की स्पष्ट समझ है कि धर्म नितांत एक व्यक्तिगत आस्था का मामला है और इसमें राजनीति की मिलावट नहीं होनी चाहिए।

### फुट ओवर ब्रिज निर्माण कार्य को लेकर ट्रेनों के प्रस्थान समय में परिवर्तन

**रांची।** मुरी-कोटशिला रेलखंड के अंतर्गत फुट ओवर ब्रिज निर्माण कार्य हो रहा है। इसे लेकर ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इसके मद्देनजर कई ट्रेनों के प्रस्थान समय में परिवर्तन किया गया है। ट्रेन संख्या 13351 धनबाद-अल्लापुझा एक्सप्रेस यात्रा प्रारंभ 22 जनवरी, 2024 को अपने निर्धारित प्रस्थान समय से 1 घंटे 30 मिनट विलंब से धनबाद से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 13503 वर्द्धमान-हटिया एक्सप्रेस यात्रा प्रारंभ 22 जनवरी, 2024 को अपने निर्धारित प्रस्थान समय से 1 घंटे विलंब से वर्द्धमान से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 13320 रांची-दुमका एक्सप्रेस यात्रा प्रारंभ 22 जनवरी 2024 को अपने निर्धारित प्रस्थान समय से 30 मिनट विलंब से रांची से प्रस्थान करेगी।

सुप्रभात
रांची, सोमवार
22.01.2024
नगर संस्करण । पेज : 12
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
khabarmantra.net आश्विन, शुक्ल पक्ष, द्वादशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 190 06 राम जीवन भी हैं और राम मुक्ति भी हैं



## आज का राशिफल
### 22 जनवरी 2024

विक्रम संवत 2080, शक संवत 1945। ऋतु : शिशिर। सूर्य उत्तरायण। मास : पौष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : द्वादशी 19:52 बजे समाप्त। नक्षत्र : मृगशीर्ष 04:59 बजे प्रात: में समाप्त। योग : ब्रह्म 08:46 बजे समाप्त। करण : बव 07:37 बजे तक, तदनंतर बालव 19:52 बजे समाप्त। सूर्य : मकर राशि में। चंद्रमा : वृष राशि में 16:22 बजे तक, तदुपरांत मिथुन राशि में। दिशाशूल : पूर्व।

**मेष** : बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष** : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-3-5

**मिथुन** : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-2-3-8

**कर्क** : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। शुभांक-2-5-8

**सिंह** : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या** : अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शुभांक-2-8-9

**तुला** : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें। शुभांक-1-2-7

**धनु** : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर** : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-5-6-8

**कुंभ** : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8


**मीन** : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

## झारखंड में फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन आज, तैयारी पूरी

# नव प्रकाशित सूची के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करें राज्य के मतदाता : सीइओ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप झारखंड में भी मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन सोमवार को किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि सोमवार को राज्य के सभी मतदान केंद्रों में मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा रहा है। संबंधित मतदाता सूची निर्वाचन से जुड़े राज्य के महत्वपूर्ण कार्यालयों में भी प्रकाशित की जानी है। उन्होंने राज्य के मतदाताओं से अपील करते हुए



के रवि कुमार (फाइल फोटो)।

कहा है कि वे अपना नाम मतदाता सूची में जरूर चेक कर लें, किसी भी कारण यदि कोई विसंगति हुई हो तो इसे अविलंब अपने बीएलओ या अपने संबंधित निर्वाचन निबंधन कार्यालय को सूचित करें। वे चाहें तो इसकी सूचना राज्य के मतदाता हेल्पलाइन सेंटर 1950 पर भी सूचित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भरसक कोशिश की गई है कि मतदाता सूची को पूरी तरह त्रुटि पूर्ण और समावेशी बनाया जाए, फिर भी किसी भी मानवीय त्रुटि या टाइपिंग की गलती की संभावना को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता है। इसलिए निर्वाचन कार्यालयों के साथ-साथ आम मतदाताओं की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे अपना नाम मतदाता सूची में जरूर देख लें। वे उक्त कार्य वोटर पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन एप में भी देख सकते हैं।

### #आइएमरेड्डी टू वोट

नव प्रकाशित मतदाता सूची में अपना नाम देखकर मतदाता सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि उक्त सोशल मीडिया अभियान का उद्देश्य युवाओं तथा सोशल मीडिया पर मौजूद तमाम मतदाताओं को अपना नाम मतदाता सूची में चेक करने के लिए प्रेरित करने के लिए है।

**पहली बार मतदाता बने युवाओं को सीइओ ने दी बधाई :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के रवि कुमार ने उन सभी युवा मतदाताओं को बधाई दी है जिनका पहली बार मतदाता सूची में नाम दर्ज किया गया है। उन्होंने इन सभी युवा मतदाताओं से अपील भी की है कि वे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के आगामी आम चुनाव में अपने मतदान का प्रयोग तो जरूर से करें ही बल्कि दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करेंगे।

## बीआइटी मेसरा के सहयोग से फाइनेंस क्लब ने किया सेमिनार का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इंस्टीट्यूशन के इनोवेशन काउंसिल बीआईटी मेसरा के सहयोग से फाइनेंस क्लब ने सेमिनार का आयोजन किया, बीआईटी मेसरा हंसी और सीखने से सराबोर हो गया क्योंकि प्रसिद्ध अभिषेक कर, विशेषज्ञ व्यापारी और सामग्री निमार्ता, एक मनोरम सत्र के लिए केंद्र में आए।

नई दिल्ली से निवेशक स्टार्टअप्स ट्रेडर स्टॉक्स मनी अभिषेक कर ने ट्रेडिंग और मनी पर एक व्याख्यान दिया। इस सेमिनार में मिस प्राची ने इस सत्र के समन्वयक के रूप में एक ऐसी शाम का निर्माण किया जो सामान्य शैक्षणिक दिनचर्या से परे थी। जैसे ही सत्र शुरू हुआ, अभिषेक कर के हास्य और व्यावहारिक उपाख्यानों के अनूठे मिश्रण ने बीआईटी मेसरा समुदाय पर एक अमिट छाप छोड़ी। फाइनेंस क्लब और आईआईसी के बीच सहयोग स्पष्ट था, जो बीआईटी मेसरा के शैक्षणिक परिदृश्य को समृद्ध करने वाले बहु-विषयक दृष्टिकोण पर जोर देता है। इस मौके पर रिसर्च इनोवेशन और उद्यमिता के डीन और आईआईसी बिट मेसरा के अध्यक्ष डॉ. सी जेगनाथन ने अभिषेक कर को एक स्मृति चिन्ह प्रस्तुत किया, जो उनके प्रभावशाली सत्र के लिए संस्थान की सराहना का प्रतीक था। एक मार्मिक क्षण में, इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के सह-संयोजक डॉ. मनीष कुमार पांडे गुलदस्ता पेश किया और सहयोगात्मक प्रयासों को और बढ़ाया जिसने शाम को यादगार बना दिया।

## पारस अस्पताल का पॉलीट्रॉमा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पारस एचइसी अस्पताल ने पॉलीट्रॉमा को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में राज्यभर से आये स्थानीय चिकित्सकों को पॉलीट्रॉमा के संपूर्ण प्रबंधन और इसके मरीजों को बेहतर इलाज कर बचाने के बारे में जानकारी दी गयी। यह कार्यक्रम सोसाइटी ऑफ इमरजेंसी मेडिसिन इन इंडिया (एसइएमआइ) के सह संयोजन में आयोजित था। कार्यक्रम में सहभागिता निभाने वाले सभी प्रतिभागियों को एसइएमआइ के तरफ से प्रमाण पत्र भी दिया गया। रांची के होटल रेडिसन ब्लू में दोपहर में एडवांस ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट कार्यशाला भी हुई।

पारस एचइसी अस्पताल के डॉ नीतेश कुमार ने बताया कि राज्य के सुदूरवर्ती इलाके के चिकित्सक सबसे पहले मरीज को इलाज उपलब्ध कराते हैं। उसके बाद ही मरीज को हमारे यहां बेहतर इलाज के लिए भेजते हैं। हम चाहते हैं कि मरीज जब हमारे पास आये, उसके पहले उसके शुरुआती इलाज में किसी भी तरह की असावधानी ना बरती जाये। मरीज की प्राथमिक चिकित्सा में किसी भी तरह की असावधानी बरती जाती है, तो फिर उस मरीज के आगे के इलाज में काफी परेशानी आती है ।

कार्यक्रम में एसइएमआइ के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव डॉ सुदीप चक्रवर्ती ने पॉलीट्रॉमा के मरीजों का प्राथमिक प्रबंधन कैसे हो, इस पर चर्चा की। साथ ही, एसइएमआइ के उपाध्यक्ष डॉ राम्यजीत लाहिरी ने भी उपस्थित लोगों के बीच अपने विचार रखे। मौके पर उपस्थित पारस एचइसी अस्पताल के मार्केटिंग महाप्रबंधक कुमार यशवंत ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य मकसद राज्य के सुदूरवर्ती चिकित्सकों को मरीज की प्राथमिक चिकित्सा के बारे में प्रशिक्षित करना है। विशेषकर पॉलीट्रॉमा के मरीज की कैसे जांच करनी है और किस तरह से शुरुआत में उनका इलाज करना है, इसके बारे में चिकित्सकों को इस कार्यक्रम के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। ताकि, पारस अस्पताल में मरीज के आने के बाद उनका ठीक ढंग से इलाज किया जा सके और उन्हें एक स्वस्थ एवं सामान्य जीवन मिल सके।

## स्थापना दिवस सप्ताह मना रहा मारवाड़ी युवा मंच

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 40वें स्थापना दिवस पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच स्थापना दिवस सप्ताह मना रहा है। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा भी 7 दिनों तक लगातार 7 कार्यक्रम करेगा।

मंच के मीडिया प्रभारी रमन बगड़िया ने बताया कि स्थापना सप्ताह के प्रथम दिन शनिवार (20 जनवरी) 2024 को स्थानीय लक्ष्मीनारायण मंदिर में दीपोत्सव, अन्नपूर्णा सेवा एवं केक काटकर स्थापना सप्ताह की शुरुआत की गयी। दूसरे दिन रविवार (21 जनवरी) को ऑक्सीजन पार्क के सामने मोराहाबादी में डी क्लबका आयोजन किया गया। इसमें लगभग 45 लोगों की निःशुल्क जांच की गयी। तीसरे दिन सोमवार (22 जनवरी) को रांची के मेन रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर राम भक्तों के बीच प्रसाद के रूप में बुंदिया का वितरण किया जायेगा। चौथे दिन मंगलवार (23 जनवरी) को पतरा गोंदा डैम साइड कांके रोड मैं जरूरतमंदों के बीच कंबल एवं बच्चों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया जायेगा। पांचवें दिन बुधवार (24 जनवरी) को हरमू रोड स्थित रांची गौशाला धाम में गौ सेवा की जायेगी। छठे दिन गुरुवार (25 जनवरी) को नागरमल मोदी सेवा सदन ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। युवा मंच के स्थापना के सातवें दिन शुक्रवार 26 जनवरी 2024 को सोनार गली स्थित शाखा कार्यालय में 76वें गणतंत्र दिवस पर झंडारोहण कार्यक्रम किया जायेगा।

मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा के अध्यक्ष अमित चौधरी ने अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के स्थापना सप्ताह की सभी युवा साथियों को ढेर सारी बधाइयां दी और सभी कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए आग्रह किया।

## जेपीएससी की सिविल सेवा बैकलॉग परीक्षा संपन्न

**रांची।** झारखंड सिविल सेवा बैकलॉग परीक्षा रविवार को राजधानी रांची के पांच परीक्षा केंद्रों पर हुई। इसमें करीब 3400 अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड जारी किया था। परीक्षा दो पालियों में हुई। पहली पाली की परीक्षा 10 से दोपहर 12 बजे तक हुई। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा 2 बजे से शाम 4 बजे तक हुई। यह परीक्षा 10 सीटों के लिए हुई। इस परीक्षा के लिए 2017 में विज्ञापन जारी किया गया था, जिसकी विज्ञापन संख्या 27/2017 है।

## रांची के मोरहाबादी में आदिवासी एकता महारैली 4 फरवरी को

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति की बैठक रविवार को कांके रोड प्रधान कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता केन्द्रीय सरना सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप एवं संचालन महादेव उरांव ने किया। बैठक में हेसल, भिट्ठा, हथियागोंदा, पतरा गोंदा, जयपुर, कोगे, चंदवे, नवाडीह इत्यादि ग्रामीण शामिल हुए। केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि अपने हक अधिकार एवं केन्द्र सरकार से सरना धर्म को मांग को लेकर 4 फरवरी आदिवासी एकता महारैली मोरहाबादी रांची में हजारों की संख्या में शामिल होंगे इसका तैयारी को लेकर सभी सदस्यों को जिम्मेदार सौंपी गई है। इस बैठक में मुख्य रूप से सती तिर्की, अनिता उरांव, संगीता गाड़ी, बसंती कुजूर, कुईली उरांव, मनोज उरांव, भानु उरांव, मंगल उरांव, गुड्डू उरांव, कुलदीप उरांव आदि उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### 'हारे के सहारे आजा, तेरा दास पुकारे आजा' भजन से गूंजा श्याम मंदिर



**रांची।** हारे के सहारे आजा तेरा दास पुकारे आजा भजन से रविवार को हरमू रोड का श्याम मंदिर गुंज रहा था। पौष शुक्ल की पुत्रदा एकादशी के शुभ अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में सुबह से ही भक्तों का ताता लगा हुआ था। सुबह 5:30 बजे की मंगला आरती के बाद बाबा के पट लगाकर मंदिर के आचार्य ने विधि विधान से श्रृंगार कार्य प्रारंभ किया । बाबा श्याम को नवीन पोशाक पहनाकर कोलकाता से आए फूलों में रजनीगंधा गुलाब मॉर्गन तुलसीदल पीलागेंदा गुलाब की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्याम का सिंगार किया गया। श्रृंगार आरती में सैकड़ो भक्त उपस्थित हुए। रात्रि 9:30 बजे बाबा की अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई। इस मौके पर भजन गायक श्रवण ढानढनिया श्याम सुंदर शर्मा पवन शर्मा मदन सोनी वेद भूषण जैन साकेत ढानढनिया सलज अग्रवाल गौरव अग्रवाल कृष्ण शर्मा रोशन खेमका निखिल नारनौली इत्यादि ने बाबा को मीठे-मीठे भजन सुनाएं। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

### बालाजी मंदिर में पुत्रदा एकादशी का हुआ अनुष्ठान

**रांची।** बालाजी मंदिर में रविवार को पुत्रदा एकादशी का हुआ अनुष्ठान। समस्त कामनाओं तथा सिद्धियों के दाता भगवान श्रीमन्नारायण इस तिथि के अधिदेवता हैं। चराचर प्राणियों सहित समस्त त्रिलोक में इससे बढ़कर दूसरी कोई तिथि नहीं है। इस पुण्य अवसर पर तिरुपति बालाजी मन्दिर में पौष मास शुक्लपक्ष की एकादशी तिथि व्रत के अवसर पर ब्रशाण्ड नायक भगवान का विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम और करावलंबम स्तोत्र के बाद नीलमेध के समान श्यामवर्ण वाले श्रीदेवी, भूमिदेवी सहित लक्ष्मी से पूजित पदांबुज श्रीवेंकटेश्वर का नित्याराधन पद्धति में पा?ररात्रागम के अनुसार आराधना प्रतिपादित की गयी। तरन्तर अखंड स्वरूप देवातीत का 27 दीयों के ज्योति समुह वाली नक्षत्र आरती, अमृत कलश से कुंभ आरती तथा कर्पूर से सुवासित एकल दीप आरती की गई। फिर श्रीभगवान दंपति को रेशमी वस्त्रों और आभूषणों से भव्य अलंकार समर्पित करके सांवा दाना का खीर, कुटू आटे की पकौडी, मेवा आदि का भोग लगाया गया। इसके बाद सनातन परमात्मा सहित श्रीदेवी लक्ष्मी, भूदेवी लक्ष्मी, गोदादेवी सुदर्शन भगवान आदि की उपनिषद एवं श्रुति सम्मत ऋचाओं से स्तुति हुई। पप्त खुलते ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।

### आस्था फाउंडेशन के सदस्यों ने राज्यपाल से मुलाकात की

**रांची।** आस्था फाऊंडेशन लगातार वाव फार लाइफ मुहिम के नाम से कैंपेन चलाकर गांव गांव जाकर गरीब लोगों के बीच डाइबिटीज को लेकर जागरूकता अभियान चला रहा है। इसी मुहिम के उद्देश्य को लेकर आस्था फाउंडेशन की टीम के फिजिशियन डॉ दिवाकर तेजस्वी, आस्था फाउंडेशन की चेयरमैन निक्की सिंह, सचिव पुरुषोत्तम सिंह ने शनिवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर आस्था फाऊंडेशन द्वारा चलाए जा रहे वाक फार लाइफ डाइबिटीज जागरूकता अभियान के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

### भुपेंद्र बने तकनीकी अधिकारी

**रांची।** यूथ राष्ट्रीय खेल के लिए तकनीकी अधिकारी के रुप में भुपेंद्र कुमार तिवारी को आमंत्रित किया गया है। इस उपलब्धि पर झारखंड तैराकी संघ की अध्यक्षा बरखा सिन्हा, चेयरमैन ,राम बालक सिंह,वरीय उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार तिवारी,अर्चित आंनद शैलेश सहाय,सचिव उपेन्द्र कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष अमर सिंह, सुरजीत सिंह मक्कड़, राकेश पाठक,राजेश यादव, रंधीर कुमार, श्रवण जालान, आतीस सिंह एवं साथ साथ संध के सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

### राजधानी सोहराय सह मिलन समारोह का आयोजन

**रांची।** राजधानी सांवता समिति के द्वारा रांची विश्विद्यालय दीक्षांत मंडप सभागार में राजधानी सोहराय सह मिलन समारोह का आयोजन रविवार को किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह प्रथम मुख्यमंत्री झारखंड श्रबाबूलाल मरांडी थे। मौके पर युवाओं ने सोहराय की संस्कृति को बनाए रखने का प्रण लेते हुए पारंपरिक नृत्यों का आनंद लिया।

### प्रकाश पर्व पर आयोजित समागम संपन्न

**रांची।** श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के 357वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय समागम का रविवार को समापन हो गया। सुबह 11:00 बजे स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा हम बैठे तुम देहो असीसां तुम राजा राजन के ईसा......तथा तहीं परकाश हमारा भयो पटना शहर विखे भव लयो...... शबद गायन से हुई। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि इस मौके पर गुरुनानक सेवक जत्था द्वारा आज सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें पांच महिलाओं समेत कुल 19 लोगों ने स्वैक्षिक रक्तदान किया। सदर हॉस्पिटल ब्लड बैंक के सहयोग से लगाए गए शिविर के संचालन में डॉ रिद्धि,राजीव,रूपेश,रिया तथा जत्था के सूरज झंडई,रौनक ग्रोवर,पीयूष मिढ़ा आदि की सक्रिय भूमिका रही।

### भंडारे के प्रसाद का वितरण

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के सयुंक्त तत्वाधान में रविवार को कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम के प्रांगण में लगभग 1500 भक्त जन श्रद्धालुओ राहगीरों एवं बच्चों के बीच नि:शुल्क अन्नापूर्णा भंडारे के महाप्रसाद का वितरण अग्रवाल किटी परिवार के सदस्य राजेश मधुश्री कयाल एवं उनके परिवार द्वारा किया गया।

## रांची के 39 परीक्षा केंद्रों में सीटेट की परीक्षा संपन्न

**रांची।** रांची सहित झारखंड के पांच शहरों में आज रविवार को सीटेट की परीक्षा संपन्न हुई। रांची के 39 परीक्षा केंद्रों में भी परीक्षा हुई। परीक्षा सुबह 9:30 बजे से शुरू हुई जो दोपहर 12.30 बजे तक चली। इस परीक्षा में करीब 40,000 अभ्यर्थी शामिल हुए। सीटेट की परीक्षा दो लेवल प्राइमरी और एलिमेंट्री में आयोजित की गयी। दोनों लेवल में 150-150 प्रश्न पूछे गये। परीक्षा में पास करने के लिए अभ्यर्थियों को कम से कम 60 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य है। बताते चलें कि रांची के अलावा झारखंड के हजारीबाग, जमशेदपुर, बोकारो और धनबाद में परीक्षा केंद्र बनाया गया था।

## न्यूटन ट्यूटोरियल्स ने दिये आइआइटी-मेडिकल की तैयारी के टिप्स

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** गोड्डा शहर और मैकलुस्कीगंज में रविवार को न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रा लि द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय था आगामी आइआइटी (जेइइ) एवं मेडिकल के परीक्षाओं में कैसे ज्यादा से ज्यादा अंक एवं अच्छा रैंक प्राप्त किये जाये। मौके पर मदन मोहन ने बताया कि बच्चों को किन बिंदुओ पर ध्यान देना चाहिए।

रसायन विज्ञान के शिक्षक पंकज कुमार ने बताया कि लगातार प्रयास की जरूरत है। भौतकी के शिक्षक प्रणव कुमार ने भौतकी की तैयारी से संबंधति जानकारी दी। समारोह के अंत में डाइरेक्टर इमरान अली ने बोर्ड और प्रतियोगिता परीक्षा के अंतर को स्पष्ट किया।

पंकज कुमार एवं मदन मोहन के अनुसार, लोगों के मन में भ्रम है किय जेइइ या मेडिकल का एग्जाम काफी कठिन होता है, जबकि वास्तविकता कुछ और ही है। बताया कि एनसीइआरटी की पुस्तक पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने से अधिक फायदा होगा। साथ ही, नकारात्मक प्रश्न को छोड़ने में ही भलाई है। प्रबंधन ने बताया कि न्यूटन ट्यूटोरियल्स में नये बैच के लिए (आइआइटी/ मेडिकल) एडमिशन टेस्ट प्रत्येक रविवार को आयोजित किये जा रहे हैं। विस्तृत जानकारी के ऑफिस से ली जा सकती है।

## एसआइपी प्रोडिजी 2024 में बच्चों का हुनर देख दंग रह गये सभी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** एसआईपी एकेडमी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने रविवार को अखिल झारखंड राज्य एसआईपी प्रोडिजी 2024 का खेलगांव के टाना भगत स्टेडियम में सफल आयोजन किया। जिसमें रांची, जमशेदपुर, रामगढ़, हजारीबाग, झुमरी तिलैया, बोकारो, चास, धनबाद, डाल्टनगंज, चक्रधरपुर, खूंटी, देवघर, मधुपुर का प्रतिनिधित्व करने वाले 75 एसआईपी लर्निंग सेंटरों से पहुंचे 2,050 प्रतिभागियों ने अबेकस के मानसिक अंकगणितीय प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतिभागियों के कैलकुलेशन को देखकर सभी दंग रह गये।

यहां बता दें कि एसआईपी एकेडमी इंडिया, भारत व विदेशों में 19 बार इंटरनेशनल अबेकस और मानसिक अंकगणितीय प्रतियोगिताओं का आयोजन करने वाली एकमात्र कंपनी है। इसके साथ ही झारखंड में 18वीं बार ये प्रतियोगिता आयोजित की गयी। एसआईपी प्रोडिजी प्रतियोगिता चार बार लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज हो चुकी है।

इस मौके पर स्टेट हेड इकबाल सिंह होरा ने बताया कि एसआईपी अबेकस का यह 19वां साल है, जिसमें 75 सेंटर से 2050 बच्चों ने भाग लिया। इस मंच से आज बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इस आयोजन से सभी के पैरेंट्स भी काफी खुश हैं। इसमें सभी शिक्षकों और पैरेंट्स के साथ-साथ बच्चों की मेहनत झलक रही है। उन्होंने कहा कि 5 मिनट में 150 से 300 अर्थमैटिक सॉल्व करके बच्चों ने यह साबित किया है कि वह कितना बेहतर कर रहे हैं। जो पैरेंट्स अपने बच्चों को अबेकस में नहीं डाले हैं, अब तक वह अपने बच्चों के इस ऐज को बर्बाद कर रहे हैं। 6 से 12 साल की उम्र जो होती है वह बहुत कुछ सीखने की होती हैं। इस उम्र में अगर बच्चों को अबेकस में दिया जाए तो वह काफी बेहतर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज मोबाइल व टेलीविजन की वजह से बच्चे पढ़ाई पर फोकस नहीं कर पा रहे हैं। एसआईपी के बच्चों से अगर मिलेंगे तो उनको मैथ्स सबसे इजी विषय लगेगा। यह हम अपने ट्रेनिंग के माध्यम से बच्चों को सिखाते हैं। उन्होंने सभी माता-पिता से अपील करते हुये कहा कि क्लास वन से 7 तक के बच्चे के हुनर को पहचानें।

### अबेकस प्रतियोगिता में अक्षित को द्वितीय स्थान



**रांची।** झारखंड में आयोजित एसआईपी की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में अक्षित ओझा ने दूसरा स्थान हासिल किया है। यह प्रतियोगिता रविवार को खेलगांव के इनडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया था। एसआईपी अबेकस डंगराटोली रांची सेन्टर की प्राचार्या निरूपमा सिंह एवं शिक्षिका मोनालिसा ने इसके कठिन परिश्रम की सराहना करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष पांडेय ने भी अक्षित के मंगल भविष्य की कामना की।

## एसटी-एससी की तरह पहले ओबीसी का संगठन नहीं था, इसलिए समस्या होती थी : राजेश गुप्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति की तरह ओबीसी के अधिकारी कर्मचारी का राज्य स्तरीय कोई संगठन नहीं था। इस कारण इनकी समस्याओं के निदान में बड़ी समस्या होती थी। इसलिए ओबीसी संगठन निर्माण की आवश्यकता महसूस कर रही थी। उपरोक्त बातें रविवार को ओबीसी फाउंडेशन/राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने डायवर्सिटी पार्क में वन भोज सह मिलन समारोह में कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ध्रुव प्रसाद ने कहा की ओबीसी समुदाय के अधिकारी पदाधिकारी के आवाज उठाने वाला कोई मंच नहीं था इसलिए राष्ट्रीय ओबीसी अधिकारी कर्मचारी मोर्चा का गठन करना लाजमी है। सरकार ओबीसी अधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं पर भी सरकार ध्यान दे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वाईबीएन यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष रामजी यादव ने कहा कि हम संगठन के साथ हैं और संगठन की उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। मौके पर विशिष्ट अतिथि 92.7 बिग एफएम के झारखंड हेड रवि गुप्ता ने कहा आज का दिन ओबीसी अधिकारी कर्मचारी के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। राष्ट्रीय ओबीसी अधिकारी कर्मचारी मोर्चा के झारखंड प्रदेश लिए सर्व समिति से पदाधिकारी का चयन किया गया जिसमे अध्यक्ष लाल बिहारी यादव, उपाध्यक्ष परमेश्वर महतो, लोकेश कुमार, सुजाता कुमारी, महासचिव डॉ शिवानंद काशी, कोषाध्यक्ष डॉ अमरेश कुमार गुप्ता के रूप में शामिल है। अधिकारी कर्मचारी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि समाज के लोगों ने हमारा चयन जिस उम्मीद और विश्वास से किया है उस पर मैं खरा उतरूंगा।

सुप्रभात
रांची, सोमवार
22.01.2024
नगर संस्करण । पेज : 12
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
khabarmantra.net | आश्विन, शुक्ल पक्ष, द्वादशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 190 | 06 | राम जीवन भी हैं, राम मुक्ति भी हैं

# तपस्या पूरी, आज विराजेंगे रामलला

- देश-दुनिया की नजर अयोध्या पर टिकी, हर ओर उल्लास छाया
- 84 सेकंड के शुभ मुहूर्त में रामलला फिर अपने घर में विराजमान होंगे

**(अवधपुरी प्रभु आवत जानी । भई सकल सोभा कै खानी ॥)**



**एजेंसी**

**अयोध्या ।** वर्षों की कठिन तपस्या और रामलला के आने का इंतार सोमवार को खत्म हो रहा है। करीब 500 सालों के इंतजार में प्रभु श्रीरामलला को अपना मंदिर मिलने जा रहा है। शताब्दियों से चले आ रहे इंतजार को खत्म होने के कार्यक्रम में भाग लेने स्वयं पीएम मोदी आयेंगे। अयोध्या के भव्य राममंदिर में होने वाली रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर राम भक्तों में उत्साह का माहौल है। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के दोपहर 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकंड से लेकर 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकंड तक यानी सिर्फ 84 सेकंड का शुभ मुहूर्त है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह सुबह 10 बजे से 'मंगल ध्वनि' के भव्य वादन से होगा। 50 से अधिक मनोरम वाद्ययंत्र विभिन्न राज्यों से है, जिनकी अवाज लगभग 2 घंटे तक राम मंदिर परिसर में गूंजेगी। पूरी नगरी को आध्यात्मिक रंग देकर सजाया गया है। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान सेना के हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की भी तैयारी है। पूरे मंदिर परिसर की छंटा देखती ही बनती है। अब भारत समेत दुनिया की नजरें प्राण प्रतिष्ठा की ऐतिहासिक घड़ी पर टिकी हुई हैं। रामनगरी अयोध्या समेत पूरे देश में उल्लास है। हर जगह सड़कों पर लोग झूम रहे हैं।

### शंकराचार्य भी पहुंचे

अयोध्या की श्री राम जन्मभूमि मंदिर अनुष्ठान यज्ञशाला में कांची कामकोटि पीठम के पूज्य जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी श्री विजयेंद्र सरस्वती जी महाराज ने पधारकर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के निमित्त अपनी शुभकामनाएं अर्पित कीं। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पीएम मोदी, लोकप्रिय क्रिकेटर, मशहूर हस्तियां, उद्योगपति, संत और विभिन्न देशों के प्रतिनिधि अयोध्या पहुंच गये हैं।

### शाम में होगा दीप प्रज्वलन

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह पूर्ण होने के उपरांत 'राम ज्योति' प्रज्वलित कर दीपावली मनायी जायेगी। शाम को अयोध्या 10 लाख दीपों से जगमगायेगी। इसके साथ ही मकानों, दुकानों, प्रतिष्ठानों और पौराणिक स्थलों पर 'राम ज्योति' प्रज्वलित की जाएगी। अयोध्या सरयू नदी के तटों की मिट्टी से बने दीपों से रोशन होगी। रामलला, कनक भवन, हनुमानगढ़ी, गुप्तारघाट, सरयू तट, लता मंगेशकर चौक, मणिराम दास छावनी समेत 100 मंदिरों, प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर दीप प्रज्वलित किये जायेंगे।

### 114 कलशों के औषधीय जल से प्रतिमा का स्नान

प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान छठवें दिन रविवार को 114 कलशों में औषधियुक्त जल एवं देश के विभिन्न तीर्थों से लाये गये पवित्र जल से श्रीरामलला की मूर्ति का स्नान कराया गया। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में नित्य के पूजन, हवन और पारायण के साथ आज की पूजा प्रक्रिया प्रारम्भ हुई, जो शाम तक जारी रही। श्रीरामलला के विग्रह को आज मध्याधिवास में रखा गया। रविवार को ही रात्रि जागरण अधिवास भी शुरू होगा। श्रीरामलला के पुराने विग्रह की भी पूजा यज्ञशाला में की गयी। चेन्नई, पुणे सहित कई स्थलों से मंगाये गये विविध फूलों से पूजन का अनुष्ठान सम्पन्न कराया गया। मूर्ति स्नान, महापूजा, उत्सव का प्रसाद, परिक्रमा, शैलाधिवास, तत्वन्यास, महान्यासादि, सात्विक पौष्टिक, अघोर व्याहृति जागरण जैसे अनुष्ठान रविवार को संपन्न हुए।

### प्राण प्रतिष्ठा को ले 10 बजे से गूंजेगी मंगलध्वनि

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बताया है कि प्राण प्रतिष्ठा के लिए न्यूनतम विधि-अनुष्ठान रखे गये हैं। प्राण प्रतिष्ठा की विधि 22 जनवरी को दोपहर 12:20 बजे शुरू होगी। दोपहर एक बजे प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूरा हो जायेगी। 10:30 बजे तक मेहमानों को करना प्रवेश होगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की मुख्य पूजा अभिजीत मुहूर्त में की जायेगी। यह कार्यक्रम पौष माह के द्वादशी तिथि ( 22 जनवरी 2024 ) को अभिजीत मुहूर्त, इंद्र योग, मृगशिरा नक्षत्र, मेष लग्न एवं वृश्चिक नवांश में होगा। प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त केवल 84 सेकंड का है। पूजा-विधि के जजमान पीएम मोदी के हाथों श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी। यह अनुष्ठान काशी के प्रख्यात वैदिक आचार्य गणेश्वर द्रविड़ और आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के निर्देशन में 121 वैदिक आचार्य संपन्न करायेंगे। इस दौरान 150 से अधिक परंपराओं के संत-धमार्चार्य और 50 से अधिक आदिवासी, गिरिवासी, तटवासी, द्वीपवासी, जनजातीय परंपराओं की भी उपस्थिति होगी।

**प्राण प्रतिष्ठा के बाद संबोधन :** प्राण प्रतिष्ठा का पूरा कार्यक्रम दोपहर एक बजे तक पूरा हो जाएगा। सभी पूजा-विधि समाप्त होने के बाद पीएम मोदी, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, संघ प्रमुख मोहन भागवत संदेश देंगे। वहीं श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास आशीर्वाद देंगे। पीएम मोदी चार घंटे अयोध्या में रहेंगे। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के बाद एक बजे प्रस्थान कर सभा को संबोधित करेंगे। 2:10 पर कुबेर टीला के दर्शन कर दिल्ली लौट जायेंगे।

**राम मंदिर को भेंट किया 101 किलो सोना :** राम मंदिर के लिए सबसे बड़ा दान सूरत के एक हीरा व्यापारी ने किया है। उन्होंने राममंदिर के लिए 101 किलो सोना भेजा है। यह दानवीर हैं दिलिप कुमार वी लाखी। राममंदिर में लगाए गए 14 स्वर्ण जरित द्वार के लिए उन्होंने 101 सोना भेजा है। रामजन्मभूमि ट्रस्ट को मिला यह सबसे बड़ा दान है। सोने का उपयोग राम जन्मभूमि मंदिर के दरवाजे, गर्भगृह, त्रिशूल, डमरू और स्तंभों को चमकाने के लिए किया जा रहा है। गर्भगृह के द्वार के साथ-साथ मंदिर के भूतल पर 14 स्वर्ण द्वार लगाये गये हैं।

## गोली लगने से हवलदार की मौत

पाकुड़। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैड के गोदाम की सुरक्षा के लिए तैनात हवलदार रघु मुर्मू (40) की गोली लगने से मौत हो गयी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गोली लगने से घायल हवलदार को अन्य जवानों ने तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया पर मौत हो गयी। खबर मिलते ही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल गोदाम पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया गया। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि किन परिस्थितियों में गोली लगी।

## राजधानी में 39 केंद्रों में सीटेट की परीक्षा संपन्न

रांची। झारखंड के पांच शहरों में रविवार को सीटेट की परीक्षा संपन्न हुई। रांची के 39 परीक्षा केंद्रों में भी परीक्षा हुई। परीक्षा सुबह 9:30 बजे से शुरू हुई जो दोपहर 12.30 बजे तक चली। इस परीक्षा में करीब 40,000 अभ्यर्थी शामिल हुए। सीटेट की परीक्षा दो लेवल प्राइमरी और एलिमेंट्री में आयोजित की गयी।

### अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को ले झारखंड राममय, पुलिस अलर्ट

## दफ्तरों में आधे दिन की छुट्टी, सभी स्कूल बंद





### राज्यभर में हर्ष का माहौल, रामोत्सव में झूम रही राजधानी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरा देश राममय है। झारखंड में भी इसे लेकर लोगों में खासा उत्साह है। सीएम हेमंत सोरेन ने सरकारी स्कूलों व कार्यालयों में छुट्टी को लेकर निर्देश दिया है। राज्य के सभी सरकारी कार्यालय, प्रतिष्ठान और सार्वजनिक बैंकों में एनआइ एक्ट के तहत सोमवार को दोपहर 2:30 बजे अवकाश घोषित किया गया है। वहीं सभी स्कूल पूरे दिन बंद रहेंगे। मुख्यमंत्री निर्देश पर कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा की ओर से अवकाश को लेकर अधिसूचना जारी की गयी है।

रामलला की प्राणप्रतिष्ठा को ले कर झारखंड के तमाम जिलों में इस खास मौके को सेलिब्रेट करने की पूरी तैयारी कर ली गयी है। तमाम मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। वहीं घरों को लोगों ने राम पताकाओं और दीयों से सजा दिया गया है। पूरा झारखंड राममय नजर आ रहा है। रामधुन से गली-मोहल्ले गूंज रहे है। हर तरफ और हर वर्ग में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जश्न देखा जा रहा है। हेमंत सोरेन सरकार ने भी अवकाश देकर स्कूली बच्चों के साथ-साथ सरकारी कर्मचारियों को भी इस पल का गवाह बनने का अवसर दिया है। राज्य के तमाम शहर और बाजार भगवा झंडों से पट गया है। रांची में रामोत्सव को लेकर पुलिस अलर्ट है। संवेदनशील स्थानों में पुलिस की खास नजर है। सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए पुलिस की खास टीम बनायी गयी है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला पुलिस के अलावा रैफ, जैप और आईआरबी जवानों की भी तैनाती की गयी है।

## भीड़ ने रोकी बस, मोदी मोदी के नारे लगे, राहुल बोले- हम डरते नहीं

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा असम से गुजर रही है। सोमवार को प्रदेश के सोनितपुर जिले उस समय पुलिस और सुरक्षाकर्मी मुश्किल में फंस गये, जब भीड़ ने राहुल गांधी की बस को रोक लिया। भीड़ मोदी-मोदी के नारे भी लगाने लगी। घटना के बाद राहुल गांधी ने एक सभा में बताया कि भाजपा कार्यकर्ता लाठी लेकर उनकी बस के सामने आ गये। जब मैं बस से बाहर आया तो वे भाग गये। राहुल ने कहा कि उन्हें लगता है कि भाजा और आरएसएस से कांग्रेस डर गयी। वे सपना देख रहे हैं। वे जितने चाहें उतने पोस्टर और तख्तियां फाड़ सकते हैं, हमें कोई परवाह नहीं है। हम किसी से नहीं डरते। हम न तो पीएम नरेंद्र मोदी से डरते हैं और न ही असम के सीएम से। इससे पहले भीड़ को सामने देख राहुल गांधी ने हाथ हिलाकर सबका अभिवादन किया। इसके बाद वो खुद बस से नीचे उतरे, पर सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें वापस बस में बैठने की सलाह दी। इससे पहले पार्टी के नेता जयराम रमेश की गाड़ी के सामने भी तथाकथित भाजपा कार्यकर्ता आ गये थे। उन्होंने कांग्रेस नेता की गाड़ी से भारत जोड़ो यात्रा के स्टीकर फाड़ दिये थे।







## सीएम आज 2500 युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के युवाओं को रोजगार देते रहने की योजना के तहत सीएम हेमंत सोरेन सोमवार को 2500 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। खेलगांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में आयोजित समारोह में सीएम निजी क्षेत्र के लिए युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। युवाओं को नियुक्ति पत्र अरविंद टेक्सटाइल, किशोर एक्सपोर्ट, श्री गणपति क्रिएशन, अर्बन डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड, मैट्रिक्स क्लोथिंग, वेलेंसिया अपेरल्स एवं ओरिएंट क्राफ्ट टेक्सटाइल कंपनियों के लिए सौंपा जायेगा। इससे पूर्व सीएम के निर्देश पर प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन कर करीब 56 हजार युवाओं को निजी क्षेत्र में ऑफर लेटर प्रदान किया गया है। सरकार की योजना अनुसार राज्य के



- निजी क्षेत्रों में 75 प्रतिशत नियोजन सुनिश्चित करना सरकार का लक्ष्य

स्थानीय युवाओं को निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत नियोजन सुनिश्चित करना है। सोमवार को जिन कंपनियों में युवाओं को रोजगार दिया जा रहा, उनमें से अधिकांश कंपनियां ओरमांझी के कुल्ही में स्थित हैं। दिसंबर 2021 में कुल्ही इंडस्ट्रियल एरिया में कई टेक्सटाइल प्लांट्स का शुभारम्भ किया गया था। इन कंपनियों में काम करने वालों में 90 प्रतिशत महिलाएं हैं।

(शेष 11 पर)

खबर मन्त्र
रांची. सोमवार .22 जनवरी 2024
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

# अभिनंदन रघुनंदन

विश्व व्यापी सत्ता को स्वीकारने का एक अहम कार्य भारत की धरती पर संपन्न हो रहा है। देश के सांस्कृतिक पुरोधा का पुर्नउदय का यह काल सभी के लिये गौरव का काल है। अवध की वह भूमि जिस पर किसी का वध न हुआ हो और जिस अयोध्या में कोई युद्ध की प्रवृति वाला न हो उस उच्च आदर्श के केन्द्र बिंदु राम के जन्म स्थल पर उनकी प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। एक ऐसा समाज जो अपने अराध्य के लिये हर काल के शासकों से लड़ता रहा, प्राण की आहुति देता रहा इतिहास उनपर गर्व करेगा। आज कई विकसित देश जैसे स्विटजरलैंड की चर्चा सिर्फ इसलिये होती है क्योंकि वह राष्ट्र किसी भी युद्ध को सीधे रुप से पोषित करने में विश्वास नहीं रखता है। आज से हजारो वर्ष पूर्व हमारी अयोध्या भी ऐसी थी। आज भारत के इस सांस्कृतिक पुर्न स्थापना के काल को आने वाली पीढ़ी गौरवान्वित होकर याद करेगी। राष्ट्र का शासक जब शासन धर्म केनियमों पर आरूढ़ होकर चलाता है तब पूरे राष्ट्र में अनीति और अन्याय का नामोनिशान मिट जाता है। इतिहास के पन्नों में दर्ज है कि भारत तब सोने की चिड़िया था जब राष्ट्र धर्म सबसे बड़ा धर्म था। राजा राम जैसे हुआ करते थे। व्यक्ति का ज्ञान उसके सम्मान का आधार होता था। 13 वी सदी तक भारत विश्व व्यापार और राष्ट्र सुरक्षा की नीतियों में राजा राम को ही प्रेरणा मानकर चलता रहा। इसका पुख्ता प्रमाण हमारे साहित्यों में उपलब्ध है। हमारे राजा ईश्वर सदृश्य होते और प्रजा उन्हें उसी स्तर पर पूजती थी। आज भी देश के हर गांव में, कस्बों में, शहरों में राम हर जीव के ह्दय में विद्यमान हैं। यह भगवान राम ही है जो निषाद राज और शबरी के बिना अधूरे हैं।


*राम आ गये धन्य भाग्य शबरी हर्षाये, आंखों से प्रेम आंसू चरणों को धो रही है, मारे खुशी के शबरी ब्याकुल सी हो रही है।*

# राममय विश्व

भारत विश्व में अपनी सांस्कृतिक विविधता के लिये चर्चा में रहा है। इन्ही विरासतों में हमारे राम और उनकी राजधानी अयोध्या भी रही है। इतिहास गवाह है कि आक्रमणकारियों की विकृत मानसिकता से जो नुकसान भारतीय संस्कृति और सत्य सनातन को हुआ उसकी भरपाई अब राम का भव्य मंदिर बनाकर सनातन समाज कर रहा है। राम की नीति आज भी कितनी कारगर है इसका साफ परिणाम देखने को मिल रहा है कि पूरे विश्व में राम की प्राण प्रतिष्ठा पर हर जन में हर मन में राम को लेकर स्तुति कर रहा है। देश में राम राज्य का जो मॉडल राजा राम ने स्थापित किया था उससे शासक को ईश्वर का दर्जा दिया गया और राजा राम को एशिया में भगवान राम के रुप में पूजा जाने लगा। आजाद भारत में देश की गौरवमयी गाथाओं में राम मंदिर का निमार्ण भी जुड़ गया है। सत्य सनातन समाज ने जिस प्रकार के धर्य से इस महान कार्य को संपादित किया उसे इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। सबके राम सबमें राम के मूल सिद्धांत पर आज प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हो रहा है। अपनी समृद्ध विरासत और देव तुल्य राजाओं के लिये सरकार और समाज को जिस प्रकार का उत्सव मनाया जाना चाहिए था वैसा उत्सव देश ही नहीं जहां भी भारतवंशी हैं उन सभी देशों में अपने राजा राम को लेकर मनाया जा रहा है। वर्तमान संदर्भ में अगर आर्थिक चश्में से देखा जाए तो अयोध्या विश्व स्तर की पर्यटक स्थल के तौर पर विकसित कर अब तक एक लाख करोड़ के अधिक का व्यापार राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से जुड़कर हो चुका है। श्री अयोध्या धाम के विकास पर ही 50 हजार करोड़ खर्च किया जा चुका है। राजा राम के अस्तित्व को भाव से भगवान तक स्वीकारने वाले भारतीय समाज के लिये यह गौरव का क्षण है और राम की नीतियों के प्रति समर्पण का भी।

# राम जीवन भी हैं, राम मुक्ति भी हैं





-एनके मुरलीधर

**राम आज** वैश्विक चिंतन के सर्वोत्तम विचार हैं। यह सत्य सनातन पद्धति की महानता है कि वह पत्थर को गढ़ता और उसे वैदिक मन्त्रों से उसमें प्राण डाल देता है। श्री अयोध्या धाम के राजा राम अपने विचारों से अपने कृत्यों से भगवान राम हो जाते हैं। राम की विवेचना भारतीय समाज सीधे तौर पर ईश्वरीय शक्ति के रुप में करता है। कोई शबरी के राम को पूजता है तो कोई अपने अंदर भरत के भाई राम को देखता है। सबके राम सबमें राम का विराट चिंतन आज पुर्नस्थापित हो रहा है। इस भाव को भारतीय समाज के कण-कण में व्याप्त होना यह चरितार्थ करता है कि हमारे पूर्वज राजा राम कितने विराट थे।

धनबाद की करमा टाड़ की सरस्वती अग्रवाल के भाव के आगे हमें नतमस्तक होना पड़ता है जिन्होंने 1992 के कार सेवा के बाद से यह प्रण लिया था कि जब तक भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा नहीं होगी तब तक वह मौन रहेगी। यह कठोर प्रण निश्चित ही किसी अन्य तर्क से उपर है जो इस राम प्रेम के प्रण को भारतीय संस्कृति के उदधोष का परिचायक है। झारखंड की सरस्वती से लेकर पूरे देश और विश्व में ऐसे अगिनित लोगों के प्रण अपने-अपने राम के लिये समर्पित थे। गुलामी और निष्ठुर शासको के कारण राम की कीर्ति और कर्म को जिस प्रकार से भी संभव हुआ कम करने का प्रयास हुआ लेकिर भारतीय संस्कृति के इस पुरोधा की पीढ़ीयों के करतब से आज फिर से पुर्न जागरण का काल आया।

सत्य सनातक की घटनाओं में यह मौन वह शक्ति है जो जीवन में गलतियों के लिये अपने आप को सजा देने की विराट परम्परा को स्थापित करता है। सरस्वती अग्रवाल का भाव ही हम सबके राम को भगवान बनाता है। काशी के कठजिउआ बाबा के जीवन की एक घटना निश्चित तौर पर हमें सोचने पर मजबूर करती है कि अनजाने में किये गये पापों के प्राश्यचित की कठोर परम्परा है जो पूरी दुनिया में सिर्फ और सिर्फ भारत में ही देखने को मिलती है। दक्षिण के विद्धान भाष्कराचार्य जब काशी आकर शास्त्रों पर संवाद के लिए चुनौती देते हैं तब काशी के राजा को कोई भी विद्धान इसके लिए तैयार नहीं मिलता है। इस स्थिति में उन्होंने कठजिउआ बाबा से कहा कि वे आये और भाष्काराचार्य से शास्त्रार्थ करें। वे तैयार हो गये। जब वे शास्त्रार्थ के क्रम में भाष्कराचार्य को परास्त कर दिये तब भाष्काराचार्य ने राजा से कहा कि आपने छल किया है। ये विद्धान नहीं भगवान है। ऐसा कहकर वे आवेग में आकर काशी राजा के किले गंगा में कूदकर जल समाधि ले ली। जब इस बात की जानकारी काशी के संत को हई तब उन्होंने कहा कि यह अनर्थ हो गया मैं अब जीवन भर एक भी शब्द नहीं बोलूंगा और अपने जीव में काट का खोल लगा लिया जिसे सिर्फ खाते समय खोलते थे।

भारतीय सत्य सनातन समाज ऐसी घटनाओं से भरा है जिसे एक काल में लुप्त प्राय कर दिया। आज जो भव्य कार्यक्रम हो रहा है यह किसी सरकार के वश में नहीं था यह हजारों साल की दबी भावनाओं का उदवेग है। इसे आप उन्माद नहीं कह सकते क्योंकि आपने राम को जिया ही नहीं है।

> मात्र तीन दशक पूर्व तक कोई कह नहीं सकता था राजा राम को भगवान राम मानकर पूजने वाला समाज, उनके मूल्यों में अपने जीवन मूल्य को जोड़ने वाला सनातनी आज कितना गौरवान्वित महसूस कर रहा है। जड़ चेतन की गांठ खुली है हमारे राम हमारे जड़ समाज की चेतना के परस्वरूप प्राण प्रतिष्ठा के साथ समाज को राग-द्वेस से मुक्त कर समावेशी सहयोगी और विश्व के कल्याणकारी समाज बनाने आ चुके हैं।

राम मन्त्र यज्ञ में मैं अयोध्या में था। सात दिवसीय इस यज्ञ और अयोध्या में आस्था के परावार को विज्ञान के चश्में से देख पाना असंभव है। मुझे जानकारी मिली कि तीन से चार बजे सबसे उस रास्ते जिस पर राम प्रतिदिन सरयू मईया में स्नान करने जाते थे उस मार्ग पर उसी समय में आज भी लोग स्नान करते हैं। यह स्वर्गघाट है स्वर्ग मार्ग है। मैंने देखा कि किस प्रकार हजारों लोग जिसमें 80 साल तक के वृद्ध भी थे राम धुन के सहारे सरयू जाकर स्नान कर रहें हैं। मान्यता यह है कि अगर आपको मानसिक रोग है, परिवार में क्लेश है, किसी प्रकार का कष्ट है तो राम की कृपा से सब कुछ ठीक हो जाता है। ऐसी कई घटनाओं का जिक्र लोगा पूरे विश्वास के साथ करते हैं।

यह राम का रामत्व है जो हजारों साल बाद भी भारत ही नहीं विश्व के कण-कण में है।

**अगनित रवि ससि सिव चतुरानन**
**बहु गिरि सरित सिंधु महि कानन**
**काल कर्म गुण ग्यान सुभाउ**
**साई देखा जो सुना न काई**

पूरी सृष्टि में राम जैसा न कोई है न कोई था न कोई सुना गया।

आज के युग में राम और उनका रामत्व उस काल से अधिक प्रासंगिक है। जीवन में प्रेम से भरे राम मात्र पिता की इच्छा जान वन चले जाते हैं। वन के वनवासियों पर पूर्ण आस्था और विश्वास रखकर एक समृद्ध शासक रावण को परास्त कर देते हैं। उन वन वासियों को अहसान को मानते हुए उन्हें अपने शासन का हिस्सा बनाते हैं। अयोध्यावासी अपने राम के प्रेम में अभिभूत है और राम अपने जीवन मूल्यों और नीतियों को लेकर पूर्ण सजग, सहज, साहचर्य से भरे हुए। मान-अपमान के पीते अपने नीतियों को सबसे उपर रखकर जिस राम ने भारतीय समाज को आज भी एकजुट रखा है उनके मूल्यों की प्राण प्रतिष्ठा की गवाह मां सरयू बन रही है।

वर्तमान समय में अयोध्या संजी सवरी है तो सबसे अधिक प्रसन्नता उनको है जिन्होंने अयोध्या को जर्जर और धुल धूसरित देखा है। रक्त रंजित देखा है। उस निराशा के काल से यह नया अभ्युदय करोड़ों लोगों के आस्था और भाव का परिणाम है जिससे भारतीय सत्य सनातन समाज आज भी अंगीकार करता है। राम की समझ की योग्यता को लेकर संत कबीर कहते हैं कि राम को समझने के लिये भी आपका आचरण भी उच्च स्तर का होना चाहिए अन्यथा आपको राम समझ में नहीं आयेंगे।

मात्र तीन दशक पूर्व तक कोई कह नहीं सकता था राजा राम को भगवान राम मानकर पूजने वाला समाज, उनके मूल्यों में अपने जीवन मूल्य को जोड़ने वाला सनातनी आज कितना गौरवान्वित महसूस कर रहा है। जड़ चेतन की गांठ खुली है हमारे राम हमारे जड़ समाज की चेतना के परस्वरूप प्राण प्रतिष्ठा के साथ समाज को राग-द्धेष से मुक्त कर समावेशी सहयोगी और विश्व के कल्याणकारी समाज बनाने आ चुके हैं।

**राम दृष्टि भी हैं राम दृष्टा भी हैं।**
**राम मनहर भी हैं राम मनस्वी भी हैं।**

## खास बात

# मंगलकारी राम

रामराज्य शासन की आदर्श संकल्पना है। एक ऐसी राज व्यवस्था जहां न कोई दुखी हो और न ही अभावों से ग्रस्त हो। जहां जन-जन भय मुक्त हो और चर्तुदिक शांति हो। जहां का शासन सभी के लिए मंगलकारी हो। राम इसीलिए मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाए, क्योंकि उन्होंने हर हाल में मयार्दा की रक्षा की और स्थापित किया कि सत्यनिष्ठ, कर्मनिष्ठ और धर्मनिष्ठ आचरण ही मयार्दा है तथा उससे सभी बंधे हैं। वह हर रूप में मयार्दा के प्रतीक हैं।

राम के राज्य में राजनीति स्वार्थ से प्रेरित ना होकर प्रजा की भलाई के लिए थी। इसमें अधिनायकवाद की छाया मात्र भी नहीं थी। राम का राज्य मानव कल्याण के आदर्शों से युक्त एक ऐसा राज्य था जिसमें निस्वार्थ प्रजा की सेवा निष्पक्ष आदर्श न्याय व्यवस्था सुखी तथा समृद्ध शादी समाज व्यवस्था पाई जाती थी। राम इस सीमा तक लोकतांत्रिक हैं कि एक अवसर पर कहते हैं-यदि अनुमति हो तो कुछ कहूं और यदि मेरे कहे में कुछ अनुचित देखें तो मुझे टोक दें, मैं सुधार कर लूंगा। वह अपने राज्य में रहने वाले किसी भी व्यक्ति की राय के आधार पर फैसला लेने में हिचकते नहीं। श्रीराम का सम्पूर्ण जीवन चरित ऐसी मयार्दाओं, कर्तव्य पालन और सभी के अधिकारों के प्रति सम्मान का पर्याय है। मानव सभ्यता के सम्पूर्ण लिखित-अलिखित इतिहास में श्रीराम जैसा व्यक्तित्व और चरित्र का दूसरा उदाहरण उपलब्ध नहीं है।

राम को धर्म का विग्रह कहा गया है, रामो विग्रहवान धर्मः. एक व्यापक अर्थ में राम का चरित धर्म मार्ग की चुनौतियों और उसके विचलन से उठने की मुश्किलों अर्थात जीवन के आधारों की मयार्दा स्थापित करने की राह में आने वाले प्रश्नों से रूबरू कराता है। गांव का अनपढ़ भी इनसे शिक्षित होता है और एक तरह के विवेक के भाव की अनुभूति करता है। श्रीराम मानव शरीर धारण करने पर जीवन के कठोर सत्य की कसौटी पर वे हमेशा ही कसे जाते हैं। किशोरावस्था से ही उनके सामने जो चुनौतियों की श्रृंखला शुरू होती है उसका जीवन में कभी अंत नहीं हुआ पर सारे कष्टों के बीच वे अविचल भाव से स्थित रहे। विकट परिस्थितियों में भी वे अपने पूरे परिवेश के साथ अनुकूलित रहते थे।

# अंगद का बल

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**रावण** बोला, लंका आने के बाद राम में भय व्याप्त हो गया है। इसलिये यह संधि का प्रस्ताव राम ने मेरे पास भेजा है। मैं इस संधि को स्वीकार नहीं करता हूं।जब वे सेना लेकर आ गये हैं तो युद्ध से ही फैसला होगा। किसीभी कीमत पर मैं सीता को वापस नहीं करूंगा। अंगद ने कहा कि आपकी सेना में कोई ऐसा नहीं है जो बच सके। हमारी सेना बहुत बलवान है। मैं एकबार और समझाता हूं। मेरे जैसे अनेक लोग हैं। मैं उन सभी में छोटा हूं उस बलशाली सेना में। अगर आप चाहे तो मेरे बल की परीक्षा करा लीजिए। मैं पांव रोप देता हूं और इस पांव को अगर आपकी सभा में उपस्थित कोई उठा दे तो मैं सीता को हार जाऊंगा। ये मैं शर्त देता हूं। एक से एक यौद्धा और वीर उठे इस विश्वास के साथ कि मैं अंगदजी के पांव को उठा दूंगा और इन्हें गिरा दूंगा लकिन थककर हारकर बैठ जाते थे। अन्त में रावण ने देखा कि मेरे लंका की शिकायत होगी कि एक वानर आया और हमलोग उसके पांव को भी नहीं उठा सके। रावण खुद ही पांव उठाने के लिये सिंहासन से उठा। सिंहासन छोड़कर जैसे ही आगे आया नीतिवश अंगद जी ने सोचा कि यह राजा है और मैं राजा से पैर नहीं पकड़वाउंगा। वह पांव खींच लिये और कहा आप जाकर बैठ जाइये। यह कहकर लंका के सभा में जोर से पांव पटका जिससे धरती हिल गयी। यहां तक की रावण का मुकुट गिर गया था। उसमें एक बहुत चमकदार कंगणी लगी हुई थी जो दिव्य और वेशकीमती थी।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

**जब** देश का हर तीसरा युवा बेरोजगारी का शिकार है, तब प्रधानमंत्री ने एक बार फिर उनके साथ बड़ा धोखा किया है। इस बार धोखा आम परिवार से आने वाले, 18-18 घंटे मेहनत करने वाले उन छात्रों के साथ है जो छोटे छोटे किराए के कमरों में रह कर बड़े सपने देखते हैं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

## आपके ट्वीट

**आपलोग** हौसला बुलंद रखिये। जरूरत पड़ी तो पहले मैं गोली खाऊंगा। लेकिन झारखंडी भाई-बहन को कुछ होने नहीं दूंगा। उन्होंने कहा कि वह न डरेंगे और न ही झुकेंगे।

– हेमंत सोरेन






**रामलला** की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर जिस तरह की भावना उमड़ पड़ी है, वो अभिभूत करने वाली है।

– नरेन्द्र मोदी

## कॉर्टून वर्ल्ड




साभार कॉर्टून मूववेंट

## लेटर टू एडीटर

### सुलगते सवाल

**किसान** साथी का साथ देने के लिए यूनियन नेताओं ने विरोध प्रदर्शन की बजाय सामूहिक अंशदान के जरिए पैसा एकत्र करके उसका कर्ज. क्यों नहीं उतार दिया। उधर कापोर्रेट घरानों का अरबों का कर्ज. बट्टे खाते में डाल देने वाले बैंक गरीब और असहाय लोगों को ऐसी रियायत क्यों नहीं देते। वक्त इन सवालों का बड़ी शिद्दत से जवाब मांग रहा है।

-ईश्वर चन्द, हजारीबाग

### अस्मिता का प्रतीक

**आज** अयोध्या में श्रीराम मंदिर के गर्भ गृह में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। यह हर भारतीय के लिए गौरव का क्षण है। राम के प्रति एक-एक व्यक्ति का भावनात्मक जुड़ाव है। पवित्र अयोध्या में निर्माण से एकाएक जो परिवर्तन हुआ है इससे अयोध्या का वैभव लौट आया है। यह मंदिर करोड़ों भक्तों व कार सेवकों के संघर्ष का परिणाम है।

- श्रीनिवास, रांची

# मोदी युग में राम-रीति से भारत का नवनिर्माण

**विष्णु दत्त शर्मा**

राष्ट्रीयता की विचारधारा से प्रेरित होकर कॉलेज में पहुंचते ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अध्ययन के साथ ही श्रीराम जन्मभूमि का मुद्दा पूरी तरह से समझा। उसके उपरांत वर्ष 1992 में एबीवीपी के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने कानपुर पहुंचा तो मुझे भी कारसेवा करने का सुअवसर प्राप्त हुआ। वर्ष 1992 में ही 6 दिसंबर को कार सेवकों द्वारा श्रीराम जन्मस्थान पर बने विवादित ढांचे को गिरा दिया गया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरे देश में यह भरोसा जगाये रखा कि एक दिन राम मंदिर अवश्य बनेगा। राम जन्मभूमि का चरणबद्ध आंदोलन और विश्वास बनाए रखने के लिए रचे गए नारे इस प्रतिबद्धता के साक्षी रहे हैं।

संघ ने देश की चेतना को जागृत रखते हुए श्रीराम मंदिर निर्माण के संकल्प को हर नागरिक का संकल्प बना दिया। संघ से प्रेरणा लेने वाले अनेक संगठनों ने उस चेतना को प्रखर बनाये रखने में अपना गिलहरी रूपी योगदान देने के लिए कृतसंकल्पित रहे। जनसंघ के समय से ही श्रीराम मंदिर का निर्माण अतिमहत्वपूर्ण मुद्दा था और भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस से ही यह प्राथमिकता के शिखर पर पहुंच गया। फलस्वरूप आज अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण पूर्ण हो चुका है और भगवान श्रीराम अब सनातनियों द्वारा निर्मित भव्य -दिव्य मंदिर में विराजने वाले हैं।

## धर्म

हजार साल तक बर्बर हमलों के बावजूद हमारे पुरखों ने देश की चेतना को जागृत रखा। हम बाह्य युद्ध हार गये, लेकिन मन का युद्ध जीतते रहे। दुर्भाग्य से 1947 के बाद स्वतंत्र भारत में ऐसी राजनीतिक धारा केंद्र में रही, जिसने देश के मन को हराने के कुत्सित प्रयास किए। उसने आम हिन्दू जनमानस को सदा इसके लिए तैयार किया कि वह अपने मूल्यों को छोड़ दे। अटल सरकार और विशेषकर 2014 में राजनीतिक धारा का केंद्र बदला तभी हमारे भविष्य की राह उज्ज्वल हुई। विश्व में भारत अपनी प्राचीन सनातन पहचान के साथ नये सिरे से उभरने लगा और एक नया भारत आकार लेने लगा।

2014 से पहले अयोध्या में श्रीराम मंदिर की वकालत करते हुए हम सब यह कल्पना भी नहीं कर पाते थे कि इसके बनने के समय भारत की स्थिति क्या होगी? यह मुद्दा हिन्दू अस्मिता के प्रश्न से जुड़ा था, लेकिन अब मंदिर निर्मित होते-होते यह स्पष्ट हो गया है कि यह केवल अस्मिता का विषय ही नहीं, यह भारत के भविष्य और भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने का विषय था। आज यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि अयोध्या में सिर्फ राम मंदिर नहीं बन रहा है, इसके साथ-साथ एक नया भारत भी बन रहा है जो विश्व का नेतृत्व करने के लिए संकल्पित है।

यह नया भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बहुलता, विविधता और समावेशिकता का सम्मान करने वाला एकमात्र देश है। यह भारत अपनी पुरातन सांस्कृतिक पहचान को आधुनिक कलेवर में भी पोषित और संवर्धित करने की क्षमता रखता है। यह भारत अपनी धरोहर को वापस पाने के लिए सदियों तक प्रतीक्षा कर सकता है और अहिंसा के रास्ते पर चलकर उसे प्राप्त भी कर सकता है। यह नया भारत युद्ध एवं परमाणु बम के उपयोग के बिना ही अपनी विधि-व्यवस्था के माध्यम से सबसे पुरानी समस्याओं को सुलझाने की क्षमता रखता है। उसे कोई बाहरी दखल बर्दाश्त नहीं है। यह नया भारत स्वदेशी चंद्रयान का सफल परीक्षण कर सकता है तो यह अपने आराध्य श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का पुनः निर्माण कर सदियों की बर्बर गुलामी के चिह्न को भी मिटा सकता है।

# भारतीय जन मानस के आदर्श मर्यादा पुरुषोतम राम

**डॉ अशोक**

भारतीय जन मानस के समक्ष जीवन का जो आदर्श उन्होंने राजा के रूप में तथा आज्ञाकारी पुत्र के रूप में सबके सामने रखा तथा सबके प्रति स्नेह, करुणा और सेवा का भाव रखा, वह संपूर्ण भारतीय समाज तथा मानव जाति के लिए अनुकरणीय है। प्रख्यात समाजवादी नेता एवं चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया लिखते हैं- ह्यराम की सबसे बड़ी महिमा उनके उस नाम से मालूम होती है जिसमें कि उनको मयार्दा पुरुषोत्तम कह कर पुकारा जाता है। राम मयार्दा पुरुष थे। ऐसा रहना उन्होंने जानबूझ कर और चेतन रूप से चुना था। आज जब दुनिया भर में हड़पने और विस्तार की महत्वाकांक्षा सिर उठाए खड़ी है तो राम की मयार्दा को याद करना जरूरी हो जाता है। राम का जीवन बिना हड़पे हुए फैलने की एक कहानी है। उनका निर्वासन देश को एक शक्ति केंद्र के अंदर बांधने का मौका था। श्रीराम ने अयोध्या से लंका तक की अपनी यात्रा में कभी अतिक्रमण नहीं किया, वे दायरे से बाहर नहीं गए। जब पहली बार उन्हें वानर नरेश बालि के साम्राज्य पर अधिकार करने का मौका मिला था, वे चाहते तो बालि के भाई सुग्रीव का साथ देने के बहाने उसका साम्राज्य हड़प सकते थे। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया है। यह एक विशाल हृदय राजकुमार की मयार्दा थी। यह नीतिशास्त्र की मयार्दा थी और राजनीति की भी।ह्व

राम की संस्कृति जब–जब एक सम्पूर्ण और एकात्म राष्ट्र की अस्मिता बनकर उभरने लगती है, अराष्ट्रीय तत्व विक्षिप्त और बेचैन होने लगते हैं। लोकतंत्र के वोट तत्त्व की विवशता राष्ट्रीय परिवार, उसकी भूमि और भावना को आत्मघाती रूप दिया जाने लगता है। ऐसा एक बार नहीं अनेक बार हुआ है। देशवासियों ने अब अपने टूटे प्रण के टुकड़ों को जोड़कर प्राणों का कवच बनाने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी है। श्रीराम प्रभु इस राष्ट्र की प्राणवायु हैं। इस राष्ट्र की हजारों वर्ष की जीवन यात्रा में अनेक राज्य बने और मिटे। अनेक राजा आए और गए। श्रीराम के आविर्भाव के पूर्व भी यह हुआ था जिसने भूत और वर्तमान को जोड़ रखा है।

मनु और इक्ष्वाकु से लेकर नरेंद्र मोदी तक की सत्ता परम्परा में श्रीराम का ही एकमात्र ऐसा व्यक्तित्व है जिसमें यहां के समस्त राष्ट्रजन अपने राष्ट्र का त्रिकाल दर्शन करते हैं। शेष सभी ऐसे हैं जिसमें किसी में दल दिखाई देता है तो किसी में जाति। किसी में वंश बिम्ब है, तो किसी में सत्ता स्वार्थ की शरारत। राम की लोकरंजकता भारत के लोकतंत्र के आधुनिक संस्करण में पूर्णतः अनुपस्थित है। जीवन मूल्य राजनीतिक विवशता के बंदी हैं। राष्ट्रीय अस्मिता चुनावों के हार जीत की आश्रित है। वह विधायिका के पक्ष विपक्ष की संख्या की कसौटी पर कसी जाती है।

राम मानवता की चरम अभिव्यक्ति हैं, जिसमें दुःख-सुख, लोक-लाज, हानि-लाभ, जय-पराजय, ऊंच-नीच, नीति-धर्म सभी कुछ समाहित है। महर्षि वाल्मीकि लिखते हैं कि राम, धर्म अर्थात जो कुछ एक मानव के लिए धारण करने योग्य है, उसके मूर्तिमान रूप हैं। उन्होंने राम को मयार्दा पुरुषोत्तम के रूप में प्रतिपादित कर एक सांस्कृतिक आधार प्रदान किया। राष्ट्र का केन्द्र राजा होता है। वह प्रजा का हित चिंतक और राष्ट्र का उन्नायक होता है। वह धर्म तथा सत्य का उद्गम स्थल है। मनुष्य के जीवन में आने वाली सभी संबंधों को पूर्ण एवं उत्तम रूप से निभाने की शिक्षा देने वाला प्रभु रामचंद्र के चरित्र के समान दूसरा कोई चरित्र नहीं है।

वर्तमान समय में राम नीति की अत्यंत आवश्यकता है क्योंकि पूरा विश्व घोर आपसी वैमनस्य और आर्थिक संकट से जूझ रहा है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# ऐतिहासिक होगा प्राण प्रतिष्ठा समारोह, रांची के मंदिर भी सज-धज कर तैयार


श्री राम मंदिर, सर्जना चौक


हिनू मंदिर


वृंदावन कॉलोनी, चिरौंदी

**रांची।** आज अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य अनुष्ठान हो रहा है। इस बाबत वहां भगवान श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान समारोह को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी है। इधर इस अनुष्ठान को लेकर राजधानी रांची के मंदिरों को भी सजाया जा रहा है। मेन रोड में राम मंदिर का स्वरूप लोगों के लिए काफी आकर्षण के केंद्र बना हुआ है। पुरुलिया रोड स्थित राम मंदिर, तपोवन मंदिर, श्याम मंदिर, हिनू हनुमान मंदिर, मेन रोड हनुमान मंदिर को बहुत ही आकर्षक रूप से सजाया गया है। शहर के लगभग सभी मंदिरों में पूजा अनुष्ठान और भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है।

**वृन्दावन कॉलोनी स्थित मंदिर को खूबसूरती से सजाया गया :** मोराबादी वृन्दावन कॉलोनी स्थित मंदिर को बड़े ही खूबसूरती से सजाया गया है। मंदिर के सचिव आनंद सिंह एवं कॉलोनी के धनेश ने बताया कि यहां पर भव्य धार्मिक भक्ति कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी की जा रही है। प्रभु श्रीराम के स्वागत में मंदिर परिसर में हजारों दिए जलाये जाएंगे साथ ही नगर भ्रमण और प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## पुष्पक विमान के साथ निकाली गयी श्रीराम शोभायात्रा, भजन संध्या में उमड़ पड़ा हुजूम

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्रीश्री शिव बारात आयोजन समिति एवं चंद्रशेखर आजाद क्लब दुर्गा पूजा समिति की ओर से रातू रोड के इंद्रपुरी शिव मंदिर परिसर से पुष्पक विमान के साथ श्रीराम शोभायात्रा निकाली गई। दोनों संगठन के अध्यक्ष रमेश सिंह और श्रीश्री शिव बारात आयोजन समिति के सचिव शैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में निकली शोभायात्रा में पुष्पक विमान, महाबली हनुमान, श्रीराम दरबार समेत अन्य कई वाहनों पर सजाई गई मनोहारी झांकी शामिल थी। बंटी एंड सोनिया ग्रुप के कलाकार श्रीराम दरबार प्रसंग पर आधारित जीवंत झांकी प्रस्तुत की। गायक मदन सोनी और नवीन पपनेजा की भक्तिगीत एवं श्रीराम धुन की प्रस्तुति पर श्रद्धालु झूमे। मौके पर संस्था की ओर से रांची के कारसेवकों को सम्मानित किया गया। समारोह में पहाड़ी मंदिर भोले की फौज के सदस्यों ने भजन प्रस्तुत किया। शोभायात्रा के आयोजन में पूर्व पार्षद सुनीता देवी, अशोक यादव, राकेश अरोड़ा, रवि अरोड़ा, विजय वर्मा, सोनू की भागीदारी रही।





### भारत का बच्चा बच्चा जय जय श्री राम बोलेगा

**रांची।** 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित भजन संध्या में हुजूम उमड़ पड़ा। पूरा अल्बर्ट एक्का चौक राममय हो गया। बच्चे, बूढ़े जवान और महिलाओं ने भजन संध्या में शिरकत किया। गायकों ने भजन गाकर कार्यक्रम में लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बिहार के लोकप्रिय युवा नेता युवराज सुधीर सिंह, बीजेपी के वरीय नेता दीपक प्रकाश, बीजेपी नेता सत्यनारायण सिंह ने भजन का आनंद लिया। इस दौरान चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह, प्रभाकर चौबे, विनय सिंह, विजय सिंह, सन्नी टोप्पो, निर्मल शर्मा, हरीश आदि थे।

**शुभ घड़ी आयी : राजधानी में श्री सनातन महापंचायत ने निकाली शोभा यात्रा**

# 500 साल के बाद सनातनियों का सपना हुआ साकार : सीपी सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** श्री सनातन महापंचायत के तत्वावधान में रविवार को शोभा यात्रा निकाली गयी। यह शोभा यात्रा पिस्का मोड़ विश्वनाथ मंदिर से निकाल गई। इसमें सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, सत्यनारायण सिंह, संजय कुमार जायसवाल, कृपा शंकर सिंह, मृत्युंजय शर्मा, वरूण साहू, कुमुद झा, बिंदुल वर्मा सहित अन्य लोग शामिल हुये।

श्री सनातन महापंचायत के प्रदेश संयोजक ललित नारायण ने सभी अतिथियों को तलवार और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। भजन कीर्तन करते ढोल नगाड़े के साथ रातु रोड़ काली मंदिर, बजरंग बली मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, महावीर चौक होते हुए संकट मोचन हनुमान मंदिर मेन रोड पहुंच कर पूजा अर्चना कर पुनः वापस महावीर चौक में शोभायात्रा संपन्न हुई।





**आज पंडरा महावीर मंदिर में होगी पूजा अर्चना :** आज पंडरा स्थित महावीर मंदिर में राजा राम जी की आरती बनारस के पंडितों द्वारा की जायेगी। महापंचायत ने राजधानी सहित सभी सनातनी भाई बहनों से बढ़ चढ़ कर भाग लेने का अनुरोध किया है। शोभायात्रा के मार्ग में आने वाले सभी राम भक्तों को 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने के लिए दीया का वितरण किया गया। रांची चैंबर ऑफ कामर्स, झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन, रांची ब्रोकर एसोसिएशन, आरजीटी, झारखंड मोटर फेड्रेशन, झारखंड लेखक संघ, महावीर मंडल पंडरा, महावीर मंडल ओझा मार्केट जोड़ा मंदिर हेशल सहित अन्य धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के लोगों ने भाग लिया।

# डीसी और एसएसपी ने रांची शहर में विधि-व्यवस्था का किया अवलोकन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर सामाजिक सौहार्द, लोक परिशांति बनाए रखने को लेकर रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को रांची शहर की विधि-व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान एस.डी.एम. उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक, संबंधित थाना प्रभारी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

उपायुक्त और एसएसपी ने मेन रोड़ हनुमान मंदिर, मछुवा टोली हनुमान मंदिर, एकरा मस्जिद मेन रोड़, डोरंडा हनुमान मंदिर, शिव मंदिर राजेंद्र चौक डोरंडा, हिनू चौक हनुमान मंदिर एवं अन्य जगहों पर विधि-व्यवस्था का अवलोकन किया और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

## उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रांची का संयुक्तादेश जारी

**रांची।** राम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर रांची जिला में विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, राँची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची की ओर से संयुक्तादेश जारी किया गया है।

**रांची वासियों से सामाजिक समरसता बनाए रखने की अपील**

**नियमानुसार लाउडस्पीकर और डीजे के इस्तेमाल का निर्देश :** रांची जिले में विभिन्न स्थानों, धार्मिक स्थलों में नियमानुसार लाउडस्पीकर और डीजे के इस्तेमाल का निर्देश दिया गया है। आयोजकों को उच्च न्यायालय के आदेशानुसार लाउडस्पीकर एक्ट का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। सभी को इस बात का ध्यान रखने को कहा गया है कि ध्वनि प्रदूषण न हो और रात 10:00 के बाद लाउडस्पीकर का उपयोग ना किया जाए। वहीं कार्यक्रमों में किसी भी तरह के विवादित गाने बजाए जाने की मनाही है। असामाजिक तत्व बेवजह फायदा ना उठा पाएं इसे लेकर जिला प्रशासन मुस्तैद है।

**सोशल मीडिया पर पैनी नजर, 8987790674 पर करें शिकायत :** सोशल मीडिया पर गलत एवं भ्रामक मैसेज करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल सक्रिय है। आमजन सोशल मीडिया मीडिया पर किसी तरह की भ्रामक पोस्ट की शिकायत सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल के मोबाइल नंबर 8987790674 पर कर सकते हैं।

**शांति बनाए रखने की अपील :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने राम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर सभी जिलेवासी से शांति बनाए रखने की अपील की। इस पावन दिन को आपसी प्रेम सौहार्द्र पूर्वक मनाने को कहा।

**जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार :** श्री सिन्हा ने कहा कि राम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर सभी तरह से जिला प्रशासन किसी भी स्थिति के लिए तैयार है।

## त्रिवेणीपुरम में हर-हर महादेव और वैदिक मंत्रोच्चार की गूंज



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बूटी मोड़ के पास स्थित त्रिवेणीपुरम सोसाइटी परिसर में नवनिर्मित ओंकारेश्वर धाम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी। पुरोहितों ने महायज्ञ अनुष्ठान कराया और मंत्रोच्चार से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया। सोसाइटी सहित आसपास की महिलाओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा भी की। सारे अनुष्ठान आचार्य सत्यानंद तिवारी व सहयोगी विद्वान धीरज पांडेय, राहुल तिवारी, आशीष पांडे, नितिश पांडेय, चंदनाचार्य जी और दिनेश पांडेय ने संपन्न कराए। शाम सात बजे देवी-देवताओं की आरती उतारी गयी। फिर भजन-संकीर्तन का कार्यक्रम देर शाम तक चला।

**सैमफोर्ड अस्पताल ने लगाया फ्री हेल्थ कैंप :** त्रिवेणीपुरम सोसाइटी में ओंकारेश्वर धाम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर सैमफोर्ड अस्पताल ने रविवार को फ्री हेल्थ कैंप का आयोजन किया। इसमें हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ रोहित लाल जी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ स्नेहा गुप्ता, जनरल फिजिशियन डॉ मोहित नारायण, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ स्वेता लाल मौजूद रहे। क्रार्यक्रम को सफल बनाने में श्री शिव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष कमलेश तिवारी जी, अमित सिंह, अभय सिंह, विजय सिंह, केएस पाठक व अन्य सहयोगियों का योगदान रहा।

## खबर एक नजर में

### राज्यपाल ने तपोवन मंदिर में सफाई की



**रांची।** 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आनंदोत्सव लेने को झारखंड भी तैयार है। इसी क्रम में रविवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रांची स्थित तपोवन मंदिर जाकर अपने हाथों से साफ-सफाई की। उन्होंने वहां पूजा-अर्चना भी की। साथ ही सभी के सुख समृद्धि की कामना की।

### सभी व्यवसायी प्रतिष्ठान बंद रखें : संजय सेठ

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी व्यवसाईयों से अपने प्रतिष्ठान को बंद रखने का आग्रह किया है। साथ ही आज 22 तारीख को मांस मछली और शराब की बिक्री पर भी रोक लगाने की मांग की है।

### आजसू प्रमुख सुदेश महतो अयोध्या गये

**रांची।** रामलाला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो अपनी पत्नी नेहा महतो के साथ रविवार को रांची एयरपोर्ट से अयोध्या के लिए रवाना हुए। श्री महतो रविवार को लखनऊ में रुकेंगे। इसके बाद सोमवार की सुबह अयोध्या पहुंचेंगे।

### रांची रिवोल्ट जनमंच ने किया क्षेत्र भ्रमण

**रांची।** श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर रविवार को रांची रिवोल्ट जनमंच ने क्षेत्र भ्रमण किया। सामाजिक वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच के संयोजक, भाजपा नेता एवं अधिवक्ता डॉ. प्रणव कुमार बब्बू ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के साथ रांची रिवोल्ट जनमंच के सदस्यों ने भाग लिया। डॉ बब्बू ने कहा कि अभी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक अवसर है। सभी रामभक्तों से अपील की है कि वे संपूर्ण वातावरण को राममय बनाएं।

### शाहदेव नगर के राम जानकी मंदिर में भजन-कीर्तन

**रांची।** शाहदेव नगर स्थित राम जानकी मंदिर में रविवार की सुबह से राम भक्तों की मंडली जमी थी। इसी क्रम में रविवार को शहदेव नगर स्थित राम जानकी मंदिर को भी सजाया गया और भजन-कीर्तन किया गया।

### युवा महावीर मंडल ने निकाली श्रीराममय यात्रा



**रांची।** रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति (युवा महावीर मंडल रांची) ने रविवार को पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार से भव्य श्रीराममय यात्रा निकाली। युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि बच्चों ने भगवान के स्वरूप में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा में अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल, सोमवित माजी, दीपक ओझा, सोनू सिंह, बिट्टू सिंह, नेहा गिरी, विनय सिंह, आरिफ बट्ट, लखन सहनी, विजेंदर सिंह, साहिल, मुस्कान पाठक, सूमी वर्मा, अर्चना चौबे, उज्जवल कुमार सिन्हा, मंटू पांडे, डॉक्टर मुकेश कुमार सिंह, मनोज कुमार सोनी, अशोक यादव, अभिजीत राज, मीनू सिंह, सीनू वर्मा, सुप्रिया, खुशी कांकन, मोहन गोस्वामी, रोमा सरकार, अमित कुमार रॉय, विभू,अमृता शर्मा, पूजा कुमारी, कुमार बंटी, राजीव पांडे, सिम्मी गोस्वामी, शिल्पी कुमारी वर्मा, रत्नेश सिन्हा, अंशु, महिमा सिन्हा, रोहित कुमार, विनिता, अनिता सहित सैकड़ों राम भक्त उपस्थित रहे।

# 100 मजिस्ट्रेट, दो हजार पुलिसकर्मी, ड्रोन से रहेगी नजर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर देशभर में उत्साह का माहौल है। 22 जनवरी के दिन कोई अप्रिय घटना न घटे, इसे लेकर रांची पुलिस हाई अलर्ट मोड़ पर है। पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकन्ना है।

**रांची में चप्पे-चप्पे पर रहेगी कड़ी सुरक्षा :** राजधानी रांची में रविवार को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दो हजार पुलिस पदाधिकारी नियुक्त किये गये। इसके अलावे 100 मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है। रांची पुलिस पल-पल की नजर रख रही है। कंट्रोल रुम से शहर की हर गतिविधियों पर नजर रखा जायेगा। शहर में किसी भी तरीके की लोगों को किसी भी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े इसको लेकर रांची पुलिस अलर्ट है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि 22 जनवरी का दिन हम सबके लिए बहुत खास दिन है, इसलिए हम सब चाहते हैं कि शांति, हर्षोल्लास और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो। किसी तरह का विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरी तैयारी की जा चुकी है और भी तैयारी चल रही है। जहां-जहां पर कार्यक्रम होंगे, वहां पुलिस बल की अतिरिक्त व्यवस्था की जायेगी। इसी के साथ ड्रोन कैमरे से भी निगरानी रखी जाएगी, ताकि किसी प्रकार की कोई घटना ना हो और पूरे रांचीवासी इस दिन को हर्षोल्लास के साथ अपने पूरे परिवार के साथ मनाएं।

### संवेदनशील इलाकों में पुलिस पैनी नजर

रांची समेत पूरे राज्य के संवेदनशील इलाकों में पुलिस कड़ी नजर रख रही है। रांची पुलिस की एक टीम सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखने के लिए तैनात किया गया है। साइबर सेल को भी सोशल मीडिया पर नजर रखने की हिदायत दी गयी है। अगर कोई भी व्यक्ति किसी भी धर्म और आस्था के खिलाफ भड़काऊ पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## पुलिस जवानों ने बाइक से किया फ्लैग मार्च

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची में रामोत्सव को लेकर पुलिस अलर्ट है। रांची सिटी एसपी के नेतृत्व में बाइक पेट्रोलिंग और फ्लैग मार्च किया। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर रांची में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर पुलिस नजर रख रही है। आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाले पोस्ट डालने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



रांची पुलिस सोशल मीडिया पर पैनी नजर रख रही है और आपत्तिजनक भड़काऊ और सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने से संबंधित पोस्ट करने वालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रांची पुलिस शहर वासियों से अपील कर रही है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन को सहयोग करें। यदि किसी भी व्यक्ति को ऐसा लगता है कि अफवाह फैलाई जा रही है तो 100/112 डायल कर रांची पुलिस को सूचना दे सकते हैं। इसके अलावा कंट्रोल रूम के व्हाट्सएप नंबर और मोबाइल नंबर **6299423768** पर भी सूचना दे सकते हैं।

स्पीड न्यूज

### पेंशनर समाज इटकी शाखा की बैठक

**इटकी।** झारखंड राज्य पेंशनर समाज इटकी शाखा की बैठक संघ के अध्यक्ष मुश्ताक अहमद की अध्यक्षता में रविवार को एकतानगर स्थित कार्यालय में हुई। बैठक में गणतंत्र दिवस को लेकर चर्चा किया गया और स्थानीय जेपी चौक में धूमधाम व श्रद्धा के साथ झंडोतोलन किये जाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का संचालन समाज के सचिव विनोद कुमार सिन्हा व धन्यवाद ज्ञापन किशोर गोप ने किया। बैठक में अलिहसन, मो सज्जाद, क्रिस्टीना बाड़ा, एस सरोज, जगदीश गोप, राजेंद्र साहू, भिलोटन सिंह शामिल थे।

### चमघाटी में बनेगा भव्य शिव मंदिर

**अनगड़ा।** चमघाटी में शिव मंदिर निर्माण समिति की मोतीराम मुंडा की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक हुई। बैठक में मंदिर निर्माण को लेकर एक विशेष कमिटी का गठन किया गया, जो इस प्रकार हैं। अध्यक्ष उमेश महतो सचिव उमेश चौधरी कोषाध्यक्ष राजेश महतो उपाध्यक्ष शिवा महतो। बैठक में मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव को मंदिर निर्माण समिति का मुख्य संरक्षक चुना गया। बैठक में पारसनाथ उरांव ने कहा इस मंदिर को एक दार्शनिक केंद्र स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। मौके पर पप्पू महतो अघनु मुंडा मनोज सिंह पुसाराम चौधरी मोहन महतो शिवचरण महतो अर्जुन बेदिया श्रीकेश चौधरी अभिषेक मुंडा रामचरण चौधरी सहजनाथ चौधरी रमेश महतो कारीनाथ महतो बालेश्वर महली उपस्थित थे।

### डुगडुगी बजा आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार

**नामकुम।** रविवार को नामकुम पुलिस ने थानाक्षेत्र के मेला टांड,शास्त्री मैदान के रहनेवाले संतोष कुमार के घर पर डुगडुगी बजाकर इस्तेहार चिपकाया। मौके पर आरोपी के पिता और अन्य लोग घर पर मौजूद थे थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर संतोस कुमार के घर पर उक्त इस्तेहार चिपकाया गया है। मामले में बार बार न्यायालय के बुलाने परआरोपी हाजिर नही हो रहा है इसलिए उक्त कारवाई की गयी।

### सपारोम मिशन स्कूल में महिला कांग्रेस कमेटी की बैठक

**पिस्कानगड़ी।** सपारोम मिशन स्कूल के समीप नगड़ी प्रखंड महिला कांग्रेस कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष उषा देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रांची लोक सभा महिला कांग्रेस प्रभारी सुंदरी तिर्की ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारी में कार्यकर्ताओ को लग जाना चाहिए। बैठक में जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष मेरी तिर्की, प्रखंड महिला कार्यकारी अध्यक्ष नीलम तिग्गा, निरुपमा तिग्गा, अनीता तिग्गा, अंशु माला कुजूर, निर्मला खलखो, जतरी देवी, रश्मि तिर्की, रंजीता टोप्पो, विनीता तिर्की, अनु कुमारी नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष सहावीर लोहरा उपस्थित थे।

# रामलला को हृदय में बसाने को भावविभोर हुआ देश

## ओरमांझी में रामलला ज्योति जली

खबर मन्त्र संवाददाता



ओरमांझी में श्रीराम ज्योति जलाते रामभक्त।

**ओरमांझी।** अयोध्या जी में 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व ओरमांझी में श्रीराम की ज्योति जलाई गई। पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, काली पूजा समिति ओरमांझी के अध्यक्ष अजय सिंह व पूजा समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में पांच बड़ा दीपक जलाकर सोमवार को घर-घर में दीया जलाने व दीपावली मनाने का आह्वान किया गया। वहीं पुजारी जयप्रकाश नारायण दुबे द्वारा श्रीराम की विधिवत पूजा करा दीप जलवाया गया। साथ ही उपस्थित लोगों के बीच मिठाई भी वितरण किया गया। इस दौरान सभी लोग जय श्रीराम के जयकारा लगा रहे थें। काली मंदिर परिसर के आसपास श्रीराम की जयकारा से गुंजयमान हो गया था। प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू ने कहा पूरा भारत श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साहित व भावविभोर है। हम सभी भाग्यवान हैं, जो इस एतिहासिक पल का साक्षी बन रहे हैं। आज हर कोई इस पल को अपने हृदय में स्थापित कर लेना चाहता है। वहीं काली पूजा समिति अध्यक्ष अजय सिंह कहा वर्षो बाद श्रीरामलला अयोध्या जी मंदिर मंदिर में स्थापित हुए हैं। ऐसे में हमें श्रीराम लला के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले कार सेवकों व रामभक्तों को भी याद करने की जरूरत है। इसके अलावा पूजा समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, वार्ड संघ के प्रखंड अध्यक्ष सत्यमराज कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि मानकी राजेंद्र शाही, सहित कई लोगों ने 22 जनवरी के दिन को एतिहासिक बताया और लोगों से उत्सव मनाने का अहवान किया।

### कार्यक्रम में ये लोग थे शामिल

कार्यक्रम में सचिव धीरज नायक, कोषाध्यक्ष नितेश साहू उर्फ छोटु, दुर्गाशंकर साहू, कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहू, शंकर गुप्ता, भीम मुंडा, आरएसएस के सार्थक सागर, जोगेंद्र मुंडा, पारस मुंडा, रामबृक्ष महतो, सुनील नायक, अनूप महतो, पंकज महतो, रितेश कुमार, धनेश महतो, कृतिकांत साहू, अनिल गुप्ता, बाबू साहू, मुकेश महतो, कुलदीप महतो, अमित गुप्ता, शंभू सिंह, बंटी गुप्ता सहित काफी संख्या में श्रीराम भक्तगण उपस्थित थे।

### राहे-सोनाहातू के मंदिरों की हुई सफाई

**सोनाहातू/राहे।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है ।प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व रविवार को सोनाहातू बाजार परिसर मंदिर और सार्वजनिक स्थलों में सोनाहातू व्यापारी संघ के सदस्यों के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान में सोनाहातू थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल ने व्यापारी संघ की सहयोग की। मौके पर अध्यक्ष धनेश कुशवाहा पवन जयसवाल आंनद स्वर्णकार आंनद बिद आदि मौजूद थे। इधर रांची जिला भाजपा के उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने सताकी की मंदिरों में सफाई अभियान चलाया।

## श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह

### महादेव टंगरा विकास समिति ने निकाली शोभायात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** अयोध्या में भगवान पुरषोत्तम श्री राम की मूर्ति की होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सनातन धर्मावलंबी उत्साहित हैं। इलाके के बजरंग बली मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। रंग-बिरंगी विद्युत सजावट भी की गयी है। चौक.चौराहे भगवा झंडे से पट गये हैं। कई स्थानों में भक्ति गीत-संगीत का कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसकी पूर्व संध्या पर महादेव टंगरा मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष कुशवाला शिवचरण मेहता की अगुआई में गाजेबाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गयी। इसमें आजसू के हटिया विधान सभा संगठन प्रभारी भरत कांसी बतौर मुख्य अतिथि थे। इस बीच श्रीराम के जयकारे से क्षेत्र गुंज उठा। श्री मेहता ने बताया कि टंगरा में सुबह से शाम तक भजन-कीर्त्तन होंगे। भंडारे का भी आयोजन किया जायेगा। मौके पर मुखिया अनिल तिर्की, कामेश्वर महतो व रमेशचंद्र महतो आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## शोभायात्रा के ऊपर से उड़े श्रीराम भक्त हनुमान

### राममय हुई ओरमांझी

खबर मन्त्र संवाददाता



शोभायात्रा के उपर उड़ते हनुमान रूप धारण किए भक्त।

**ओरमांझी।** अयोध्या जी में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा से एक दिन पूर्व ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र श्रीराममय हो गया है। शनिवार को क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक संगठनों द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। विशेषकर दुर्गा महादेव मंदिर ओरमांझी से निकली शोभायात्रा में शास्त्री चौक होते हुए चकल मोड़ से वापस लौटी। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सभी महावीरी मंडलों के साथ काफी संख्या में काफी संख्या में महिलाएं, युवा-युवतियां शामिल हुए। भगवा व महावीरी पताका लिए श्रीराम भक्तों का काफी उत्साहित थे। मुख्य आकर्षण शोभायात्रा के उपर उड़ता हुनमान रूप धारण किए हनुमान जी जीवंत दर्षन को लोग अपने कैमरे में कैद कर रहे थे। वहीं श्रीराम के प्रति भावविभोर हो जयश्रीराम की जयकारा लगा रहे थें। मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य सह भाजपा प्रदेष महामंत्री आदित्य साहू ने कहा कि श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या जी में है। लेकिन देषभर में श्रीरामभक्त इस यादगार पल को अपने हृदय में बसा लेने को ललायित है। पूरे भारत वर्ष में एक साथ उत्सव मन रहा है। जैसे लोग जाती-पाती छोड़ सभी एक हिन्दू हो गए हो। इसके अलावे दड़दग व पूर्व मुखिया मानकी राजेंद्र शाही मुंडा के नेतृत्व में बारीडीह पंचायत में भी शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रीराम भक्तों के अलावा काफी संख्या में महिलाएं शामिल थी।

### बुद्धिजीवी मंच के पदाधिकारियों की हुई बैठक

**सोनाहातू/राहे।** प्रखंड के गलऊ पंचायत भवन में सोनाहातू पश्चिमी क्षेत्र के बुद्धिजीवी मंच के पदाधिकारियों की बैठक अध्यक्षता पश्चिमी क्षेत्रीय अध्यक्ष लखिन्द्र महतो के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। किया ।बैठक के मुख्य अतिथि बुद्धिजीवी मंच के केन्द्रीय महासचिव डॉ मुकुन्द चन्द्र मेहता ने 24 जनवरी को त्रिवेणी संगम सतीघाट मेला प्रांगण में बुद्धिजीवी मंच की एक दिवसीय विधानसभा स्तरीय सम्मेलन की तैयारी के संदर्भ में विचार विमर्श किये। बैठक में वरीय पदाधिकारियों को अलग अलग पंचायतों की जिम्मेवारी दी गई।

## भाजपा-आजसू के लोगों ने थामा झामुमो का दमन

### जल, जंगल और जमीन की रक्षा का लिया संकल्प

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** झामुमो जिला युवा मोर्चा की ओर से रविवार को क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस बीच भाजपा व आजसू को भारी झटका लगा। इन दलों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की नीति व सिद्धांतों से प्रभावित होकर अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह की मौजूदगी में मोर्चा का दामन थामा और जलए जंगल व जमीन की रक्षा का संकल्प लिया। वह गुरुजी पर आस्था जताते हुये काफी उत्साहित नजर आये। पुरियो में आयोजित मिलन समारोह में श्री सिंह ने उन्हें पट्टा व माला पहना कर स्वागत किया। अध्यक्षता जितनंदन महतो ने कीए जबकि संचालन खेदू महली ने किया। मौके पर सुनिल उरांव, सुनिल मुंडा, संजय उरांव व रोपना पाहन मौजूद थे।

### युवाओं का बढ़ रहा कुनबा : धर्मेंद्र

जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने कहा मोर्चा में युवाओं का कुनबा बढ़ रहा है। इससे संगठन में मजबूती आयेगी और युवा रोजगार के क्षेत्र में अग्रसर होंगे। गांवों में आधारभूत संरचना का विकास होने से ग्रामीणों की बुनियादी समस्याएं भी दूर होंगी। हेमंत सोरेन की तारीफ करते हुये श्री सिंह ने केंद्र के खिलाफ तीखे प्रहार किये। उन्होंने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री पर राज्य की चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगाया। कार्यक्रम में कई अन्य लोगों ने भी अपनी बातें रखी।

## एक नजर में

### मंदिरों की सफाई कर निकाली शोभायात्रा



**अनगड़ा।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गेतलसूद के राम भक्तों ने रविवार को दुर्गा मंदिर के अतिरिक्त अन्य मंदिरों के परिसर की साफ–सफाई की। सोमवार को अयोध्या में राम मंदिर में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गांव के सभी मंदिरों की साफ–सफाई की गई। विभिन्न चौक–चौराहों पर भगवा पताके लगाए गए हैं। पूरा वातावरण राममय और भगवामय हो गया है। गोन्दली पोखर से मोटरसाइकिल शोभा यात्रा भी निकाली गई जो टाटी सिलवे तक गई मोटरसाइकिल शोभा यात्रा में डॉ अमर कुमार चौधरी सुरेन्द्र महतो नरेश साहू मनोज चौधरी सुप्रेश महतो रामनाथ महतो इत्यादि शामिल थे। जबकि साफ सफाई अभियान में उप मुखिया शंकर बैठा पूर्व मुखिया गौरी शंकर मुंडा बिगेश्वर महतो बीचा उरांव बटेश्वर गोस्वामी कृष्णा साहू शामिल थे।

### दिव्यांगों ने गेतलसूद डैम में मनायी पिकनिक



**अनगड़ा।** दिव्यांग रोजगर अधिकार मंच अनगड़ा के सदस्य ने रविवार को गेतलसूद डैम के किनारे धूम धाम से मंच के सचिव लीला कुमारी के नेतृत्व में पीकनीक मनायी। पिकनिक पार्टी में मुख्य अतिथि रूप में जिला आध्यक्ष तबरेज अंसारी एवं कोषाध्यक्ष रामदयाल सिंह आफताब आलम जाहिद अंसारी सोरोफीना मिंज अमन आंसारी लीलिमा कुमारी मनोज कुमार देवांति कुमारी सुकदेव महतो शिकारी मुंडा सुकेश महतो सहित प्रखंड के सभी दिव्यांगजन मौजूद थे।

### इटकी : रामभक्तों में 2100 दीया का वितरण



**इटकी।** अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भाजपा नेता शिवनाथ तिग्गा ने रविवार को इटकी में 2100 दीया का वितरण किया। मौके पर श्री तिग्गा ने कहा कि 22 जनवरी को सभी अपने अपने घरों में दीप प्रज्वलित करें इसी को लेकर दीप वितरण किया गया। इटकी के दरहातांड, खोरखाटोली, महतो टोली, आनंदपुर और झखरा टोली में दीया का वितरण किया गया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की, सूचिता देवी, सुनीता देवी, गंगी देवी, ममता देवी, कल्पना देवी, तारा देवी, राजकुमार महतो, कृष्णा राम तिवारी, इन्द्र महतो, जयराम महतो, परमेश्वर महतो व संजय महतो सहित अन्य मौजूद थे।

## मांडर : सोसई आश्रम से शिव-दुर्गा मंदिर तक निकली कलश यात्रा

**मांडर।** प्रखंड के सोसई आश्रम से शिव दुर्गा मंदिर तक रविवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस कलश यात्रा का आयोजन 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हो रहे कार्यक्रम को लेकर किया गया था। रविवार की सुबह जलेश्वर धाम से जल लेकर कुछ लोग सोसई आश्रम स्थित मंदिर प्रांगण पहुंचे। इसके बाद वहां से हजारों की संख्या में शामिल होकर कलश यात्रा निकल गए। सोसई से मांडर तक लगभग 3 किलोमीटर की दूरी लोगों ने तय की। इस दौरान मांडर पुलिस द्वारा एनएच 39 को वनवे कर दिया गया था। जिससे कलश यात्रा में शामिल लोगों को किसी प्रकार की सुविधा का सामना करना ना पड़े। इस दौरान लोग राम के नाम का जयकारा लगाते हुए शिव दुर्गा मंदिर स्थल तक पहुंचे जहां विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया था।

### इन्होंने निभाई भूमिका

कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो, पिंटू तिवारी, रमेश केसरी, सांसद प्रतिनिधि शंकराचार्य, अनूप साहू, मांडर मुखिया, प्रकाश खलखो अध्यक्ष रामबालक ठाकुर सहित दर्जनों की संख्या में लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## वैन पलटने से एक की मौत, एक गंभीर

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** तिलाई पिड़ी चौक के समीप अनियंत्रित पिकअप वैन पलटने से ईचागढ़ थाना क्षेत्र के पिलीद गांव निवासी 45 वर्षीय बिहारी मछुआ की मौके पर ही मौत हो गई वहीं 20 वर्षीय आशिक मछुआ गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों ने घायल को मिलन चौक स्थित माधुरी नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां से घायल को रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना की सुचना पर सोनाहातू थाना के एसआई मुकेश कुमार यादव दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे व लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार बीना नंबर लगे एक नया पिकअप वैन मिलन चौक से दुकान का समान लेकर सिल्ली की ओर जा रहा था, जहां सिल्ली रांगामाटी सड़क पर तिलाई पिड़ी चौक के समीप अनियंत्रित होकर पलट गया। वैन पर चढ़े दो मजदूर वैन से छिटक कर सड़क पर गिरने से बिहारी मछुआ की मौके पर ही मौत हो गई एवं आशिक मछुआ गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों व परिजनों ने मुआवजा की मांग किया। थाना के एसआई मुकेश कुमार यादव ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया व मुआवजा के लिए सरकारी प्रक्रिया के तहत हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर पंचानन पातर दयाल सिंह मुंडा हरेन्द्र नाथ महतो विरेन्द्र नाथ महतो आदि उपस्थित थे।

### अनगड़ा से पिकअप वैन की चोरी

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के लूपुंग निवास सुनील प्रसाद केशरी का पिकअप वैन को बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी करके ले भागे। बताया गया कि उक्त पिकअप वैन सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोन्दली पोखर अनगड़ा के निकट उसके घर के पास सड़क के किनारे खड़ा था। इसी बीच रात में अज्ञात चोरों नें वैन पर हांथ साफ कर लिए इस संबंध में सुनील केसरी ने अनगड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस पिकअप वैन को बरामद करने तथा चोरों को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

## राम रस में डूबा मैक्लुस्कीगंज



मैक्लुस्कीगंज में मना राम उत्साव, निकाली गई शोभायात्रा।

## खेल प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर ले जाना खेलो सिल्ली का उद्देश्य

**सिकिदिरी।** खेलो सिल्ली अभियान के तहत रविवार को सूरसू पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन सिंगारी मैदान में हुआ। इसमें फुटबॉल वॉलीवाल कबड्डी एथेलेटिक्स व तीरंदाजी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। सभी प्रतियोगिता में कुल 272 खिलाड़ी शामिल हुए। पंचायत स्तर पर हुए विजेता प्रतिभा दर्शन महोत्सव सिल्ली में शामिल होंगे। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा विशिष्ट अतिथि पार्टी के केन्द्रीय सदस्य वीरेन्द्र सिंह भोगता व आजसू नेता सज्जाद आलम ने किया। ज्ञात हो कि खेलो सिल्ली अभियान का शुभारंभ 19 जनवरी को टाटी में सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने किया था।

## एनसीसी कैडेटों ने चलाया सफाई अभियान, लोगों को किया जागरूक



**खलारी।** अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर डकरा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अध्ययन कर रहे एनसीसी कैडेट्स के विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान चलाया। एनसीसी कैडेट्स ने सर्वप्रथम आगामी गणतंत्र दिवस के परेड का रिहर्सल करने के पश्चात एनके एरिया स्टेडियम डकरा बूढ़ी माता मंदिर वीर कुंवर सिंह स्टेच्यु विद्यालय प्रांगण में स्थित सरस्वती माता मंदिर एवं संपूर्ण विद्यालय परिसर का साफ-सफाई कर स्वच्छता जागरूक किया। विद्यालय के प्राचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने कैडेटस को प्रोत्साहित करते हुए ने कहा कि महात्मा गांधी ने जो स्वच्छ भारत का स्वप्न देखा था। उसको साकार करने के लिए सभी को स्वयं जागरूक होने के साथ अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करना हैए जिससे देश के सभी नागरिक मिलकर देश को स्वच्छ बनाने का कार्य करें। एनसीसी एनओ जिछु कुमार शर्मा ने कैडेट्स का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि स्वच्छता का अर्थ केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं है, बल्कि साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पौधरोपण भी करना चाहिए।

### स्वर्ण पदक विजेता लवली कुमारी सम्मानित



**अनगड़ा।** जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाली प्रखंड के राजाडेरा निवासी मुनेश्वर सिंह की बेटी लवली कुमारी को सोमवार को समाजसेवी सह आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता शहजाद आलम के सौजन्य से लवली कुमारी को कपड़ा जर्सी व ट्रेकसूट तथा उसकी दादा दादी को भी कपड़ा वैगरह देकर सम्मानित किया गया स अनगड़ा की बेटी ने स्वर्ण पदक जीत कर प्रखंड और जिला का नाम रोशन किया है। मौके पर आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव पारसनाथ उरॉव जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा विरेन्द्र सिंह भोगता अजीत महतो जगरनाथ महतो मोहन महतो मदरा मुण्डा रूपलाल साहु समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## श्री राम जयराम जय जय राम के भजन से गूंजा बेड़ो

### श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का उमंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्सव का माहौल है। रामभक्तों का उत्साह भी चरम पर है। 22 जनवरी को होनेवाली प्राण प्रतिष्ठा पर भव्य दीपोत्सव मनाने की तैयारी हो रही है। बेड़ो भव्य व आकर्षक विधुत सज्जा से जगमग हो उठा है। लोग उत्साह और उमंग में सराबोर होकर झूम रहे हैं। प्रखंड से लेकर गांव तक की तैयारियां जोर.शोर के साथ की जा रही है ।भक्तों को बस इंतजार है 22 जनवरी का। जब भगवान श्री राम लला अपने घर अयोध्या में बिराजेंगे। प्रखंड के आसपास के सभी क्षेत्रों में जय राम श्री राम जय जय राम का जयघोष से पुरा प्रखंड मुख्यालय गुंजायमान हो उठा है। प्रखंड मुख्यालय ऐतेहासिक महादानी मंदिर सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया है। सड़कों के ऊपर पताका व किनारे में भगवा झंडा लगाया गया है। जिससे पुरा माहौल भक्तिमय बना हुआ है। जहां भव्य कलश यात्रा पूजा .अर्चनाए भजन-कीर्तन सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्र के रामभक्त सहित कई गणमान्य शामिल है। सुबह से प्राण प्रतिष्ठा को लेकर धार्मिक अनुष्ठान आरंभ हो जाएंगे। जबकि अनुष्ठान संपन्न होने के उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जहां श्रद्धालुओं के बीच खीर व खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे बेड़ो प्रखंड क्षेत्र में उत्सव का माहौल है।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आस्था में डूबा लातेहार शहर, श्री राम भक्तों ने शहर को भगवा रंग से पाटा

# पांच सौ साल बाद अपने आसन पर विराजमान हो रहें है प्रभु श्रीराम : बैद्यनाथ राम

● विधायक बैद्यनाथ राम ने महावीर मंदिर में भंडारा का किया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रसाद वितरण करते विधायक बैद्यनाथ राम।


फोटो:2 शोभा यात्रा में शामिल विधायक प्रतिनिधि व अन्य।

**लातेहार।** आज अयोध्या में होने वाले श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एक ओर जहां पूरे देश में धार्मिक आस्था का माहौल बना हुआ है। वहीं लातेहार जिला मुख्यालय के सभी मंदिरों और दुकानों को भगवा और महावीरी झंडे से पाट दिया है। वहीं इसे लेकर लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम के द्वारा रविवार को महावीर मंदिर लातेहार में भंडारा का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विधायक बैद्यनाथ राम के साथ-साथ विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार और राधाकृष्ण मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल के द्वारा किया गया। जहां विधायक ने बताया कि यह आयोजन अयोध्या में भगवान राम का मंदिर और प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में किया गया हैं। उन्होंने कहा है कि भगवान श्रीराम हम सबके आराध्य है, और 500 साल बाद अपने विशाल भव्य मंदिर और आसन पर विराजमान हो रहे हैं। ऐसे में भगवान की सेवा में श्रद्धालुओं और शहरवासियों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जा रहा है। रविवार की शाम रामनवमी पूजा महासमिति के मुख्य अखाड़ा के द्वारा पैदल नगर भ्रमण किया। शोभा यात्रा में आम जनता व व्यवसायियों से दुकान बंद कर शोभा यात्रा में भाग लेने की अपिल

रामनवमी पुजा महासमिति मुख्य अखाड़ा के अध्यक्ष प्रभात कुमार ने कहा कि 22 जनवरी सोमवार को लातेहार बाजार टांड़ से एक बजे भव्य शोभा यात्रा निकाला जायेगा। इस शोभा यात्रा में भाग लेने के लिए आम जनता व व्यवसायियों से दुकान बंद कर शोभा यात्रा में भाग लेने की अपिल की है। शोभा यात्रा में अयोध्या से आये कलाकार द्वारा झांकी निकाली जायेगी। उन्होने आगे बताया कि इस ऐतिहासिक मौके पर लातेहार शहर को भगवा पताका से पुरे शहर को भगवामय कर दिया गया है। जगह जगह लाईटें लगवा दी गई है।

### शहर में निकाली गई प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा

उधर लातेहार में शनिवार की शाम महावीर मंदिर कमेटी द्वारा पूरे शहर में शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरा शहर प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंज रहा था और क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना हुआ था। यह शोभायात्रा थाना चौक होते हुए काली मंदिर बस स्टेंड तक निकाली गईं। जिसमें रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, महावीर मंदिर के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, विनोद महलका, प्रीतम प्रसाद, विपिन कुमार, अंकित पाण्डेय, निर्मल महलका, विशाल कुमार, रवि प्रसाद, राकेश दुबे, दुर्गा प्रसाद, चंदन कुमार, दिनेश महलका, विवेक गुप्ता, चन्दन कुमार, कौशल पाण्डेय, अर्जुन पाठक, राजन प्रसाद, पंकज तिवारी, सुनील कुमार, मदन सिंह, विनोद कुमार, आनंद कुमार, विकास कुमार और राजन प्रसाद समेत सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरा प्रखंड हुआ राममय

**गारू।** 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरे प्रखंड में उत्साह देखा जा रहा है। हर गांव के हर मंदिर में 22 जनवरी को कुछ न कुछ कार्यक्रम किया जा रहा है। गारू प्रखंड क्षेत्र में स्थित मंदिर में साफ-सफाई की जा रही है। युवा बच्चों और महिलाओं में सबसे अधिक उमंग है। अनुष्ठान को लेकर सभी अपनी ओर से तैयारी कर रहे हैं। घर से लेकर मंदिर गली मोहल्ला और गांव में भी एक उत्सव का माहौल दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों में उत्साह व्याप्त है। शिवमंदिर चंपा चुआं बारेसाँढ़ समिति के द्वारा शिव मंदिर परिसर की साफ सफाई किया गया व भगवा झंडा से पाट दिया गया है पूरा क्षेत्र, रविवार की शाम 7 बजे से अखंड हरी कीर्तन का कार्यक्रम है। जो सोमवार की सुबह 7 बजे समापन होगा। 22 जनवरी को श्रद्धालु चम्पा चुआं से जल उठाकर सरनाधाम के शिव मंदिर में जलाभिषेक करेंगे।

### श्री राम की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाला गया जुलूस


जुलूस में शामिल लोग।

**भवनाथपुर।** अयोध्या नगरी में 22 जनवरी को भगवान श्री रामलला के नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सिंदुरिया पंचायत के टाउनशिप हनुमान मंदिर से विशाल जूलूस अजय सोनू के नेतृत्व में निकाली गई। हनुमान मंदिर से पूजा अर्चना के बाद राम दरबार की सजी हुई रथ के साथ पूरे गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकाली गई। जो टाउनशिप आवासीय क्वार्टर, रेलवे साइडिंग, पुनर्वास सहित पूरे पंचायत भ्रमण करते हुए टाउनशिप हनुमान मंदिर में पहुंची, जहां भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड कीर्तन किया जा रहा है। मौके पर मुखिया नंदलाल पाठक, पूर्व मुखिया राजेश गुप्ता, धुरनरायण दुबे, गणेश सिंह, दिवाकर चैधरी, लाल बाबू गुप्ता, विजय जायसवाल, संतोष चन्द्रवंशी, प्रदीप गुप्ता, जितेंद्र पासवान, सुबोध पाठक, पंकज सिंह, राहुल सिंह, सुनील गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

### आदिवासी एकता महारैली में शामिल होने की अपील : कमलेश उरांव


कमलेश उरांव।

**लातेहार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमलेश उरांव ने कहा कि आदिवासी अपनी परम्परा संस्कृतिक रीतिरिवाजों को लेकर मोराबादी मैदान में 4 फरवरी को होने जा रहे आदिवासी एकता महारैली यह रैली बंधु तिर्की द्वारा बुलाई गई है। यह ईसाई समुदाय की महारैली है। आदिवासी एकता महारैली मुख्य रूप से धर्मांतरित ईसाई लोगों द्वारा आयोजित एक रैली है। आदिवासी समाज से रैली में शामिल नहीं होने की किया अपिल।

## अयोध्या में होने जा रहे श्री रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर राममय हुआ चंदवा

# भव्य बाइक जुलूस के साथ चंदवा में शुरू हुई दो दिवसीय आनंदोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता


बाईक रैली निकालते राम भक्त।


जुलूस में शामिल राम भक्त।

**चंदवा।** अयोध्या में आज होने जा रहे भगवान श्री राम लला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा (आनंदोत्सव कार्यक्रम) को लेकर चंदवा का वातावरण राममय हो गया है। पूरे प्रखंड में विभिन्न संगठन एवं मंदिर प्रबंधन के लोगों के द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष पर चंदवा में युवा भारत के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय आनंदोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत रविवार को भव्य बाइक जुलूस के साथ हुई। जुलूस में चंदवा मुख्य शहर समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों से सैकड़ो की संख्या में राम भक्त शामिल हुए। बाइक जुलूस की शुरूआत स्थानीय खेल स्टेडियम से शुरू हुई जो मिशन स्कूल, इंदिरा गांधी चौक, गैरेज लेने मुख्य बाजार, श्रीराम चौक, शुक्र बाजार फील्ड होते पुनः हरैया मोड़, कुजरी, भुषाढ़ होते नगर मंदिर प्रांगण पहुंची, जहां सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। बाइक जुलूस के दौरान जगह-जगह पर कार सेवा में शामिल रहे कारसेवकों का अभिनंदन भी किया गया। जुलूस के दौरान पूरा शहर राममय नजर आया व जय श्रीराम में विजयघोष से शहर गुंजायमान रहा। इसके अलावे गायत्री परिवार के द्वारा भी शोभायात्रा निकाली गई। जिसकी शुरूआत स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ प्रांगण से हुई, जो नगर भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर प्रांगण पहुंच कर संपन्न हुए।

**श्री राम लला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर आज होंगे कई कार्यक्रम**

वहीं सोमवार को रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन चंदवा शहर समेत ग्रामीण इलाकों के मंदिरों में कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। युवा भारत के तत्वाधान में स्थानीय खेल स्टेडियम में पुष्पक विमान से भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण व वीर हनुमान को उतारने का कार्यक्रम किया जाएगा। इसके उपरांत खेल स्टेडियम से भारत शोभायात्रा भी निकल जाएगी। जिसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।

**बाइक जुलूस व आनंदोत्सव को लेकर मुस्तैद रही प्रशासन**

इधर दो दिवसीय आनंदोत्सव कार्यक्रम के मध्य नजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुश्तैद नजर आ रही है। एसपी अंजनी अंजन के निर्देशन में सीओ जयशंकर पाठक, थाना प्रभारी शुभम कुमार के नेतृत्व में प्रशासन पूरी मुश्तैद नजर आयी। शहर के विभिन्न चौक चौराहों, संसेटिव इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। बाइक जुलूस के दौरान भी सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ नजर आयी। प्रशासन के द्वारा कई स्थानों पर निगरानी को लेकर ड्रोन कैमरे भी उड़ाए गए।

### सांसद सुनील सिंह के सौजन्य से उपलब्ध करायी गई है कीर्तन सामग्री : कन्हाई प्रसाद


कीर्तन सामग्री का वितरण करते भाजपा नेता।

**बरवाडीह।** 22 तारीख को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त रविवार को भाजपा कार्यकताओं ने बरवाडीह और छिपादोहर मण्डल अंतर्गत विभिन्न मंदिरों में कीर्तन हेतु सांसद सुनील सिंह द्वारा उपलब्ध कराए गए ढोल (नाल), झाल, क्रताल, मंजीरा एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम से सम्बन्धित सामग्री का वितरण किया गया। जहां बरवाडीह मण्डल में सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, दिलीप यादव और उप प्रमुख बिरेद्र जयसवाल के नेतृत्व में उक्त सामग्रियों का वितरण किया गया। वहीं छिपादोहर मण्डल के विभिन्न मंदिरों में सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी के नेतृत्व में वितरण करने का काम किया गया। भाजपा कार्यकताओं ने बताया कि उक्त सामग्रियों का वितरण सांसद सुनील सिंह जी के सौजन्य से किया जा रहा है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि विवेक सिंह, छिपादोहर मंडल अध्यक्ष मुंद्रिका सिंह, मंडल उपाध्यक्ष सुनील कु.सिंह, महामंत्री मनोज प्रसाद, प्रदीप सिंह, मनोज यादव, मुखिया बुद्धेश्वर सिंह, संजय सिंह, लक्ष्मी प्रसाद, बिनोद सिंह, सुरेश शौडिंक, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बृजमोहन सिंह, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष लालमन उरांव, प्रमोद प्रसाद, महामंत्री चंद्रदीप सिंह, पवन गुप्ता, संजय प्रसाद, मुन्ना पंडित, सतीश प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, जलेश्वर राम और कमलेश प्रसाद सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वैश्य समाज सरकार का सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला समाज है : अरविंद गुप्ता

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते लोग।

**लातेहार।** रांची में 25 फरवरी को आयोजित झारखंड प्रदेश अखिल भारतीय वेश्य समाज महासम्मेलन को लेकर माको डाक बंगला में रविवार को अखिल भारतीय वेश्य समाज के द्वारा बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शौण्डिक ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश संगठन मंत्री अरविंद गुप्ता, नगर पंचायत लातेहार के पूर्व अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल, जिला प्रभारी मुरलीधर प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थे।

वहीं अरविंद गुप्ता ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि वेश्य समाज सरकार का सबसे ज्यादा राजस्व देने वाली समाज है। परंतु सरकार के माध्यम से हम लोग को कोई उचित व्यवस्था नहीं है। आरक्षण भी नही है, कई जिले में शुन्य है। समाज को टारगेट करके लोग मर्डर कर रहे हैं। जबकि वेश्य समाज सभी का भरण पोषण करने का काम करती है। इसी मुद्दे को लेकर के राज्य स्तरीय 25 फरवरी को महरैला कार्यक्रम आयोजित है। सभी वेश्य समुदाय के लोगों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपिल की है। प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल व जिला अध्यक्ष महेंद्र शौंडिक ने संबोधित करते हुए बताया कि लातेहार जिला से डेढ़ हजार की संख्या में वेश्य समुदाय रांची जाएंगे और अपनी आवाज को अपनी समस्या को प्रमुखता के साथ रखेंगे। अगर वेश्य समाज के प्रति राजनीतिक पार्टी का सोच सकारात्मक नहीं रहा तो इसका परिणाम भी उनको भोगना पड़ेगा। वहीं जिला प्रभारी मुरलीधर प्रसाद ने भी लोगों को संबोधित किया। अंत में वेश्य समाज के कई लोगों की हत्या हुई है। दिवंगत आत्मा के शांति के लिए हरिहरगंज निवासी शुभम गुप्ता की हत्या को निंदा किया गया और प्रशासन से अपराधी को गिरफ्तार करने की मांग की। इनकी आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मोन रखा गया। मौके पर ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शत्रुध्न प्रसाद, विजय प्रसाद, गया प्रसाद, मोती प्रसाद, संजय प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, अभिनंदन प्रसाद, हरिओम प्रसाद, श्याम गुप्ता, नागेंद्र प्रसाद गुप्ता, श्यामलाल प्रसाद, हरिओम प्रसाद, सुरेश प्रसाद गुप्ता, रंजीत कुमार, आशीष कुमार गुप्ता, सुधीर कुमार, अर्जुन प्रजापति, विरेंद्र प्रसाद, सुनिल शोण्डिक, मुरलीधर प्रसाद सहित सैकड़ो लोग बैठक में शामिल थे।

# आपसी सौहार्द के साथ श्री राम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सफल बनाने की एसपी ने की अपील

● लातेहार एसपी पहुंचे बालूमाथ विधि व्यवस्था का लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता


जायजा लेते एसपी अंजनी अंजन।

**बालूमाथ।** लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने रविवार को बालूमाथ पहुंचकर 22 जनवरी को होने वाले प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम की जानकारी लिया। वही बालूमाथ थाना परिसर में दोनों संप्रदाय के प्रबुद्ध लोगों के साथ एक बैठक आयोजित कर कहा कि बालूमाथ बराबर हर पर्व त्यौहार में आपसी सौहार्द का मिसाल पेश करते आया है। आप लोगों से उम्मीद है कि आज का कार्यक्रम शांतिपूर्वक सफल दोनों समुदाय के लोग मिलकर करेंगे। उन्होंने कहा कि आज होने वाले कार्यक्रम में कोई भी असामाजिक तत्व के लोग अगर आपसी शौहार्द बिगड़ने की कोशिश करेगा। तो एनएसए एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। वही हिंदू नेता शैलेश सिंह ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि महावीर मंदिर से एक शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो दुर्गा मंडप, टमटम टोला, शिव मंदिर, ब्लॉक परिसर, शिव मंदिर, बड़का बालूमाथ, शिव मंदिर होते हुए महावीर मंदिर में समापन की जाएगी। वही सभी मंदिरों में पूजा पाठ व कीर्तन भजन की जाएगी। बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने कहा कि कल के कार्यक्रम में भोलेंटियर बनाकर इसकी सूची बालूमाथ थाना को दे। वहीं पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन ने कहा कि बाहरी व्यक्तियों पर नजर रखने की आवश्यकता है। दोनों समुदाय के लोग कल के कार्यक्रम को आपसी सौहार्द के साथ मिलजुल कर संपन्न करावे। इस मौके पर प्रशिक्षु आईपीएस ललित मीणा, मन्नान कुरैशी, सुनील पांडे, हाजी मो० जियाउल्लाह, उपेंद्र यादव, मो.जुबेर, अरविंद यादव, मो. मुजम्मिल, मो.तौकीर समेत कई लोग मौजूद थे। वहीं लातेहार एसपी शेरेगड़ा पहुंच कर वहां के लोगों से आपसी शौहार्द के साथ श्री राम प्राण प्रतिष्ठा में होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया।

### हरैया मोड़ स्थित मौर्य होटल के पार्किंग में खड़ी स्कॉर्पियो हुई चोरी, जांच में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देते वाहन मालिक।

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र के हरैया चौक स्थित होटल मौर्या के पार्किंग स्थल पर खड़ी रेलवे पेटी ठेकेदार का स्कॉर्पियो जेएच 10 एजेड 5696 की चोरी शनिवार की रात्रि अज्ञात चोरों के द्वारा कर ली गई। भुक्तभोगी को चोरी की भनक तब हुई जब वह रविवार की सुबह उठा तो पार्किंग से स्कॉर्पियो को गायब देखा, आसपास काफी खोजबीन की पर कुछ पता नहीं चल पाया। जिसके बाद इसकी लिखित सूचना चंदवा थाना को दी गई। इस संबंध में स्कार्पियो मालिक मोहम्मद वाहिद अंसारी ग्राम हरिहरपुर जिला धनबाद निवासी ने चंदवा थाना में आवेदन देकर स्कॉर्पियो चोरी का मामला दर्ज कराया है। होटल मौर्या में ठहरे हुए हैं। आम दिनों की तरह शनिवार शाम को 5:00 बजे स्कॉर्पियो खड़ी कर हम लोग होटल में चले गए, जब रविवार की सुबह 4:30 बजे बाहर निकले तो देखें की स्कॉर्पियो नहीं है। इसके बाद चंदवा थाना को मामले की लिखित सूचना दे कर जांच की मांग किया है। गौरतलब हो कि हरैया चौक में पूर्व में भी गाड़ी चोरी की घटना घटित हो चुकी है। मामले में थाना प्रभारी शुभम कुमार ने कहा कि चोरी का मामला संज्ञान में आया है।

### युवकों का संदिग्ध अवस्था में हुई मौत के बाद परिजनों ने किया सड़क जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के चमातू स्थित तिलैयाताण्ड ग्राम में शुक्रवार को ईंट भठे के ऊपर सोए दो युवकों की मौत संदिग्ध अवस्था में हो जाने के बाद मरंगलोया ग्राम में रविवार को मृतक प्रवीण कुमार के परिजनों ने बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ को पाँच घंटे जाम कर दिया ।जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनो की लंबी कतार लग गई ।इस दौरान परिजनों ने प्रसाशन से माँग करते हुए कहा कि दोनों युवकों कि किस कारण मौत हूवी है उसकी जांच की जाय तथा परिवार वालो को उचित मुवावजा की मिले ।जाम की सूचना पाकर अमरवाडीह पिकेट प्रभारी कुबेर साव, तेतरियाखांड पिकेट प्रभारी धीरज कुमार ने आस्वाशन दिया कि अगर दोनों की मौत हत्या है ।तो पुलिस इसकी जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करेगी वही अगर दोनों की मौत दम घुटने से हूवी होगी तो सरकारी प्रावधान के तहत आपदा प्रबंधन के तहत चार लाख रुपये मुवावजा का भुगतान परिवार वालों का दिया जाएगा। वही मरंगलोया मुखिया सोनमणि देवी ने निजी कोष से मृतक के परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए 5000 रुपये सहयोग दिया। इस दौरान सड़क जाम सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक करीब पाँच घंटे जाम रहा।

## शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# शिक्षा के साथ छात्र-छात्राओं में व्यावहारिक ज्ञान को लेकर किया जा रहा प्रयास सराहनीय : रामचंद्र सिंह

● नृत्य-संगीत एवं हस्त कलाकृतियों की प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों ने किया अपने कौशल का प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक।

**बरवाडीह।** प्रखण्ड मुख्यालय के मैंने रोड में संचालित शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव पर रविवार को विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटनबतौर मुख्य अतिथि मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर एवं बीस सूत्री अध्यक्ष सह अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी उपस्थित हुए। जहां विद्यालय के निदेशक डॉ.पवन कुमार गुप्ता के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर और शॉल भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मनमोह लिया। विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा बनाये गए हस्त निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई थी। इस दौरान छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों संबोधित करते हुए मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के द्वारा शिक्षा के साथ-साथ छात्र-छात्राओं में व्यावहारिक ज्ञान को लेकर किए जा रहे प्रयास सराहनीय है। विद्यालय लगातार कई सालों से बरवाडीह प्रखंड जैसे क्षेत्र सराहनीय कार्य करता आ रहा है। किताबी ज्ञान के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को नैतिक एवं व्यवहारिक ज्ञान आज की समय का मांग है। किताबी ज्ञान आपको शिक्षित करता है, लेकिन व्यावहारिक ज्ञान आपको कुशल मानव संसाधन बनता है। शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के निदेशक पवन गुप्ता ने कहा इस विद्यालय का मूल उद्देश्य बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के छात्र-छात्राओं को गुणवत्ता पूर्ण एवं व्यवहारिक शिक्षा प्रदान की जा सकें। इसके लिए विद्यालय लगातार प्रयास कर रहा है। अनुभवी एवं प्रशिक्षित शिक्षकों के द्वारा इस दिशा में शत- प्रतिशत योगदान देने के लिए वचनबद्ध है। मौके पर युथ कांग्रेस के प्रदेश समन्वयक विजय बहादुर सिंह, सीमा गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, फिरोज अहमद एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकगण मौजूद थे।

### भवनाथपुर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**भवनाथपुर।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व संध्या भवनाथपुर थाना पुलिस ने पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार के अध्यक्षता में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर कपूर्री चैक होते प्रखण्ड कार्यालय तक किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग शांतिपूर्ण ढंग से पर्व को मनाए। किसी भी तरफ के अफवाह से बचें। अगर कोई भी असामाजिक तत्व के लोगों के द्वारा गेदरिंग करने का प्रयास किया जाता है तो तुरंत थाना को सूचित करें। फ्लैग मार्च में एसआई कुंदन यादव, निरंजन प्रसाद, राजू उरांव, प्रभु मेहता, विजय सिंह सहित थाना पुलिस के जवान उपस्थित थे।

### कांडी में शशि भोजनालय सह रेस्टोरेंट का उद्घाटन


उद्घाटन करते युवा समाजसेवी।

कांडी। मुख्य सड़क स्थित ग्रामीण बैंक के समीप रविवार को नव प्रतिष्ठान शशि भोजनालय सह रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी विकास दुबे ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांडी जैसे छोटे जगह में इस तरह के होटल एवं रेस्टोरेंट की सख्त जरूरत थी। यहां पर लोगों को शुद्ध और अच्छे व्यंजन खाने को मिलेंगे। प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर शशि कुमार ने बताया कि यहां पर दोनों तरह शाकाहारी व मांसाहारी भोजन की व्यवस्था होगी। साथ ही साउथ इंडियन डिष भी लोगों को मिलेंगे। हमारे यहां पूरे परिवार के साथ खाने का आनंद लिया जा सकता है। मौके पर अनूप कुमार, अरुण कुमार, सुरेंद्र विश्वकर्मा, राजेन्द्र तिवारी, जेपी सोनी, गाजी खान, पंकज कुमार, ऋषि कुमार, नीलेश कुमार, शंभु नाथ पाण्डेय, छोटू कुमार, राजेन्द्र तिवारी, अरविंद दुबे आदि लोग उपस्थित थे।

# राममय हुआ गुमला, दिखी आस्था की पराकाष्ठा, रामधुन पर थिरके हजारों लोग

## श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर में निकाली गयी भव्य शोभायात्रा, बड़ी संख्या में महिलाएं भी हुईं शामिल











**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** भगवान श्रीराम के प्रति आस्था की पराकाष्ठा आज गुमला शहर की सड़कों पर दिखी। जब हजारों की संख्या में शहर वासी भगवान राम की आस्था व भक्ति में सराबोर होकर सड़कों पर थिरके। मौका था अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सनातन मंच के द्वारा शहर में आयोजित भव्य शोभायात्रा की।

शोभायात्रा में सनातन धर्मावलंबियों की उमड़ी भीड़ भगवान राम के प्रति भक्ति को बखूबी प्रदर्शित कर रहा था। ऐसा पल त्रेतायुग में भी नहीं घटित हुआ होगा जब कलयुग में पूरी दुनिया भगवान राम के भक्ति में पुलकित है। मानो सनातनतियों को भगवान राम के दिव्य, भव्य व नव्य स्वरूप के दर्शन हो गये हो। गुमला में निकली शोभायात्रा के दौरान जय श्री राम, राम लखन जानकी, जय बोलो हनुमान, सियाबर राम चंद्र की जय,एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम के गगन भेदी नारे भी लगाये। शोभायात्रा में क्या बच्चे, क्या जवान, महिला हो या पुरूष राम आएंगे हम अंगना संजाएंगे जैसे गीतों पर उत्साह के साथ थरके। मानो ऐसा प्रतीत हो रहा था कि भगवान राम स्वयं स्वर्ग से धरा पर अवतरित होने वाले हैं और लोग उनकी भक्ति में रमे हुए हैं। पूरा गुमला जिला सहित गुमला शहर गेरूआ रंग में परिणत हो चुका है। बड़े-बडे भगवा ध्वज लेकर लोग शोभायात्रा में लोग शामिल हुए। भगवाध्वज से शहर लहरा रहा था। शोभायात्रा बस डिपू दुन्दुरिया से आरंभ हुई। जहां से दुन्दुरिया मिशन चौक होते हुए महावीर चौक, मेन रोड गुमला, टावर चौक, सिसई रोड, घाटो बगीचा, पालकोट रोड, डीएसपी रोड से होते हुए जशपुरा रोड से श्री बड़ा दुर्गा मंदिर परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में पुरूषों से अधिक भीड़ महिलाओं की रही। घर की दहलीज लांघकर पहली बार इतनी भारी संख्या में किसी जुलूस या शोभायात्रा में महिलाएं शामिल हुई। जो भगवान राम के प्रति आस्था व भक्ति ही करा सकती है। शोभायात्रा में सबसे आगे भगवाध्वज चल रहा था। जिसके पीछे पारंपरिक ढोल नगाड़ा की टीम चल रही थी। वहीं शोभायात्रा का नेतृत्व सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, नप अध्यक्ष दीपनारायण उरांव, वरिष्ठ भाजपा नेता विनय कुमार लाल, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुप चंद्र अधिकारी, पूर्व जिलाध्यक्ष सविंद्र सिंह, विजय मिश्रा, भाजपा महामंत्री मिशिर कुजूर, श्री बड़ा दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष निर्मल गोयल, सचिव रमेश कुमार, संजीव उवर्शी,अरूण साहु, मुनेश्वर साहु, नितेश लाल, रविन्द्र सिंह, बदरी कुमार गुलशन, शशि प्रिया बंटी, प्रमोद अग्रवाल,सुरेश मंत्री, अनिल आनंद, सरजू साहु, विष्णु अग्रवाल, राजेश सिंह, नंद किशोर सिंह, सुमित साबु सहित कई लोग उपस्थित थे। शोभायात्रा में अशोक त्रिपाठी के द्वारा माईक से जमकर नारे लगाये गये।

**पुष्पवर्षा से शोभायात्रा का हुआ स्वागत :** शोभायात्रा का शहर के विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। टावर चौक में चेंबर ऑफ कामर्स के पदाधिकारियों, मेन रोड, डीएसपी रोड व घाटो बगीचा में सनातन धर्मावलंबियों एवं सिसई रोड में अरूणोदय संघ दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी एवं शबरी आश्रम कि बच्चियों के द्वारा शोभा यात्रा में शामिल सभी सनातनी भाइयों और बहनों का टावर चौक में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा आज का दिन बहुत ही हर्षोल्लास का दिन है। भारतवर्ष के सभी सनातनी राम मय हैं। मौके पर अध्यक्ष दामोदर कसेरा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित माहेश्वरी, पूर्व अध्यक्ष रमेश चीनी, मो सब्बू, हिमांशु केशरी, शशि प्रिया बंटी, सत्यनारायण पटेल, सुषमा गुप्ता एवं सभी पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

**राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान की दिखी झांकी :** शोभायात्रा में भव्य झांकी का भी आयोजन किया गया। सजे हुए वाहन में बच्चे भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण व हनुमान की वेशभूषा धारण कर चल रहे थे। वहीं एक वाहन में विशाल तीन धनुष व भगवान राम का कटाउट लगाया गया। वहीं दूसरे वाहनों में राम, सीता, लक्ष्मण व हनुमान की वेशभूषा धारण किये बच्चे चल रहे थे। अखिल भारतीय भुईयां समाज के बच्चे भी शोभायात्रा में राम, सीता, लक्ष्मण व हनुमान की वेशभूषा धारण कर शामिल हुए।

**लड्डू, खीर, पानी की बोतल का वितरण :** शोभायात्रा में शामिल लोगों की सेवा के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर स्टॉल लगाया गया था। मेन रोड गुमला में गुप्ता परिवार के सदस्यों के द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों के बीच खीर का वितरण किया गया। वहीं पालकोट रोड में सनातन संगठन के सदस्यों के द्वारा लोगों के बीच लडडु और पानी की बोतल का वितरण किया गया। सिसई रोड में अरूणोदय संघ दुर्गा पूजा समिति के द्वारा लड्डू का वितरण किया गया। लोगों द्वारा पानी, टॉफी आदि का भी वितरण किया गया।

**सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम :** शोभायात्रा के दौरान विधि व्यवस्था को लेकर गुमला पुलिस चुस्त दुरूस्त दिखी। सुरक्षा की कमना एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल व थाना प्रभारी बिनोद कुमार स्वयं संभाल रखा था। दोनों अधिकारी शोभायात्रा के दौरान अपनी पैनी नजर बनाये रखे थे। वे शोभायात्रा में किसी तरह की विघ्न उत्पन्न न हो इसलिए सबसे आगे चल रहे थे। इसके अलावे पुलिस के कई पदाधिकारी व जवान शोभायात्रा के साथ-साथ चल रहे थे।

## खबर एक नजर में

### सेहल गांव में निकाली गयी कलशयात्रा सह झांकी

**घाघरा।** अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सेहल गांव में रविवार को कलश यात्रा सह नगर भ्रमण झांकी का आयोजन किया गया। इस क्रम में सेहल स्थित शिव मंदिर से सैकड़ो की संख्या में महिलाएं बच्चियों द्वारा कलश लेकर सेहल बड़की नदी पहुंचे। जहां कलश में जल भरी कराई गई। कलश यात्रा जलका, बरटोली होते हुए पुनः सेहल शिव मंदिर पहुंची। इस क्रम में भगवान शिव श्री राम, लक्ष्मण माता सीता, बजरंगबली के रूप में झांकी भी निकाली गई ।

### शहीद देवनारायण भगत को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**घाघरा।** शहीद देवनारायण भगत के पुण्यतिथि पर चांदनी चौक स्थित प्रतिमा पर रविवार को समाजसेवियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस क्रम में शहीद की माँ नीलू भगत, शिक्षक विजय कुमार साहू ,महेंद्र भगत ,प्रो राजा सिंह,भिखारी भगत, विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव, पूर्व उपप्रमुख कृष्णा कुमार लोहरा सहित अन्य समाजसेवियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

### डीएवी स्कूल में दंत जांच शिविर का आयोजन

**गुमला।** मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा के सौजन्य से डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में दो दिवसीय निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। दंत जांच शिविर में डाक्टर मनप्रिया फोगला ने कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के छात्र-छात्राओं के दांतों की जांच की। उन्होंने बच्चों को चॉकलेट, मिठाई और आइसक्रीम खाने के बाद याद से ब्रश करने की सलाह दी। इसके अलावा उन्हें बताया कि दांतों को कैसे साफ और मसूड़ों को कैसे स्वस्थ रखें।

### श्रीराम संपूर्ण भारतवासियों के आदर्श : नजीर आलम खान

**कैरो (लोहरदगा)।** कैरो निवासी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष सह जिला शांति समिति सदस्य नजीर आलम खान ने कहा की मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम सम्पूर्ण भारतवासियों के आदर्श है। उन्होंने कहा 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देश के सभी वर्गो, सभी समुदायों के लोगों को सहयोग व सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा उनके बताए मार्गो पर चलते हुए उनके मर्यादित जीवन शैली को अपनाना चाहिए। जब वे त्रेता युग में अवतार लिए थे तो उनकी लड़ाई कोई जात-पात से नहीं थी बल्कि वे बुराई से लड़ते हुए असत्य पर विजय प्राप्त किया था। अयोध्या में श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर व रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शांति और सौहार्द कायम कर जिला के पुलिस व प्रशासन का सहयोग करना चाहिए।

### सरना टोली में लगाया गया भगवा ध्वज

**लोहरदगा।** प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त शहर के सरना टोली में भगवा ध्वज वितरण किया गया। मौके पर ध्वज को लगाया भी गया जिसकी अध्यक्षता प्रियांशु कुमार ने की। मौके पर उन्होंने कहा कि बड़े ही सौभाग्य की बात है कि आज हमें प्राण प्रतिष्ठा के लिए काम करने का मौका मिला। 500 वर्षों के इंतजार के बाद यह मौका मिला है। 22 जनवरी को बड़े ही धूमधाम से प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम जिले भर में अच्छा से मनाया जाएगा। सरना टोली के राम भक्तों ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा बहुत ही भव्य रूप से हम लोग सरना टोली में मनाएंगे।

### 22 जनवरी अविस्मरणीय और ऐतिहासिक दिन : ओम प्रकाश सिंह

**लोहरदगा।** वरिष्ठ समाजसेवी ओम प्रकाश सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा की भगवान पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र के अयोध्या में भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से संपूर्ण लोहरदगा क्षेत्र में राममय वातावरण का निर्माण हो गया है। मंदिरों में स्वच्छता और उसे सजाने का कार्य पूरे लगन से किया जा रहा है। श्री सिंह ने कहा कि 22 जनवरी 2024 को संपूर्ण देश का अविस्मरणीय तथा ऐतिहासिक तिथि के रूप में जाना जाएगा। हर्ष व्यक्त करने वालों में मनीर उरांव,बृज बिहारी प्रसाद,मदन मोहन पाठक,अजय मित्तल,राजकिशोर महतो,श्री चंद्र प्रजापति,दीपक सर्राफ, संजय बर्मन, अजय पंकज,देवाशिष कार,अनिल पाण्डेय,दिलिप पटनायक, सरोज प्रजापति आदि शामिल हैं।

### सेवा भारती ने किया स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 84 वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से इसका शुभारंभ किया। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 30 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए।

### मोटरसाइकिल चोर हुए विफल

कुडू (लोहरदगा)। कुडू थाना क्षेत्र में शनिवार को ग्रामीणों की सूझबूझ से मोटरसाइकिल चोर हुए विफल हो गये। शनिवार की रात आठ बजे अनिल साहू की दुकान से मोटरसाइकिल चोरी की कोशिश की गयी। पर, ग्रामीणों की सूझबूझ से चोर भाग गये लेकिन उनकी बाइक छूट गयी। जानकारी के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मोटरसाइकिलपल्सर जे एस 01ए सी 0581 को जब्त कर लिया।

# लोहरदगा में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हर्षोल्लास

## सुरक्षा को लेकर मोटरसाइकिल से हुआ फ्लैग मार्च



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** अयोध्या में सोमवार (22 जनवरी) को होने वाली राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर में हर्षोल्लास छाया हुआ है। शहर में भगवा ध्वज लहरा रहा है। इधर, जिला प्रशासन पूरी तरह चौकस है। जिले में सुरक्षा व्यवस्था और शांति के माहौल को कायम रखने को लेकर रविवार को सदर थाना परिसर से जिला प्रशासन ने सड़क पर उतर कर सद्भाव का संदेश दिया है।

लोहरदगा उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण और लोहरदगा एसपी हारीश बीन जमा के नेतृत्व में मोटरसाइकिल पर फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसमे एसडीओ अमित कुमार, सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव सहित कई अधिकारी और साथ में भारी पुलिस बल शामिल हुए। इस फ्लैग मार्च के जरिए पुरे शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर शांति बनाए रखने की अपील जिला प्रशासन कर रही है। पुलिस के जवान मोटरसाइकिल पर कतारबद्ध होकर अनुशासित रूप से मार्च करते हुए लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण को कायम रखने को लेकर सभी से सहयोग करने का अनुरोध किया गया। शहर के अलग-अलग हिस्सों में घूमकर जिला के उपायुक्त और एसपी के साथ अधिकारियों और जवानों ने शांति का संदेश दिया है। फ्लैग मार्च के माध्यम से जिला प्रशासन ने बताया कि किसी भी स्थिति में असामाजिक तत्वों और सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले लोगों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार है। पुलिस सोशल मीडिया पर भी नजर बनाए हुए है। मुख्यालय से जिले में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि शांति मय माहौल में प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न कराई जा सके।

### मंदिर में पहुंचा जटायु रूपी पक्षी, लोगों ने की पूजा



**लोहरदगा।** जिले के शहरी क्षेत्र स्थित तिवारी दुरा जगरनाथ मंदिर में रविवार की सुबह सुबह जटायु रूपी पक्षी के आने से कौतूहल बना रहा। इस दौरान लोग बड़ी संख्या में मंदिर पहुंच कर जटायु रूपी पंक्षी की पूजा अर्चना की। पक्षी गरुड़ की तरह दिख रहा था। इसे देखने के लिए लोगो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोग गरुड़ को जटायु का रूप समझ कर पूजा अर्चना व आरती की। पुजारी और लोग श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक दिन पहले गरुड़ पक्षी के आगमन को शुभ संकेत मान रहे है।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बसिया के कई गांवों का किया दौरा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

## देश में आर्थिक सामाजिक व राजनीतिक न्याय को राहुल गांधी ने शुरू की यात्रा : चैतु उरांव

**गुमला।** राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर क्षेत्र भ्रमण रविवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतु उरॉव ने ग्रामीणों से मुलाकात की। वे बसिया प्रखंड के कुम्हारी, परसामा, लुगटुं, बनई, बंगर केला, नवाडीह आदि गांवों का भ्रमण कर राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बारे बतलाये। चैतु उरांव ने कहा कि राहुल गांधी देश के जनता के न्याय के लिए 14 जनवरी को मणिपुर से झारखंड होते हुए मुंबई तक न्याय यात्रा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज देश में आर्थिक न्याय, सामाजिक न्याय ,राजनीतिक न्याय की आवश्यकता है। बेरोजगार युवाओं, कर्ज में डूबे किसानों और महंगाई के मार के बीच पढ़ाई, कमाई और दवाई के लिए संघर्ष करते गरीबों के साथ न्याय के लिए हम सभी के लिए यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में रोजगार के संकट से लोग जूझ रहा हैं। जहां इंजीनियर मजदूरी का काम करते हैं और पीएचडी धारक चपरासी पद के लिए आवेदन देते हैं। हमें यह सुनिश्चित करना है कि रह वर्ष भारतीय युवा को उसकी आकांक्षाओं और कौशल के अनुरूप रोजगार मिले। जब प्रधानमंत्री देश के संपत्ति अपने गरीबों दोस्तों को सौंप देते हैं तो गरीब और गरीब हो जाते हैं और मध्यम वर्ग को अपनी बचत खत्म होती नजर आती है। हमें सभी के लिए आर्थिक न्याय और शिक्षा आजीविका और स्वास्थ्य का मौलिक अधिकार को सुनिश्चित करना है। एक ओर जहां किसान खेतिहर मजदूर कर्ज में डूब रहे हैं। वहीं मोदी सरकार अमीरों का कर्ज माफ कर रही है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक किसान को उसकी उपज का सही दाम मिले।


चैतु उरॉव ने कहा कि आज मोदी सरकार ने हमारा देश में शक्ति संतुलन बनाए रखने वाली सभी संस्थाओं को कुचल दिया है। हमें बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को सुरक्षित और संरक्षित करना है जो हर भारतीय के लिए न्याय ,गरिमा और सम्मान सुनिश्चित करता है। आज हम सबको राहुल गांधी के साथ न्याय यात्रा में साथ चलकर देश को बचाना है। मौके पर जिला सचिव तरुण गोप, देवा साहु, प्रखंड महासचिव तुलसी साहू, पंचायत अध्यक्ष कुम्हारी अब्राहम बारला, पूर्व पंचायत अध्यक्ष जय मंगल उरांव, पंचायत अध्यक्ष लुगटुं सहदेव राम, प्रखंड सचिव सुमित साहू, बनई पंचायत अध्यक्ष जोहान टोप्पो, मुन्ना इंदवार, विनीता लकड़ा और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### कोराम्बे जंगल में सड़क दुर्घटना, बाइक सवार दो युवकों की मौत

**लोहरदगा।** जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के कोराम्बे पथ पर कोयल नदी के समीप जंगल में देर रात हुई सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार तीन युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस 108 से सदर अस्पताल लोहरदगा ले जाने के दौरान दो युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि दोनों मृतक युवक की पहचान गुमला जिले के पुसो थाना क्षेत्र अंतर्गत लरंगो निवासी रविंद्र उरांव और सुनेशर उरांव के रूप में की गयी। पुलिस ने दोनों मृतक युवक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। बताया जाता है कि तीनों शादी समारोह में चाउ चुरकू जाने की बात बोल घर से निकले थे। रास्ते में मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो पेड़ से टकराती हुई नाले में जा गिरी। इसमें सुनेशर उरांव तथा रविंद्र उरांव की मौत हो गयी। तीसरा घायल युवक शशि उरांव का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

# कैरो में बस एक ही नाम, जय श्रीराम जय श्रीराम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कैरो (लोहरदगा)।** आज अयोधया में होने वाले श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रखंड मुख्यालय सहित पूरे प्रखंड क्षेत्र भगवा रंग में रंग चुका है। क्षेत्र में जगह जगह में कृतन भजन, मंदिरों की साफ सफाई में भक्त रमे हुए दिखे। कहीं मंदिरों में भजन तो कहीं राम कथा, किसी के घर में पूजा तो किसी के यहां रामचरित मानस की पाठ हो रही है। प्रखंड मुख्यालय स्थित हनुमान मंदिर से लेकर पूरा चौक को भगवा झंडा से सजा दिया गया है वहीं, गांव गांव में स्थित मंदिरों व रास्ता को सजा दिया गया है, साथ ही अलग अलग जगहों में भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। इधर प्रसासन भी क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर मुस्तैद दिख रही है। विशेष आयोजन को लेकर कैरो, उतका, टाटी, खरता, हनहट, गीतिलगढ़, चाल्हो, नरौली, गुड़ी, गजनी सहित पूरे प्रखंड क्षेत्र में बस एक ही गूंज सुनाई दे रही है जय श्री राम जय श्री राम। कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित हनुमान मंदिर, खरता देवी, मण्डप, हनहट, नगजुवा सहित अनेक गांव में पाठ, भंडारा का भी आयोजन किया जा

### भंडरा में कई कार्यक्रमों का आयोजन



**भंडरा (लोहरदगा)।** राम मंदिर अयोध्या की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भंडरा के लोगों में उत्साह चरम पर है। जगह-जगह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। हर कोई इस ऐतिहासिक पल को यादगार बनाने में जुटा हुआ है। कोई मंदिर की सफाई में जुटा है, तो कोई लोगों के बीच निमंत्रण पत्र बांट रहा है। कहीं अखंड हरी कीर्तन, तो कहीं राम कथा का आयोजन,कहीं भंडारा,कहीं यज्ञ चहु ओर राम नाम का गुण सुनाई दे रहा है। इस महोत्सव का गवाह बनने वाले में इसे लेकर उत्साह ही उत्साह है। चारों ओर भक्ति की धारा बह रही है। राम नाम की भावना का ज्वार उठ रहा है। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर समाज के हर वर्ग में एक उत्साह नजर आ रहा है। युवा बच्चों और महिलाओं में सबसे अधिक उमंग है। अनुष्ठान को लेकर सभी अपनी ओर से तैयारी कर रहे हैं। घर से लेकर मंदिर गली मोहल्ला और गांव में भी एक उत्सव का माहौल दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों में उत्साह है लोग श्री राम ज्योति जलाने की तैयारी में है।

# सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक चेतना के लिए सम्मेलन जरूरी : अहीर सेना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** अहीर सेना झारखंड का वनभोज सह कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को गुमला सदर प्रखंड के मुरकुंडा गांव स्थित जोलो नदी पुल पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत श्री कृष्ण भगवान का वंदन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित कर समाज के अथितियों के द्वारा किया गया। सम्मेलन में प्रत्येक साल जिला में अहीर जतरा का आयोजन करने व मृत्यु पर कफन के बदले पैसे की शुरूवात करने का निर्णय लिया गया। साथ ही शहीद संतोष गोप की स्मृति में 12 अक्टूबर को शहीद मेला का आयोजन करने का भी निर्णय लिया गया। सम्मेलन में बिनय गोप ने अहीर सेना झारखण्ड का परिचय कर कार्यक्रम की शुरूआत की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए अहीर सेना के वक्ता लोहरमैंन गोप ने कहा कि समाज में आपसी सामंजस्य जरूरी है और सामाजिक एकता का अपना महत्व है। भूषण भगत ने कहा कि सामाजिक और राजनीतिक वर्चस्व के लिए सामाजिक एकता जरूरी है। इसके बिना समाज आगे बढ़ नहीं सकता है। एकता से ही हम समाज को अच्छे मुकाम पर ले जा सकते हैं। महिला टीम के सुमन लता कुमारी और योगेंद्र यादव ने कहा कि सम्मेलन एकजुट करने का अच्छा प्लेटफार्म है। पूर्व फौजी रामलखन गोप ने कहा कि समाज में खेलकूद प्रतियोगी परीक्षा में चयनित के साथ विभिन्न परीक्षाओं में अच्छा परिणाम देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। आप लोंगो की तैयारी मैं करवाने में सहयोग करूंगा। अहीर सेना के सदस्यों ने कृष्ण भगवान के आदर्शों पर चलने का प्रण लिया और वक्ताओं ने कहा की हमलोग भगवान कृष्णा के कुल के है और अहीर समाज हमेशा से समरसता के प्रतीक रहा। इससे पूर्व सभी अतिथि भगवान कृष्णा और श्री राम के वंदन के साथ कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में 24 घंटे सेवा देने वाले समाज के रक्तदान करने वाले रक्तवीर को भी सम्मानित किया गया। मंच संचालन रविंद्र गोप और चंदन गोप और सुरेश गोप ने किया। कार्यक्रम समाज के लगभग 5000 हजार लोग शामिल हुए। इसमें आंनद गोप, रामबिलास गोप, नीलेश गोप, बसन्त गोप, जलेस्वर गोप, मनोहर गोप, सुलनेन्ड गोप, क्रिष्ण गोप,कार्तिक गोप, अमित गोप, मुकेश गोप, केश्वर गोप, पारस गोप आदि उपस्थित थे।

### योग परिवार गुमला ने निकाली प्रभातफेरी

**गुमला।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार की सुबह योग परिवार गुमला के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी बिरसा मुंडा एग्रो पार्क से पटेल चौक, शहीद चौक, डीएसपी रोड होते हुए नारायणी श्याम मंदिर में जाकर समाप्त हुई। प्रभात फेरी जय श्री राम के नारों से गूंज मान रहा। प्रभात फेरी में सदस्यों ढोल झाल शंख आदि बजाकर भक्ति का परिचय दिया। मौके पर अध्यक्षत अशोक जायसवाल सहित योग परिवार गुमला के सभी सदस्य एवं संघ परिवार के सदस्य शामिल हुए।

पेज 5 के शेष

### कल खूंटी में अबुआ आवास योजना की शुरूआत

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी अबुआ आवास योजना की शुरूआत 23 जनवरी को कराने की तैयारी की जा रही है। ग्रामीण विकास विभाग यह प्रयास कर रहा है कि खूंटी जिले से इस योजना की लांचिंग करा दी जाये। खूंटी जिला प्रशासन ने इसकी तैयारी भी कर ली है। झारखंड सरकार ने इस वित्तीय वर्ष 2023-24 31 मार्च तक इस योजना से दो लाख लाभुकों को आवास योजना की स्वीकृति देने का लक्ष्य दिया है। सभी जिलों को इसके लिए अलग-अलग टारगेट दिया गया है। ग्रामीण विकास सचिव चंद्रशेखर ने बताया कि करीब 31 लाख आवेदन आवास योजना के लिए प्राप्त हुए हैं। इनमें से 29.97 लाख का आवेदन सत्यापित कर लिया गया है। 23 जनवरी को पहली किस्त की राशि भी दे दी जायेगी। पहली किस्त में आवास योजना की स्वीकृति के समय 30 हजार रुपये दी दिए जायेंगे। दूसरी किस्त में लिंटल कार्य के लिए 50 हजार रुपये, तीसरी किस्त में छत ढलाई के समय एक लाख रुपये व आवास पूर्ण होने के समय 20 हजार रुपये चौथी किस्त के रूप में दी जायेगी। आवास में बिजली,पानी, शौचालय इत्यादि की भी सुविधा पहुंचाई जायेगी। अबुआ आवास योजना से तीन कमरा का पक्का आवास बनाया जायेगा।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

॥ राम मंदिर ॥
अयोध्या




## जय श्री राम

प्रभु श्री राम भारतवर्ष की आत्मा हैं अंततः 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। यह दिन भारत के लिए ऐतिहासिक दिन है। जब-जब इस दिन का जिक्र होगा करोड़ो लोगों की आस्था व विश्वास के जीत का जश्न मनाया जायेगा। एक बार फिर दिवाली हो रही है, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सभी देशवाविसयों को अनंत बधाई एवं शुभकामनाएं। इस शुभ अवसर पर टैगोर हिल रोड के साथ पुरे मोराबादी में सभी घरों एवं दुकानों में दीप जलाए जाएंगे साथ में जगह-जगह पर लड्डु एवं खीर वितरण की व्यवस्था की गई है तथा इस दिन शाम को अतिशबाजी के साथ दीपावली मनाया जायेगा। इस शुभ कार्य की बेला में आप सभी आमंत्रित हैं।















# जोकोविच ने की रोजर फेडरर की बराबरी

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचते ही बनाया रिकॉर्ड



एजेंसी

**मेलबर्न।** सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच ने महान रोजर फेडरर के सर्वकालिक ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल रिकॉर्ड की बराबर कर ली। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जोकोविच ने रविवार को एड्रियन मानारिनो पर 6-0, 6-0, 6-3 की जीत से क्वार्टरफाइनल में एंट्री करते हुए यह महारिकॉर्ड बनाया। 10 बार के ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन जोकोविच ने एक घंटे 44 मिनट में मिली जीत के दौरान 31 विनर जमाए और मेजर में 58वीं बार अंतिम आठ में प्रवेश कर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की। जोकोविच 14वीं दफा ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे और उनकी निगाहें 25वें ग्रैंडस्लैम एकल खिताब पर लगी हैं। अब उनका सामना 12वें नंबर के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज से होगा। फ्रिट्ज पिछले साल यहां उप विजेता रहे स्टेफानोस सिटसिपास पर 7-6 (3), 5-7, 6-3, 6-3 की जीत से पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे।

### मैग्डेलेना को हराकर पहुंची क्वार्टर फाइनल में पहुंची कोको गॉफ



**मेलबर्न।** अमेरिकी टेनिस स्टार कोको गॉफ रविवार को महिला एकल मुकाबले में मैग्डेलेना फ्रेच को सीधे सेटों में 6-1, 6-2 से हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। रविवार को खेले गए मुकाबले में कोको ने बेहतर तकनीक और जोश का शानदार मुजाहिरा करते हुए एक घंटे तीन मिनट में मैग्डेलेना को 6-1, 6-2 से हराया। कोको का अगला मुकाबला पहली बार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनलिस्ट यूक्रेन की माटर कोस्तयुक से होगा। कोस्त्युक ने रविवार को किआ एरेना में क्वालीफायर मारिया टिमोफीवा को 6-2, 6-1 से हराकर अंतिम आठ में पहुंची है। इसके साथ ही कोको ने सत्र में अपनी जीत के क्रम को जारी रखा है। अमेरिकी खिलाड़ी ने वर्ष के पहले सप्ताह में अपने ऑकलैंड खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया और अब 2024 में अब तक 9-0 शुरूआत को बरकरार रखा है। वह अपने खेल के अलावा अन्य कारणों से भी सुर्खियों में हैं। उन्होंने अपने शूज पर कई संदेश लिखे हैं, उनमें से एक यह भी है कि आप अपने रैकेट से दुनिया बदल सकते हो। यह बात कभी कोको के पापा ने उनसे कही थी।

#### रुबलेव ने मिनौर को किया बाहर

आंद्रे रूबलेव ने दुनिया के नंबर दस एलेक्स डि मिनौर को पांच सेटों में 6-4, 6-7(5), 6-7(4), 6-3, 6-0 से दसवीं बार किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अब उनकी कोशिश पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचने की होगी। यह टूर पर उनकी 300वीं जीत रही। अब उनके सामने यानिक सिनर की चुनौती होगी।

### सानिया ने तलाक की पुष्टि की, शोएब मलिक को 'शादी' की शुभकमनाएं दीं

**नयी दिल्ली।** सानिया मिर्जा के परिवार ने रविवार को भारतीय टेनिस स्टार और शोएब मलिक के अलग होने की पुष्टि की। मलिक ने एक दिन पहले अभिनेत्री सना जावेद से दूसरे निकाह की घोषणा की थी। दोनों देशों के खेल प्रेमियों के बीच इस 'हाई प्रोफाइल' जोड़ी को लेकर काफी दिलचस्पी रहती थी लेकिन उनके तलाक से इसका अंत हो गया। मलिक ने शनिवार को सना के साथ अपनी शादी की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी। सानिया के परिवार द्वारा जारी बयान के अनुसार, सानिया ने अपनी व्यक्तिगत जिंदगी को हमेशा लोगों की नजरों से दूर रखा है। लेकिन रविवार को उनके लिए यह बताना जरूरी हो गया है कि कुछ महीने पहले ही उनका और शोएब का तलाक हो चुका है। वह शोएब को उनके नये सफर के लिए शुभकामनाएं देती हैं।

## इंडिया ओपन फाइनल में हारे सात्विक-चिराग

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी को कैंग मिन ह्युक और सियो सेयुंग जेइ की दक्षिण कोरिया की विश्व चैंपियन जोड़ी के खिलाफ रविवार को यहां पुरुष युगल फाइनल में पहला गेम जीतने के बावजूद हार के साथ इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूनार्मेंट में उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा। सात्विक और चिराग की एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता जोड़ी को फाइनल में कैंग और सियो की दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी के खिलाफ एक घंटा और पांच मिनट में 21-15, 11-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा जिससे यह जोड़ी दूसरी बार इंडिया ओपन का खिताब जीतने में सफल रही। विश्व चैंपियन कैंग और सियो के खिलाफ अच्छी शुरूआत करने के बाद भारतीय जोड़ी ने लय गंवा दी और लगातार सहज गलतियां की जिसका खामियाजा मेजबान देश की जोड़ी को खिताब गंवाकर चुकाना पड़ा। भारत और कोरिया की जोड़ी के बीच शुरूआत से ही कड़ी टक्कर देखने को मिली। सात्विक और चिराग ने पहले तीन अंक शटल को नेट के पार कराने में नाकाम रहने के कारण गंवाए। सात्विक में शुरूआत में काफी गलतियां की जिससे कैंग और सियो को कुछ आसान अंक मिले। खेल की गति काफी तेज थी इसलिए गलती की गुंजाइश भी काफी कम थी। सात्विक और चिराग ब्रेक तक 11-9 से आगे रहे। ब्रेक के बाद भारतीय जोड़ी ने स्कोर 13-9 किया और फिर बढ़त बरकरार रखते हुए इसे 18-13 किया। चिराग के स्मैश से भारतीय जोड़ी ने छह गेम प्वाइंट हासिल किए। कोरिया की जोड़ी ने एक अंक बचाया लेकिन फिर चिराग के शॉट को वापस भेजने में नाकाम रही जिससे सात्विक-चिराग ने पहला गेम 18 मिनट में 21-15 से जीत लिया। दूसरे गेम में कोरिया की जोड़ी ने बेहतर शुरूआत करते हुए 5-1 की बढ़त बनाई। चिराग ने अपने तूफानी स्मैश से दो अंक जुटाकर स्कोर 4-6 किया। सात्विक और चिराग ने इस बीच कुछ शॉट बाहर और नेट पर मारे जिससे कैंग और सियो ब्रेक तक 11-5 की मजबूत बढ़त बनाने में सफल रहे। सात्विक और चिराग गलतियों पर अंकुश नहीं लगा पा रहे थे और कोरिया की जोड़ी ने लगातार नौ अंक के साथ स्कोर 16-5 किया और फिर आसानी से गेम जीतकर मुकाबला 1-1 से बराबर कर दिया। तीसरे और निर्णायक गेम में भी सात्विक और चिराग ने लगातार सहज गलतियां की जिससे कैंग और सियो ने 6-3 की बढ़त बनाई। सात्विक और चिराग ने कई शॉट नेट पर और बाहर मारे जबकि विरोधी जोड़ी को नेट से पीछे भी नहीं धकेल पाए।

### टेस्ट सीरीज से पहले इंग्लैंड को लगा तगड़ा झटका

**नयी दिल्ली।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (इसीबी) ने रविवार को घोषणा की कि हैरी ब्रूक भारत के खिलाफ पांच मैच की टेस्ट सीरीज में नहीं खेलेंगे क्योंकि मध्यक्रम का यह बल्लेबाज निजी कारणों से तुरंत स्वदेश लौट जायेगा। इसीबी ने गुरुवार से हैदराबाद में शुरू होने वाली सीरीज के लिए ब्रुक की जगह डेन लॉरेंस को टीम में मौका मिला है। इस सीरीज से पहले अभ्यास शिविर के लिए ब्रुक टीम के साथ अबुधाबी पहुंचे थे। इसीबी के बयान के अनुसार, ब्रुक का परिवार इस दौरान निजता का सम्मान करने का अनुरोध करता है। इसीबी और परिवार मीडिया और जनता से अनुरोध करते हैं कि वे उनकी इस इच्छा का सम्मान करें और उनकी निजता में हस्तक्षेप करने से बचें। इसके अनुसार, 'इंग्लैंड के चयनकर्ता आने वाले समय में दौरे के लिए उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी के नाम की पुष्टि करेंगे।

### दिल्ली ने जीता राष्ट्रीय महिला खो-खो का खिताब

**बांदा।** अंतरराष्ट्रीय सितारों से सजी दिल्ली ने रविवार को यहां संपन्न खेलो इंडिया के तहत राष्ट्रीय महिला खो-खो सीनियर का खिताब अपने नाम कर लिया। अतर्रा के तथागत ज्ञानस्थली सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीनियर वर्ग के फाइनल में दिल्ली ने रोमांचक मुकाबले में हरियाणा को 13 अंकों से हरा दिया। दिल्ली की जीत में अर्जुन पुरस्कार विजेता नसरीन शेख की भूमिका अहम रही। उनके अलावा रक्षा पंक्ति में शहनाज ने अपना रोल संजीदगी से निभाया। हरियाणा की मीनू ने खिताबी हार के बावजूद टूनार्मेंट में पूरा दमखम दिखाया जिसके चलते उन्हे प्लेयर आफ द टूनार्मेंट के खिताब से नवाजा गया।

### मिश्रित स्कीट टीम स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ भारत का अभियान समाप्त

**कुवैत सिटी।** रायजा ढिल्लों और गुरजोत सिंह खंगुरा के मिश्रित स्कीट टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के बाद भारत ने रविवार को एशियाई शॉटगन चैंपियनशिप 2024 को एक स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक के साथ समाप्त किया। भारतीय निशानेबाज जोड़ी ने कांस्य पदक मैच में कुवैत के अब्दुल्ला अल-रशीदी और इमान अल-शमा को 41-39 से हराया। चीन ने स्वर्ण पदक के लिए कजाकिस्तान को 45-43 के स्कोर से हराया, जबकि दूसरा कांस्य पदक बहरीन ने जीता, उसने कतर को 39-38 के स्कोर से मात दी।

### मान सिंह ने एशियाई मैराथन में जीता स्वर्ण पदक




**हांगकांग।** भारत के मान सिंह ने रविवार को आयोजित एशियाई मैराथन चैंपियनशिप 2024 में दो घंटे 14 मिनट और 19 सेकेंड (2:14:19) के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। 34 वर्षीय भारतीय मैराथन धावक ने पुरुषों की स्पर्धा में चीन के हुआंग योंगझेंग को 65 सेकेंड के अंतर से हराया। हुआंग को रजत पदक मिला वहीं किर्गिस्तान के तियापकीन इल्या 2:18:18 समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे और उन्हें कांस्य पदक मिला। इस स्पर्धा में भाग ले रहे अन्य भारतीय धावक बेलियप्पा अप्पाचांगडा बोपैया 2:20:20 समय के साथ छठे स्थान पर रहे। उल्लेखनीय है कि मान सिंह का पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2:16:58 था, जो उन्होंने मुंबई मैराथन 2023 में बनाया गया था। पुरुषों की मैराथन में भारत का राष्ट्रीय रिकॉर्ड शिवनाथ सिंह का है, जिन्होंने 1978 में जालंधर में 2:12:00 का समय निकाला था। पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए, पुरुषों की मैराथन में प्रवेश मानक 2:08:10 है। मान सिंह एशियाई खेल 2023 में भारतीय दल का हिस्सा थे जहां वह मैराथन स्पर्धा में 2:16:59 के समय के साथ आठवें स्थान पर रहे थे। एशियाई मैराथन चैंपियनशिप 2024 में चार भारतीय धावकों ने हिस्सा लिया। महिलाओं की स्पर्धा में, भारत की अश्विनी जाधव 2:56:42 समय के साथ आठवें स्थान पर रहीं और ज्योति गावटे ने 3:06:20 का समय निकाला और वह 11वें स्थान पर रहीं।

### हॉकी 5एस महिला विश्वकप 2024 के लिए भारतीय टीम ओमान रवाना

**बेंगलुरु।** एफआइएच हॉकी 5एस महिला विश्वकप 2024 के नये छोटे संस्करण में भाग लेने के लिए आज भारतीय महिला टीम ओमान के लिए रवाना हो गई है इस टूनार्मेंट से अंतरराष्ट्रीय महासंघ को खेल में नई प्रतिभाओं को आकर्षित करने की उम्मीद है।

### इंग्लैंड की 'बैजबॉल' का सामना करने के लिए हमारे पास 'विराटबॉल' है : सुनील गावस्कर

**नयी दिल्ली।** महान खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने कहा कि 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू होने वाली पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में इंग्लैंड की बैजबॉल का सामना करने के लिए भारत के पास 'विराटबॉल' मौजूद है। इंग्लैंड के बल्लेबाज अब बहुत ही आक्रामक शैली में खेलते हैं जो उनके मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम के खेलने के तरीके से जुड़ा है। गावस्कर ने कहा, विराट कोहली जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं, उनका मूवमेंट अच्छा है। वह जिस फॉर्म में हैं, उसे देखते हुए 'बैजबॉल' का सामना करने के लिए हमारे पास 'विराटबॉल' मौजूद है।

## पेरिस सेंट जर्मेन फ्रेंच कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** फ्रांस के सुपर स्टार किलियन एंबाप्पे का इस सत्र में अपने क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के लिए शानदार प्रदर्शन का क्रम जारी है। फ्रेंच कप में पीएसजी ने तीसरे दर्जे में खेलने वाले क्लब ऑरलियांस को 4-1 से पराजित कर अंतिम-16 में जगह बना ली। एंबाप्पे ने इस जीत में न सिर्फ दो गोल किए बल्कि बाकी के दोनों गोल में सहायता भी की। इन दो गोल के साथ एंबाप्पे के इस सत्र में पीएसजी के लिए 26 मैच में 28 गोल हो गए हैं। वहीं उन्होंने क्लब के लिए अपने गोलों की संख्या रिकॉर्ड 240 कर ली है। वह बीते सत्र में उरुग्वे के एडिंसन कवानी का क्लब के लिए सर्वाधिक गोल का रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं। एंबाप्पे ने खेल के 16वें मिनट में रैंडल कोलो मुआनी के साथ मिलकर गोल किया। इसके बाद उन्होंने 62वें मिनट हैंडबॉल के चलते मिली पेनाल्टी पर गोल दागा। 71वें मिनट में उन्होंने बाएं छोर से क्रांस फेंका जिस पर गोंसालो रामोस ने गोल किया। इसके बाद 88वें मिनट में एंबाप्पे ने सेनी मायुलु को पास दिया, जिस पर उन्होंने आसानी से गोल किया। ऑरलियांस के लिए निकोलस सेंट रुफ ने 86वें मिनट में गोल किया। वहीं 2022 के विजेता नांट्स को लावाल ने 0-1 से पराजित किया।

#### जॉर्डन ने कोरिया को 2-2 से ड्रॉ पर रोका

एशिया कप फुटबॉल में जॉर्डन ने कोरिया को 2-2 से ड्रॉ पर रोक दिया। कोरिया को यह ड्रॉ जॉर्डन की ओर से किए गए आत्मघाती गोल के जरिए नसीब हुआ। इस ड्रॉ के साथ ग्रुप ई में 1990 में जर्मनी को विश्वकप जिताने वाले पूर्व फुटबॉल जुर्गेन क्लिंसमैन की कोचिंग में खेल रही कोरिया और जॉर्डन के चार-चार अंक हो गए हैं। यह 24 घंटे के अंतराल में दूसरा अप्रत्याशित परिणाम है। इससे पहले इराक ने जापान को 2-1 से पराजित किया था। कोरिया को टॉटनहेम के स्टार फुटबॉलर सोन ह्यूंग मिन ने पांचवें मिनट में पेनाल्टी पर बढ़त दिलाई। 37वें मिनट में जॉर्डन ने पार्क यांग वू के आत्मघाती गोल से बराबरी हासिल की। छह मिनट बाद यजान अल नैमत ने गोल कर जॉर्डन को बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ के स्टापेज समय में ह्वांग इन के जमीनी शाट को यजान अल अरब ने अपने ही गोल में पहुंचा दिया, जिससे मुकाबला 2-2 की बराबरी पर छूटा। इसी ग्रुप में बहरीन ने मलयेशिया को 1-0 से हराया।

### दिल्ली ने जीते दो स्वर्ण पदक, चंडीगढ़ पंजाब, गुजरात मणिपुर ने भी खोता खाता

**चेन्नई।** मेजबान तमिलनाडु और दिल्ली ने रविवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 के दूसरे दिन सोमवार को दो-दो स्वर्ण पदक जीते जबकि पंजाब, गुजरात, चंडीगढ़ और मणिपुर ने एक-एक पदक के साथ अंक तालिका में अपना नाम जोड़ा। नव्या एसएच ने लड़कियों के पारंपरिक योगासन में दिन का पहला स्वर्ण जीता और फेंसर अर्लिन एवी ने लड़कों के सेबर में हरियाणा के लक्ष्य बडसेर को 15-14 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इससे तमिलनाडु की पदकों की संख्या छह हो गई, जिसमें चार स्वर्ण और दो कांस्य शामिल हैं।

## पुजारा के प्रथम श्रेणी में 20 हजार रन पूरे, गावस्कर-सचिन व द्रविड़ के क्लब में शामिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने रविवार (21 जनवरी) को एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। उन्होंने प्रथम श्रेणी मैचों में अपने 20 हजार रन पूरे कर लिए। वह ऐसा करने वाले भारत के चौथे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ के क्लब में जगह बना ली। पुजारा ने नागपुर के वीसीए स्टेडियम में विदर्भ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी 2024 के तीसरे दौर में सौराष्ट्र के लिए खेलते हुए यह उपलब्धि हासिल की। पुजारा को 20 हजार रन पूरे करने के लिए 96 रन की आवश्यकता थी। उन्होंने विदर्भ के खिलाफ पहली पारी में 43 और दूसरी पारी में 66 रन बनाकर यह उपलब्धि हासिल की। पुजारा मौजूदा रणजी ट्रॉफी सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने राजकोट में झारखंड के खिलाफ नाबाद 243 रनों की पारी के साथ अपने सीजन की शुरूआत की। दूसरे मैच में हरियाणा के खिलाफ 49 और 43 रन बनाए थे।

#### पुजारा ने खेले हैं 100 से ज्यादा टेस्ट मैच

पुजारा ने भारत के लिए 103 टेस्ट मैचों में 44.36 की औसत से 7195 रन बनाए हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कुल मिलाकर उनके नाम 61 शतक और 77 अर्द्धशतक हैं। पुजारा की 66 रन की पारी ने सौराष्ट्र को नागपुर की चुनौतीपूर्ण पिच पर विदर्भ के सामने एक मजबूत लक्ष्य रखने में मदद की। विश्वरंज सिंह जडेजा ने सर्वाधिक 79 रन बनाए। वहीं, सलामी बल्लेबाज केविन जीवराजानी ने 57 रन बनाए। इससे सौराष्ट्र ने 244 रन बनाकर विदर्भ को अंतिम पारी में 373 रन का लक्ष्य दिया। सौराष्ट्र ने पहली पारी में 206 रन बनाये जिसके बाद उसने विदर्भ को पहली पारी में 78 रन पर ढेर कर दिया था।



## क्लीन स्वीप से बचा पाकिस्तान, स्पिनरों ने 5वें टी20 में दिलायी जीत

एजेंसी




**क्राइस्टचर्च।** पाकिस्तान ने गेंद से शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में क्लीन स्वीप से बचते हुए हेगले ओवल में 42 रन से जीत दर्ज की। पाकिस्तान का स्पिन आक्रमण, जो पांच मैचों की श्रृंखला में कमजोर रहा था, ने पांचवें मैच में शानदार प्रदर्शन दिखाया जिसमें मोहम्मद नवाज और इफ्तिखार अहमद ने कमान संभाली और उसामा मीर ने आदर्श बैकअप प्रदान किया। पाकिस्तान ने धीमी गति की सतह पर सही ढंग से खेले। जमान खान और नवाज ने पावरप्ले में रचिन रवींद्र (1) और फिन एलन (22) को आउट करके आदर्श शुरूआत प्रदान की। स्पिन जोड़ी को एक्शन में बुलाया गया और बीच के ओवरों के दौरान चीजों को चुस्त रखने में कामयाब रहे। रनों और गेंदों के बीच लगातार बढ़ते अंतर का दबाव कीवी बल्लेबाजों के दिमाग में बैठ गया। उन्होंने आक्रामक होकर खेलने की कोशिश की लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। हाथ में दो विकेट रहते हुए ग्लेन फिलिप्स (26) ने अपने दम पर लड़ाई जारी रखने की कोशिश की और एक चौका और फिर एक अधिकतम रन बनाकर न्यूजीलैंड को लक्ष्य तक बनाए रखा। लेकिन कप्तान शाहीन अफरीदी की गति फिलिप्स और फिर लॉकी फर्ग्यूसन से बेहतर थी जिससे उन्हें क्लीन स्वीप से बचने में मदद मिली। नवाज ने अपने चार ओवर के स्पेल में 18 रन देकर दो विकेट लिए। इफ्तिखार ने तीन विकेट के साथ खेल समाप्त किया और अपने चार ओवरों में 24 रन दिए। उनके स्पैल ने न्यूजीलैंड को 17.2 ओवर में 92 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले खेल में गेंद के साथ एक क्लिनिकल स्पैल में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 134/8 के मामूली स्कोर पर रोक दिया था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद श्रृंखला में 5-0 की हार से बचने के लिए हसीबुल्लाह खान को पदार्पण का मौका देने की पाकिस्तान की कोशिश को अपेक्षित पुरस्कार नहीं मिला। टिम साउदी ने खेल के पहले ही ओवर में हसीबुल्लाह को तीन गेंदों पर शून्य पर आउट कर दिया। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम 24 गेंदों में 13 रन की अपनी पारी के दौरान शानदार दिखे। लेग स्पिनर ईश सोढ़ी के हाथों अपना विकेट गंवाने से पहले उन्होंने गैप हासिल करने के लिए संघर्ष किया और सिंगल लेने के लिए हवा में शॉट्स मारे। उन्हें दो जीवनदान मिले और मार्क चैपमैन ने दोनों मौकों पर कैच छोड़ा। लेकिन बाबर उन मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रहे जो उन्हें मिले थे। मोहम्मद रिजवान ने इतनी ही गेंदों में 38 रन का योगदान दिया। फखर जमान के मनोरंजक 33 रन ने उन्हें चार अधिकतम स्कोर और एक चौका दर्ज करते हुए देखा। 19वें ओवर में अब्बास अफरीदी ने मैट हेनरी के ओवर में गेंद को दो बार स्टैंड में भेजकर मेन इन ग्रीन का स्कोर 134/8 कर दिया।

### कुश्ती : रवि कुमार दहिया ने ग्रैंड प्रिक्स डी फ्रांस 2024 में जीता कांस्य पदक

**नीस।** टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता रवि कुमार दहिया ने ग्रैंड प्रिक्स डी फ्रांस हेनरी डेग्लेन 2024 कुश्ती टूनार्मेंट में कांस्य पदक जीता है। फ्रांस के नीस में पुरुषों के 61 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में भारत के स्टार पहलवान रवि दहिया ने कजाकिस्तान के कैरात अमिरतायेव के खिलाफ 10-4 से जीत दर्ज की। दहिया पहले मिनट में 2-4 से पिछड़ गए लेकिन उन्होंने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए मुकाबला जीत लिया। इससे पहले दहिया ने 16वें राउंड में तकनीकी श्रेष्ठता (13-2) के आधार पर जर्मनी के जूलियन जन्सिर को हराया, उसके बाद क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान के जंगार काबिलबेकोव को 12-6 से हराया। हालाकि, भारतीय पहलवान को सेमीफाइनल में फ्रांस के अरमान एलॉयन के खिलाफ 6-3 से हार का सामना करना पड़ा और वह कांस्य पदक मुकाबले में पहुंच गए। उल्लेखनीय है कि रवि कुमार दहिया ने आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय मंच पर 2022 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा की थी। फरवरी में अभ्यास के दौरान उनके दाहिने घुटने में चोट लगने के बाद उन्हें अप्रैल 2023 में एशियाई चैंपियनशिप से बाहर कर दिया गया था। जुलाई 2023 में एशियाई खेलों के लिए राष्ट्रीय ट्रायल के दौरान रवि कुमार दहिया की चोट बढ़ गई और उन्हें शेष वर्ष अभियान से बाहर होना पड़ा।